धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ





आज बाल दिवस

## न्यूज डायरी

### रामगढ़ में सड़क हादसा तीन युवकों की मौत

रामगढ़। मांडू थाना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सोमवार को एक सड़क हादसे में सीन यवकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइस से जन्मदिन की पार्टी मनाकर घर लौट रहे थे। मृतकों में राजू साव का पुत्र करण कुमार(19), कुलदीप साव का पुत्र रोहित कुमार (20) और लालदेव करमाली का I पुत्र रौनक करमाली (19) शामिल हैं।

### न्यूजीलैंड से दो-दो हाथ करने मुंबई टीम इंडिया

मुंबई। विश्व कप में टीम इंडिया ने लीग स्टेज में शानदार प्रदर्शन में 9 में से 9 मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। 15 को अब सेमीफाइनल में टीम इंडिया का मुकाला न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय टीम मुंबई पहुंच गयी है। वानखेड़े स्टेडियम में 15 को दोपहर 2 बजे से मैच होगा। केन विलियमसन की टीम से दो-दो हाथ करेगी। वानखेड़े रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव का होम ग्राउंड है।

### बिहार के कैमूर में डूबने से पांच बच्चों की मौत

कैमूर। बिहार के कैमूर में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गयी। हादसा नहाने के दौरान हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव के ही तालाब में 5 बच्चों की डूबकर मौत हो गयी। सभी बच्चे तालाब के पास खेलने के लिए पहुंचे हुए थे। तभी हादसे की सूचना मिली। तालाब में जाल डाल शव बाहर निकाला गया।

### टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में सोमवार को सुबह टीएमसी के एक नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। विरोध में लोगों हमलावर को पीट-पीटकर मार डाला। एक अधिकारी ने बताया कि जॉयनगर इलाके में बामुंगाची के तृणमूल कांग्रेस क्षेत्र अध्यक्ष सैफुद्दीन लस्कर की उनके घर के पास कुछ बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। लोगों ने बताया कि लस्कर के समर्थकों ने कथित हमलावरों में से एक को पकड़ लिया और पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## आज आयेंगे पीएम, राजभवन में रात्रि विश्राम, कल जायेंगे खूंटी

# बिरसा मुंडा जयंती पर करोड़ों की सौगात

- खूंटी जाने से पहले पुरानी जेल स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पीएम मोदी अब 14 नवंबर की शाम को ही रांची पहुंच जायेंगे। राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। 15 को राज्य स्थापना दिवस के दिन खूंटी के उलिहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली जा कर उन्हें नमम करेंगे। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनका स्वागत करेंगे। 15 को सुबह खूंटी जाने से पहले पुरानी जेल स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर वे विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के समग्र विकास को लेकर 24,000 करोड़ रुपये की योजना की शुरुआत करेंगे। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय उत्सव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा पीएम मोदी ने ही की थी। पीएम के रांची और खूंटी दौरे के ले कर सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद की जा रही है। एसपीजी की टीम रांची पहुंच चुकी है। प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयीं हैं।

**भगवान बिरसा मुंडा म्यूजियम जायेंगे :** 15 को सुबह 9 बजे के बाद पीएम मोदी पुराना जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा म्यूजियम जायेंगे। वहां करीब 20 मिनट तक रहेंगे। फिर एयरपोर्ट हेलीकॉप्टर से भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी स्थित उलीहातू के लिए रवाना होंगे। पीएम के दौरे को ले कर बिरसा मुंडा स्मृति पार्क को पूरी तरह से सजाया जा रहा है। अंग्रेजों के खिलाफ देश के लिए जंग लड़ने वाले भगवान बिरसा मुंडा ने जेल की जिस कोठरी में अंतिम सांसें लीं थी, पुरानी जेल के बैरक नंबर 4 को देखेंगे। इसे देखते हुए मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, पंचायती राज विभाग के सचिव राजीव अरुण एक्का समेत अन्य अधिकारियों ने सोमवार की शाम पुरानी जेल में तैयारियों का जायजा लिया।



### पीवीटीजी के लिए 24 हजार करोड़ की योजना

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाये जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम झारखंड में पीवीटीजी विकास मिशन योजना की शुरुआत करेंगे। पीवीटीजी के कायाकल्प को लेकर 24 हजार करोड़ की योजना की सौगात देंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने झारखंड के धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायेजाने की घोषणा की थी। कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पीएम मोदी का संबोधन होगा। खूंटी से पीएम हेलीकॉप्टर से ही रांची एयरपोर्ट आयेंगे और फिर विशेष विमान से दिल्ली लौट जायेंगे।

### रांची में प्रधानमंत्री का रात्रि विश्राम दूसरी बार

साल 2019 के बाद यह दूसरा मौका होगा, जब पीएम मोदी रांची के राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। इससे पहले वह 24 अप्रैल 2019 को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रांची आये थे। तब उन्होंने एयरपोर्ट से बिरसा चौक तक रोड शो और बिरसा चौक पर भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। लेकिन बिरसा चौक से राजभवन जाते वक्त उनकी गाड़ी के भीतर की लाइट जल रही थी। उस दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का उन्होंने हाथ जोड़कर अभिवादन किया था।

### उलिहातू जानेवाले पहले पीएम मोदी

वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मोदी आजाद भारत के पहले पीएम हैं जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। पार्टी कार्यकर्ता पीएम मोदी के आगमन को यादगार बनाने में जुटे हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे

खूंटी में पीएम मोदी करीब ढाई घंटे तक रहेंगे। यहां ट्राइबल प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे, साथ ही ट्राइबल एचीवर्स से बात करेंगे। इसके आलावा वे भगवान बिरसा मुंडा की धरती से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। खूंटी के बिरसा कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। इसके बाद पीएम भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जिला स्थित उलिहातू के लिए रवाना होंगे। उलिहातू में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। बाद में पीएम भगवान बिरसा मुंडा के परिजनों के साथ बातचीत करेंगे।

**सभी तैयारियां पूरी :** अब तक की जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी विशेष विमान से रात्रि 9 बजे रांची पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से राजभवन जाते वक्त सड़क के दोनों ओर पार्टी कार्यकर्ता और आम लोग जुटेंगे और उनका अभिवादन करेंगे। एक तरह से इसे रोड शो भी कहा जा सकता है। राजभवन तक जाने वाली सड़क के डिवाडर का रंग रोगन किया जा रहा है। उनके स्वागत के लिए जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगाये गये हैं।

**हाई लेवल मीटिंग :** दौरे की खबर मिलते झारखंड मंत्रायल में हाई लेवल मीटिंग हुई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीजीपी, गृह सचिव, एडीजी अभियान, आईजी अभियान सहित कई आला अधिकारी शामिल थे। रांची में पीएम के रोड शो, एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

## टनल में फंसे 40 लोगों को बचाने का काम अंतिम चरण में

# झारखंडी श्रमिकों की मदद के लिए सीएम ने भेजी टीम

- सभी सुरक्षित, हवा समेत भोजन-पानी पहुंचाया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। उत्तरकाशी में दिवाली के दिन यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर धंसी निमार्णाधीन सुरंग में फंसे सभी 40 लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीम दूसरे दिन भी जुटी है। इनमें झारखंड के भी 15, बिहार के 4 और यूपी के भी आठ श्रमिक हैं। राहत की बात है कि सभी सुरक्षित हैं। उनके पास खाने और पीने का सामान पहुंचाया गया है। सुरक्षित निकासी को ले पीएम मोदी ने भी उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से बातचीत की। उन्होंने केंद्रीय एजेसियों को भी राहत बचाव में मदद करने का निर्देश दिया गया है। एनडीआरएफ अधिकारियों ने कहा, हमें उम्मीद है हम उन्हें शीघ्र सुरक्षित निकालने में सफल हो जायेंगे। इधर, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने राहत और बचाव में मदद करने के लिए अधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम वहां भेजी है। सीएम श्री सोरेन के निर्देश के बाद उत्तराखंड के निर्माणाधीन टनल में हुए हादसे में झारखंड के श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए तीन सदस्यीय टीम उत्तराखंड रवाना हो गयी है।

(शेष पेज 11 पर)



**दिवाली के दिन हुआ हादसा :** रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेट करमवीर सिंह भंडारी ने बताया कि कहा कि अब तक दस से पंद्रह मीटर की खुदाई हो चुकी है। अंदर जितने भी लोग है वो सभी सुरक्षित हैं। हम उन्हें बाहर निकालने में लगे हैं और शीघ्र निकाल लेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक टनल की शुरुआत से दो सौ मीटर अंदर तक सारा प्लास्टर वगैरह का काम हो रखा है, लेकिन आगे प्लास्टर नहीं हो पाया है। वहां पर जो मशीन लगी हुई है उसकी वजह से मलबा भी ऊपर से नीचे कर रहा है। हम पाइपलाइन के जरिये वॉकी टॉकी से फंसे हुए लोगों से संपर्क में हैं। पंद्रह से बीस मीटर तक मलबा हटाया जा चुका है। इसे हटाने में कितना समय लगेगा ये कहना मुश्किल है। मलबा हटाने के लिए वजह से ऊपर से मलबा गिर रहा है, इसलिए साइड में पैच बनाकर अंदर जाने की कोशिश की जा रही है।

### हैदराबाद के इमारत में अगलगी से नौ की मौत

हैदराबाद। सोमवार को एक बहुमंजिला इमारत के गोदाम में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी। सात मजदूरों ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया। ये मौतें जलने और दम घुटने से हुई। यह घटना नामपल्ली के बाजारघाट इलाके में स्थित चार मंजिला इमारत में सुबह करीब 9.35 बजे हुई। हादसे में छह लोग घायल हैं, जिन्हं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका से बचाव अभियान जारी है। 21 लोगों को बचा लिया गया है। सरकार की ओर से मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख मुआवजा देने की घोषणा की गयी है।






## सीएम कल देंगे अबुआ आवास समेत कई योजनाओं की सौगात

### राज्य स्थापना दिवस पर लोगों के लिए करोड़ों की योजनाओं की होगी शुरुआत

उदय चौहान

रांची। राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर) कई मायनों में आम जनता के लिए खास है। इस दिन ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में आयोजित समारोह में हेमंत सरकार आम जनता के लिए राज्य का खजाना खोलेगी। सीएम अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना समेत कई योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। अधिकारियों को सीएम ने आवश्यक निर्देश दिया है। 15 नवंबर को ही सीएम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ करेंगे। सीएम ने राज्य स्थापना दिवस समारोह में लॉन्च की जाने वाली नीतियों, योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, परिसंपत्ति वितरण और अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक विजन के अनुरूप सभी कार्यक्रम तय किये जायें।

(शेष पेज 11 पर)

### 15 से 29 तक चलेगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ होगा। यह सरकार का एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। दो बार इसका आयोजन हो चुका है। इसके काफी सकारात्मक परिणाम मिले हैं। इस दौरान आयोजित शिविरों में लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ है। ऐसे में इस अभियान का तीसरा चरण सफलतापूर्वक आयोजित हो। लोगों को उनका अधिकार मिले, यह सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की आवाज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिये। दूरस्थ और दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं का हर हाल में लाभ मिले। उन्होंने कहा कि लोगों को यह अहसास होना चाहिए कि यह सरकार उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उस दिशा में तेजी से काम कर रही है।




## आज रात रांची पहुंचेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

# पीएम की सुरक्षा का जिम्मा छह आइएएस और पांच आइपीएस अधिकारी के हवाले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची-खूंटी दौरे पर सुरक्षा को लेकर झारखंड सरकार की तरफ से कार्यक्रम स्थलों पर 6 आईएएस और 5 आईपीएस प्रतिनियुक्त किए गए हैं। ऐसे पीएम की सुरक्षा का जिम्मा एसपीजी ने संभाल लिया है। प्रधानमंत्री का बिरसा मुंडा मेमोरियल रांची, उलीहातु खूंटी और बिरसा कॉलेज मैदान खूंटी में कार्यक्रम है। कार्यक्रमों के संचालन, प्रोटोकॉल और सुरक्षा निर्धारित मापदंड के अनुसार सभी वरीय अफसर की प्रतिनियुक्ति के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल से लेकर सारा जिम्मा एसपीजी संभालती है। रांची और खूंटी के सभी कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को लेकर एसपीजी से लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय ने मिलकर तैयारी की है। 11 नवंबर को एसपीजी की टीम में रांची एयरपोर्ट और खूंटी के दोनों कार्यक्रम स्थलों का जायजा भी लिया।



### इन अधिकारियों को मिली बड़ी जिम्मेवारी

**भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल :** आइएएस वंदना डाडेल, अजय नाथ झा, रणेंद्र कुमार और आइपीएस मुरारीलाल मीणा

**बिरसा कॉलेज मैदान खूंटी :** आइएएस कृपानंद झा और आइपीएस मनोज कौशिक

**बिरसा मुंडा का जन्म स्थल उलीहातु :** आइएएस प्रवीण टोप्पो व आइपीएस एवी होमकर

**खूंटी स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी :** आइएएस जितेंद्र सिंह और आइपीएस अखिलेश झा

**2000 पुलिस जवानों की तैनाती :** पीएम की सुरक्षा में रांची एयरपोर्ट से लेकर खूंटी तक आईपीएस, डीएसपी सहित 2000 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे। पीएम के कार्यक्रम में सुरक्षा के साथ-साथ दूसरे इंतजामों में कोई कमी न रह जाये, इसके लिए झारखंड पुलिस अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

### कार्यक्रम स्थल छह जोन में बंटा

हर जोन में सुरक्षा का प्रभार आइपीएस अधिकारियों के जिम्मे है। आपातकालीन स्थिति के लिए प्रधानमंत्री के लिए दो कारकेड की भी व्यवस्था गई है। कारकेड में बुलेट प्रूफ वाहन रहेंगे। मंच से हेलीपैड तक जाने के रास्ते को जोन पांच में रखा गया है। यह जोन नो मैंस लैंड की तरह होगा। इस रास्ते पर किसी को आने की इजाजत नहीं होगी।

### सुरक्षा घेरे में बिरसा ओड़ा

**2500 स्क्वायर फीट में बन रहा हैंगर**

**खूंटी।** प्रधानमंत्री उलिहातू के साथ-साथ खूंटी के बिरसा कॉलेज फुटबॉल स्टेडियम में भी आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री के उलिहातू और खूंटी दौरे के मद्देनजर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। जंगलों में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गयी है। बिरसा ओड़ा को भी पुलिस ने घेर लिया है। पुलिस और प्रशासन की अनुमति के बाद ही बिरसा के प्रांगण में प्रवेश की अनुमति मिल रही है। बिरसा ओड़ा के प्रांगण में 2500 वर्ग फीट के हैंगर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी प्रांगण में ही उनके वंशजों से मुलाकात करेंगे। राज्य के आला प्रशासनिक अधिकारी लगातार इलाके का दौरा कर रहे हैं।

# राज्य को कल पीएम देंगे पीवीटीजी विकास मिशन योजना की सौगात

## राज्य में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को मिलेगा लाभ

**9 मंत्रालयों के सहयोग से लागू हो रही है यह योजना**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के कायाकल्प को लेकर 24 हजार करोड़ रुपये की योजना की सौगात देंगे। बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाये जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम झारखंड में पीवीटीजी विकास मिशन योजना की शुरूआत करेंगे।

इस दौरान वह, खूंटी जिले के उलिहातू (बिरसा मुंडा का गांव) जाएंगे और उन्हें भगवान बिरसा मुंड़ा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। पीवीटीजी विकास मिशन योजना जनजातियों के सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। बताते चलें कि पीवीटीजी योजना अपनी तरह की पहली पहल होगी। पीवीटीजी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए वर्ष 2023-24 के बजट में पीवीटीजी विकास मिशन योजना की घोषणा की गयी थी। देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी हैं।

### देश के 22,544 गांवों में रहते हैं पीवीटीजी

देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी हैं। इनकी आबादी करीब 28 लाख की है। यह जातियां देश के 220 जिलों में फैले हुई हैं। यह जातियां देश के 22,544 गांवों में रहती हैं। ये जनजातियां बिखरी हुई हैं इसलिए पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सड़क और दूरसंचार संपर्क से जोड़ने, बिजली, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए यह योजना बनायी गयी है।

### पीवीटीजी विकास मिशन योजना ऐसे होगी लागू

पीवीटीजी विकास मिशन योजना को ग्रामीण सड़क, ग्रामीण आवास और पीने का पानी को कवर करने वाले मौजूदा कार्यक्रमों के तहत नौ मंत्रालयों के माध्यम से लागू किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि इन दूरदराज की बस्तियों को कवर करने के लिए कुछ योजना मानदंडों में ढील दी जाएगी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, सिकल सेल रोग उन्मूलन, टीबी उन्मूलन, 100 प्रतिशत टीकाकरण, पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम पोषण और पीएम जन धन योजना के लिए कवरेज सुनिश्चित किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### राज्य की शान हैं आशा किरण बारला : मरांडी



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में सोमवार को झारखंड की शान आशा किरण बारला और कोच आशू भाटिया का आगमन हुआ। पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इनका स्वागत किया और बधाई दी। गुमला निवासी और बोकारो में प्रशिक्षण करने वाली आशा किरण बारला ने बीते दिनों 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। श्री मरांडी ने कहा कि आशा किरण बारला पर झारखंड वासियों को गर्व है। आशा किरण बारला व कोच आशू भाटिया को बधाई और भविष्य की शुभकामनाएं दी।आशा किरण बारला 800 मीटर दौड़ में अंडर 20 महिला में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी है। कोल इंडिया ने अगले तीन साल के लिए उन्हें स्पॉन्सर किया है, जिसके तहत प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये मिलेंगे।

### कोल्हान विवि में स्थायी कुलपति की नियुक्ति जल्द

**राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलीं सांसद गीता कोड़ा**



**रांची।** झारखंड कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा सोमवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा तथा कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा में कुलपति, प्रति कुलपति सहित अन्य पदों पर स्थायी पदाधिकारियों को नियुक्त करने की मांग की। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें आश्वस्त किया की जल्द ही स्थायी कुलपति की नियुक्ति की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कोल्हान विवि के कुलपति तथा प्रति कुलपति का पद पिछले मई और जून 2023 से ही रिक्त है। फिलहाल कुलपति के प्रभार में कोल्हान आयुक्त हैं। ऐसी स्थिति में इस विश्वविद्यालय के 54 डिग्री कॉलेजों में अध्ययनरत लगभग आठ हजार विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### चित्रगुप्त पूजा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य चित्रगुप्त महापरिवार केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और संयोजक डॉ. अजीत सहाय ने मुलाकात की और मुख्यमंत्री को 15 नवंबर को केंद्रीय पूजा समिति बिहार क्लब द्वारा आयोजित चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के 61वें वर्ष के आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सहमति प्रदान की और चित्रांश समाज को 15 नवंबर को श्री चित्रगुप्त पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि प्रात: 10 .30 बजे से सामूहिक पूजन होगा और संध्या 7 बजे से महाआरती होगी।

# झारखंड में आतंकियों की तलाश में जुटी एनआइए

**हजारीबाग के रहने वाले आतंकी शाहनवाज की पत्नी व दोनों बहन की है तलाश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हजारीबाग के रहने वाला आतंकी शाहनवाज की पत्नी और दो बहनों की तलाश एनआईए कर रही है। शाहनवाज मूल रूप से हजारीबाग जिला के कटकमसांडी स्थित पेलावल रोड न्यू महमूदा हाउस का रहने वाला है। बीते दो अक्टूबर को उसे और उसके अन्य साथियों को दिल्ली की स्पेशल सेल की टीम ने गिरफ्तार किया था। जांच में खुलासा हुआ है कि उसके पास से केमिकल पदार्थ और आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला मटेरियल मिला था। शाहनवाज की पत्नी पहले हिंदू थी। उसका धर्म बदलवाकर इस्लाम कुबूल करवाया गया, उसने अपना नाम मरियम रख लिया। वह भी पति का साथ दे रही थी। फिलहाल शाहनवाज की पत्नी और बहन दोनों अंडरग्राउंड हैं, उनकी तलाश जारी है। इस मामले में एनआईए शाहनवाज को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुणे के बहुचर्चित आतंकी आईएस मॉड्यूल मामले में जांच कर रही एनआईए की महाराष्ट्र शाखा ने हजारीबाग से आतंकी शहनवाज आलम को रिमांड पर ले लिया है।

### क्या है पुणे आइएसआइएस मॉड्यूल केस

इस साल 18 जुलाई को पुणे में टू-व्हीलर चुराने के मामले में पुणे पुलिस ने शाहनवाज और मध्यप्रदेश के दो लोगों- मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस पूछताछ के लिए उन्हें उनके ठिकाने पर ले जा रही थी, तो शाहनवाज पुलिस की गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों सुफा टेररिस्ट गैंग का हिस्सा हैं।

अप्रैल 2022 में राजस्थान में एक कार में विस्फोटक मिलने के मामले में वहां की पुलिस उन्हें ढूंढ रही है। तब पुलिस ने इस मामले को पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल केस नाम दिया। इस केस में पुलिस ने तीन और आतंकियों को मोस्ट वांटेड लिस्ट में रखा था। इनके नाम हैं पुणे का तल्हा लियाकत खान और दिल्ली का रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्ला फैयाज शेख। शाहनवाज पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था और फिलहाल दिल्ली में रह रहा था। उसपर तीन लाख रुपए का इनाम था।

# धनबाद एसपी बीसीसीएल के दावे की जांच कर रिपोर्ट दें : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बीसीसीएल के सेवानिवृत कर्मी को रिटायरमेंट बेनिफिट नहीं दिए जाने मामले में दायर आवमानना याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने धनबाद एसपी को बीसीसीएल द्वारा किए गए दावे पर जांच कर रिपोर्ट दाखिल करने को का निर्देश दिया है। बीसीसीएल की ओर से कहा गया है कि सेवानिवृत्त कर्मी अनिल प्रसाद जो बीसीसीएल मेन कॉलोनी, सुदामडीह, पाथरडीह में रहते हैं, उन्होंने बीसीसीएल का आवास खाली नहीं किया है, उस आवास में उनके द्वारा खटाल चलाया जा रहा है। बीसीसीएल की ओर से क्वार्टर खाली नहीं होने के अपने दावे पर कुछ फोटोग्राफ भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में धनबाद एसपी को जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में धनबाद एसपी से पूछा है कि अनिल प्रसाद ने बीसीसीएल का क्वार्टर खाली किया है या नहीं। दरअसल, बीसीसीएल के सेवानिवृत कर्मी अनिल प्रसाद ने बीसीसीएल द्वारा उनका रिटायरमेंट बेनिफिट का भुगतान नहीं किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से कहा गया है कि उन्होंने अपना क्वार्टर खाली कर दिया है, इसके बावजूद भी उन्हें रिटायरमेंट बेनिफिट का भुगतान नहीं किया गया।

# अटल जी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना हुआ साकार : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ने अटल जी के नेतृत्व में अलग राज्य के सपनों को साकार किया। जब जब भाजपा नेतृत्व की सरकारें बनी प्रदेश में विकास के कार्य हुए, बुनियादी सुविधाएं बढ़ी, लेकिन झामुमो, कांग्रेस और राजद की ठगबंधन सरकार ने राज्य को केवल भ्रष्टाचार और घोटाले दिये। श्री मरांडी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर भी जम कर हमला बोला।

बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 को ही देर शाम रांची पहुंचेंगे। वे 15 नवंबर को सुबह भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक गाँव उलिहातु जायेंगे और उलिहातु जाकर उनके परिवार से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जो भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने भाजपा के द्वारा शुरू किए गये योजनाओं को बंद कर विकास के रास्ते बंद कर दिये। यह सरकार झारखंड में भ्र ्टाचार की जननी बन गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड निर्माण के 23 साल होने वाला है। इस 23 वर्षों में भाजपा की सरकारों ने झारखंड में विकास के कई आयाम छुने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर 2000 के पूर्व कानून व्यवस्था चौपट और उग्रवादी जंगलों में अपना ठिकाना बना रखा था। भाजपा के कार्यकाल में कानून व्यवस्था ठीक हो गया था। लेकिन जैसे ही यह सरकार बनी कानून व्यवस्था इतनी खराब हुई कि झारखंड के लोग भयभीत और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद में जितना अवैध कोयला का खनन हो रहा है। इतना कभी नहीं हुआ, व्यापारियों को धमकी मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रइस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

**बाबूलाल के बयान पर प्रतिक्रिया : सौ बार झूठ बोलने से सच नहीं हो जाता**

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष के कारण ही बना अलग झारखंड

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कड़ा प्रहार किया है। विनोद पांडेय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी आखिर बेचैन क्यों हैं? ऐसा लग रहा है कि वे सत्ता में नहीं रहने की बौखलाहट में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। वे किस आधार पर ईडी की कार्रवाई नहीं होने पर कानून पर से विश्वास उठने की बात कर रहे हैं? झारखंड मुक्ति मोर्चा को भारतीय संविधान पर पूरा विश्वास और भरोसा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब राजनीतिक कारणों से प्रताड़ित करने की कोशिश की गई तो वे कानून की शरण में गए। अब उसी मुताबिक फैसले पर वे आगे बढ़ेंगे, लेकिन बाबूलाल मरांडी जैसे नेता अब जबरदस्ती केंद्रीय एजेंसियों पर दबाव बनाने में लगे हैं। यह इनकी हताशा को दर्शाता है। झारखंड में भाजपा जब जनता की अदालत में बुरी तरह हार गई तो हथकंडे अपनाकर सत्ता में वापसी का सपना देख रही है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है, वहां के नेता बेचैन हैं। ऐसे राज्यों में सरकार को अस्थिर करने के लिए सारे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

विनोद पांडेय ने आगे कहा कि भाजपा और आरएसएस झूठ को सौ बार बोलकर सच में बदलने की कोशिश करती है। इसी सोच के तहत बार-बार भाजपा अलग झारखंड राज्य का श्रेय लेती है। पूरी दुनिया जानती है कि यह राज्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख दिशोम गुरु शिबू सोरेन के लंबे संघर्ष और सैकड़ों शहीदों की देन है। अलग राज्य के लंबे संघर्ष के कारण तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति दी। भाजपा खुद अपना पीठ थपथपाना छोड़े। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा की जमीन खिसक गई है। अगले चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। भाजपा को एक आदिवासी मुख्यमंत्री पच नहीं रहा है। भाजपा के शासनकाल में झारखंड पीछे चला गया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# पीएम नमो का रांची के दस स्थानों पर होगा स्वागत : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में सोमवार को बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय झारखंड दौरे पर स्वागत से संबंधित तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक में जानकारी दी गयी कि पीएम का राजधानी के दस स्थानों पर स्वागत होगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के लिए 15 नवंबर स्वर्णिम दिवस है। यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन है, झारखंड का जन्मदिन है और राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस भी है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को एक साथ कई त्योहार हैं। इस त्योहार को झारखंड वासियों और खासकर जनजातीय भाई-बहनों के साथ उत्सव मनाने प्रधानमंत्री मोदी आ रहे हैं। यह झारखंड वासियों केलिये सौभाग्य की बात है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि झारखंड में उत्सव का वातावरण है ऐसे में विश्व के सर्वमान्य नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आ रहे हैं। उत्सवों में जनता के बीच रहना उनका स्वभाव है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक कुल 10 स्थानों पर कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जायेगा। सर्वप्रथम एयरपोर्ट से बाहर कपूर्री ठाकुर चौक हीनू में हीनू, हिंदपीढ़ी, डोरंडा और नामकुम मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। इस स्थल के प्रभारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा हैं। बिरसा चौक के प्रभारी विधायक नवीन जायसवाल हैं। जिनके साथ हटिया, धुर्वा, जगन्नाथपुर मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। अरगोड़ा चौक पर सांसद संजय सेठ के साथ पंडरा और अरगोड़ा मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।

भाजपा मुख्यालय के पास महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के साथ महिला मोर्चा की बहनें स्वागत करेंगी। हरमू चौक पर प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के साथ हरमू मंडल और प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। सहजानंद चौक पर प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव एवं संदीप वर्मा के साथ चुटिया मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। किशोरगंज चौक पर विधायक सीपी सिंह के साथ किशोरगंज और पहाड़ी मंदिर के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। रातु रोड चौराहे पर सुखदेव नगर मंडल के कार्यकर्ता प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय के साथ स्वागत करेंगे। एलपीएन शाहदेव चौक पर विधायक समरी लाल के साथ गोंदा और कांके मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। मछलीघर के पास रणधीर वर्मा तिराहा पर संजीव विजयवर्गीय के साथ अपर बाजार, लालपुर, कोकर, लोअर बाजार और बरियातू मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर राज्य की सांस्कृतिक पहचान नृत्य संगीत मंडली के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।

## परिवहन विभाग की अधिसूचना जारी, विश्वविद्यालयों के वीसी को भी बोर्ड लगाने की अनुमति

# डीटीओ, डीएमओ, बीडीओ-सीओ के साथ-साथ नगर निकायों के अध्यक्षों को भी सरकारी वाहन पर बोर्ड लगाने की होगी अनुमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने वन सेवा और वाणिज्यकर सेवा के अधिकारियों समेत पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को वाहनों में बोर्ड, पट्ट, नेम प्लेट इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। सरकार के स्तर पर सरकारी वाहनों में बोर्ड, पट्ट का प्रयोग करने के लिए परिवहन विभाग की 10 मार्च 2021 की अधिसूचना और गाइडलाइन में संशोधन किया है। इसके तहत अधिसूचना की कंडिका-4 में पुलिस महानिरीक्षक के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक को जोड़ा गया है। वहीं, आरक्षी अधीक्षक के बाद अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उप वन संरक्षक, उप निदेशक, प्रबंध निदेशक, महाप्रबंधक, प्रमंडलीय प्रबंधक, अध्यक्ष तथा सदस्य सचिव झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को जोड़ा गया है। वहीं, प्रवर्तन पदाधिकारी स्तंभ में वन क्षेत्र पदाधिकारी, राज्य कर अपर आयुक्त, राज्य कर संयुकत आयुक्त, राज्य कर उपायुक्त को जोड़ा गया है। अध्यक्ष कर्मचारी चयन आयोग के बाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्गों के लिए राज्य आयोग जोड़ा गया है। अधिसूचना में शेष बिंदुओं को यथावत रखा गया है। इसे लेकर परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा ने कहा कि अधिसूचना जारी कर दी है। पूर्व की अधिसूचना में इन अधिकारियों को नेम प्लेट लगाने की अनुमति नहीं थी, लेकिन राज्य सरकार की सहमति के बाद अब ये वाहनों में नेम प्लेट लगा सकेंगे।

### ऐसा होगा वाहनों पर लगनेवाले बोर्ड

किसी भी परिस्थिति में नेम प्लेट होने पर निबंधन नंबर ढंका नहीं होना चाहिये। नेम प्लेट का आकार 18 गुना छह इंच से अधिक नहीं होना चाहिये। विधायिका के लिए हरा, न्यायपालिका, वैधानिक आयोग, कार्यपालिका और केंद्रीय कार्यालय के लिए लाल ओर विधि व्यवस्था संधारण व प्रवर्तन पदाधिकारी के लिए नीला रंग का बोर्ड लगाना होगा। जारी अधिसूचना में वैसे वाहनों और अधिकारियों की सूची है, जो गाड़ी के आगे नंबर प्लेट लगा सकते हैं। वहीं, भारत सरकार के मंत्रालय के वैसे अधिकारी जो राज्य में पदस्थापित हैं, उन्हें संबंधित विभाग, सरकार से अनुमति लेनी होगी। अनुमति मिलने के बाद ही वे बोर्ड लगा सकते हैं।

### इन्हें है बोर्ड लगाने की अनुमति

**विधायिका प्राधिकार :** राज्यपाल, सीएम , विधानसभा अध्यक्ष, विस उपाध्यक्ष अगर कोई हो, विपक्षी दल के नेता, कैबिनेट मंत्री, उप मंत्री का दर्जा प्राप्त पद, झारखंड के लोकसभा, राज्यसभा व राज्य विधानसभा के सदस्यगण, झारखंड विधानसभा की समितियों के सभापति, सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक, मान्यता प्राप्त विपक्षी दल के मुख्य सचेतक, पंचायती राज व्यवस्था के सभी स्तर के अध्यक्ष व विभिन्न नगर निकायों के अध्यक्ष, राज्य अतितिथियों के उपयोग में लाये जाने वाले वाहन, कैबिनेट विभाग स्वयं भी वाहनों में बोर्ड लगाने संबंधी निर्णय ले सकता है। हाइकोर्ट के अतिरिक्त न्यायालयों के सक्षम प्राधिकारों को सरकारी वाहनों के आगे बोर्ड लगाने के लिए हाइकोर्ट की अनुमति लेनी होगी।

**वैधानिक आयोग :** जेपीएससी, राज्य कर्मचारी चयन आयोग, राज्य सूचना आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव, राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष, राज्य विधि आयोग अध्यक्ष, राज्य नि:शक्ता आयुक्त, विवि कुलपति

**केंद्रीय कार्यालय जो राज्य में है :** प्रधान महालेखाकार , मुख्य आयकर आयुक्त, मुख्य आयुक्त, जीएसटी, रक्षा लेखा नियंत्रक। **विधि व्यवस्था संधारण प्राधिकारी :** डीडीसी, अपर समाहर्ता, अपर उपायुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी, रांची व धनबाद। अपर पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीओ ,सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ व सीओ भी बोर्ड लगा सकेंगे। **प्रवर्तन पदाधिकारी :** उप परिवहन आयुक्त सह सचिव क्षेत्रिय परिवहन प्राधिकार, सभी डीटीओ, मोटरयान निरीक्षक, संयुकत आयुक्त उत्पाद, उत्पाद आयुक्त, सहायक आयुक्त व उत्पाद अधीक्षक, सभी जिला खनन पदाधिकारी व सहायक खनन पदाधिकारी।

# दीपावली पर आतिशबाजी का वायुमंडल पर पड़ा खराब असर, रांची की एयर क्वालिटी इंडेक्स में आयी गिरावट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दीपावली पर पूरे झारखंड सहित राजधानी रांची में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। जिसका दुष्प्रभाव वातावरण पर पड़ा है। आतिशबाजी से दीपावली की अगली सुबह यानि 13 नवंबर की अहले सुबह आसमान काला नजर आया। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार इस वर्ष ध्वनि प्रदूषण सबसे ज्यादा देखने को मिला। ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा पूरी रांची को तीन जोन में बांटा गया था। जिसमें साइलेंस एरिया, कमर्शियल एरिया और रेसिडेंशियल एरिया बनाए गए थे।

**साइलेंस एरिया में सबसे अधिक ध्वनि प्रदूषण :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इस बार सबसे ज्यादा ध्वनि प्रदूषण साइलेंस एरिया में ही हुआ है। साइलेंस एरिया में रांची के बरियातू स्थित रिम्स के पास मेडिकल चौक को सम्मिलित किया गया था, लेकिन साइलेंस एरिया में दीपावली के दिन ध्वनि का लेवल 52.8 डेसीबल सुबह से दोपहर के समय में रहा तो वहीं देर रात 55.6 डेसीबल ध्वनि का लेवल मापा गया जबकि मानक के अनुसार साइलेंस एरिया में सुबह के समय ध्वनि 50 डेसीबल होना चाहिए और शाम के समय में 40 डेसीबल होना चाहिए। झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा जारी किए गए आंकड़े में साइलेंस एरिया में ध्वनि प्रदूषण का लेवल मानक से ज्यादा रहा।

**रेसिडेंशियल एरिया में ये रही ध्वनि प्रदूषण की स्थिति :** रिहायशी और रेसिडेंशियल एरिया की बात करें तो जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार दिन के समय में 64.8 डेसीबल ध्वनि का लेवल मापा गया तो वहीं रात में 67.9 डेसिबल ध्वनि का लेवल रहा। मानक के अनुसार रिहायशी और घरेलू क्षेत्र में दिन के समय में 65 डेसीबल ध्वनि लेवल होना चाहिए, जबकि देर शाम के समय में 55 डेसिबल ध्वनि का लेवल होना चाहिए।

**व्यवसायिक एरिया में भी ध्वनि प्रदूषण तय मानक से अधिक :** रांची के व्यवसायिक क्षेत्र में अल्बर्ट एक्का चौक, लालपुर चौक और रातू रोड चौक को शामिल किया गया था। जारी रिपोर्ट के अनुसार इन क्षेत्रों में मानक से काफी ज्यादा ध्वनि प्रदूषण देखा गया। औद्योगिक क्षेत्र में दिन और रात के समय में 80 से 82 डेसिबल ध्वनि का लेवल देखा गया, जबकि इन क्षेत्रों में 75 से 70 डेसिबल मानक के अनुसार ध्वनि का लेवल होना चाहिए।

# दीपावली के साथ झारखंड में ठंड ने दी दस्तक, छठ में नहीं होगी बारिश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिवाली बीतने के साथ ही झारखंड में ठंड ने दस्तक दे दी है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। आने वाले दिनों में भी तापमान में गिरावट के संकेत मिल रहे हैं। सोमवार सुबह रांची समेत कई शहरों में कोहरा छाया रहा। लोगों ने अपने ठंड के कपड़े निकाल लिये हैं। कहीं कहीं कुछ लोग हाल्फ स्वेटर में दिखे तो कहीं-कहीं लोग फुल स्वेटर में भी दिखे।

मौसम केंद्र रांची के मुताबिक अगले पांच दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है। ऊपरी स्तर पर शुष्क और ठंडी हवा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। अगले पांच दिनों में अनुमानित न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है। 15 नवंबर को रांची में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव के आसार नहीं हैं, जबकि न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

**छठ के दौरान मौसम का मिजाज**

17 नवंबर से छठ महापर्व की शुरू हो रहा है। शुक्रवार को नहाय खाय है। इस दिन अधिकतम तापमान में मामूली कमी का अनुमान हैं। इस दिन अधिकतम 26 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक रह सकते हैं। खरना के दिन शनिवार को अधिकतम 28 डिग्री और न्यूनतम 16 डिग्री रह सकते हैं। संध्या अर्घ्य के दिन रविवार को अधिकतम 26 और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक रहने का अनुमान है।

# हिंदपीढ़ी स्थित फल के गोदाम और गुरुद्वारा के पास मकान में लगी आग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेन रोड में गुरुद्वारा के पास मकान में आग बुझाता दमकलकर्मी।

**रांची।** हिंदपीढी थाना क्षेत्र की तंग गलियों से गुजरने वाली मंटू चौक और बंसी चौक के बीच एक गोदाम में कल रात अचानक आग लग गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जहां आग लगी, उस गोदाम में सब्जी, फल वगैरह रखा जाता था। जहां पर प्लास्टिक का कैटरर भी रखा गया था। चिंगारी गिरने से प्लास्टिक में आग धीरे-धीरे पकड़ ली और देखते-देखते आग भयावह रूप ले लिया। इतना भयानक आग की लपटें उठने लगीं। कई लोग बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे, फिर फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी। हालांकि आधा घंटा लेट से तंग गलियों में काफी मशक्कत से फायर ब्रिगेड गाड़ी को घुसने का मौका मिला।

उधर, मेन रोड गुरूद्वारा के समीप एक मकान में आग लग गयी थी। मौके पर दमकल की दो गाड़ी वहां पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। आग से कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है।

## पटाखों से बीस से अधिक लोग जले

**रांची।** दिवाली की रात पटाखों से जले करीब 20 से अधिक मरीज रांची के रिम्स सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। रिम्स में पांच मरीज गंभीर रूप से जले हुए भर्ती हैं। वहीं अन्य मरीज निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। इसके अलावा रांची के अस्पतालों में देर रात 30 से 35 मरीज झुलसे हुए पहुंचे थे। जिन्हें प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। सबसे अधिक मरीज अनार से जले हुए थे। देवकमल अस्पताल के संचालक डॉ अनंत सिन्हा ने बताया कि उनके अस्पताल में भी चार मरीज गंभीर रूप से भर्ती हैं। हालांकि उन्होंने बताया कि किसी भी मरीज को जान का खतरा नहीं है। रिम्स में भर्ती पांचों मरीज की स्थिति खतरे से बाहर हैं।

**पिछले साल के मुकाबले आधे से कम पहुंचे मरीज :** डॉ अनंत सिन्हा ने बताया कि पिछले साल सिर्फ उनके अस्पताल में 70 से अधिक मरीज पहुंचे थे। वहीं इस बार सिर्फ पंद्रह से बीस मरीज ही अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने साथ ही बताया कि जागरुकता के कारण इस बार कम मरीज पहुंचे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अधिकतर मरीज इस बार जलने के बाद सिर्फ नल के पानी से धोकर पहुंचे थे। सिर्फ दो चार मरीज ही पेस्ट सहित अन्य चीजें लगाकर अस्पताल पहुंचे थे।

## पीएम मोदी के झारखंड आगमन पर रांची नगर निगम की तैयारी जोरों पर

# राजधानी हो रही चकाचक, सफाई कार्य समय पर होंगे पूरे : प्रशासक

### एयरपोर्ट से राजभवन तक मार्ग में सुरक्षा चाक-चौबंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को रांची आयेंगे। इसे देखते हुए रांची नगर निगम के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पेड़ों की छंटाई, प्रकाश की उचित व्यवस्था, पोल एवं दीवारों का रंग-रोगन, चौक-चौराहों का रंग-रोगन, खुली नालियों पर स्लैब की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव इत्यादि कार्य किया जा रहा है। इस संदर्भ में सोमवार को प्रशासक अमित कुमार के द्वारा एयरपोर्ट रोड, हीनू चौक, बिरसा चौक, बाईपास रोड, हरमू रोड होते हुए न्यू मार्केट चौक तथा राज भवन के साथ-साथ अन्य मुख्य पथों की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसमें उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पथों की समय पूर्व सफाई सुनिश्चित करें। इस क्रम में उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की सफाई और शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने इंफोर्समेंट शाखा के पदाधिकारियों को नो वेंडिंग जोन की दुकानों को हटवाने तथा सड़क किनारे लगातार अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हॉटिकल्चर शाखा को शहर के सभी मुख्य मार्गों और शहर व्यापी बागवानी पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। मौके पर अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य थे।

### बिरसा मुंडा संग्रहालय में सुरक्षा चाक चौबंद



नगर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि पीएम के दौरे को लेकर तैयारी पूरी की जा रही है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बिरसा मुंडा संग्रहालय में सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। संग्रहालय के अंदर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पीएम के आगमन के समय यहां 500 से अधिक जवानों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अलावे जिला प्रशासन के दो दर्जन से अधिक अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है।

### पीएम मोदी के दौरे को लेकर रांची डीटीओ ने स्कूलों से मांगी बसें

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज और कल के रांची-खूंटी दौरे को लेकर रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने स्कूलों से बसों की मांग की है। पत्र में रांची डीटीओ ने लिखा कि उलिहातू व खूंटी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को लाने व ले जाने के लिए वाहनों की जरूरत है। उन्होंने सभी स्कूलों से दोपहर तीन बजे तक खूंटी जिला मैदान में बस लगाने को कहा है। साथ ही सभी स्कूलों से बस चालक और खलासी का भी ब्यौरा मांगा गया है।

**एयरपोर्ट से राजभवन तक रोड शो**

प्रधानमंत्री 14 नवंबर को रात आठ बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद राजभवन तक रोड शो करेंगे। 15 नवंबर को प्रधानमंत्री बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

# सदर अनुमंडल के अंतर्गत संपूर्ण रांची नगर निगम क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ द्वारा दिनांक 15 नवंबर को मोरहाबादी मैदान से रैली के रूप में चल कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव एवं नंग-धड़ंग प्रदर्शन की सूचना है। वहीं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती एवं झारखण्ड स्थापना दिवस के क्रम में कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राँची परिदर्शन भी संभावित है। उक्त घेराव-प्रदर्शन एवं अन्य इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी काम-काज में व्यवधान उत्पन्न होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बाधित होने एवं विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा लोक परिशांति भंग होने की संभावना है। इस आलोक में अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर राँची ने धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रांची सदर अनुमंडल अंतर्गत सम्पूर्ण राँची नगर निगम क्षेत्र में निम्न प्रकार की निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

1. बिना सक्षम प्राधिकार के पूर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना (सरकारी कार्यक्रमों को छोड़कर)।
2. किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)।
3. किसी प्रकार के हरवे-हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)।
4. बिना सक्षम प्राधिकार के पूर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर)।

**यह निषेधाज्ञा दिनांक 14.11.2023 के अपराह्न 06:00 बजे से दिनांक 15.11.2023 के रात्रि 11:00 बजे तक के लिए लागू रहेगी।**

# एचइसी को बचाने के लिए वामदलों ने सीएम को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से बात करने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एचईसी बचाने के लिये वामदलों ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र सीपीआईएम, भाकपा माले, मासस, फॉरवर्ड ब्लॉक, आरएसपी की ओर से लिखा गया है। पत्र में वामदलों की ओर से अनुरोध किया गया है कि एचईसी को पूंजी और प्लांट के आधुनिकीकरण के अभाव में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि एचईसी के पास कार्यादेश का अभाव नहीं है। उत्पादन बढ़ाने के लिए आर्थिक संकट के बावजूद एचईसी ने हाल ही में इसरो के लिए चंद्रयान 3 का लांचिंग पैड तैयार किया और इतना ही नहीं आदित्य आर 1 के प्रक्षेपण में भी योगदान किया है। एचईसी संकट की स्थिति में है। कई इस्पात कारखानों और रक्षा उपकरण बनाने वाली इकाइयों से काफी कार्यादेश मिलने के बावजूद प्लांट का आधुनिकीकरण नहीं होने, किसी भी बैंक का कोई बकाया न होने के बावजूद बैंक गारंटी बंद होने और कार्यशील पूंजी के अभाव में एचईसी कार्यादेश को पूरा करने में असमर्थ है।

एचईसी मुद्दे पर सीएम के नेतृत्व में एक सर्वदलीय शिष्टमंडल को प्रधानमंत्री से मिलकर एचईसी का पुनरुद्धार किए जाने की मांग करनी चाहिए। क्योंकि प्रधानमंत्री शहीद बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। ऐसे में सीएम से अनुरोध किया कि उनकी अगुवाई में वामदलों के साथ मिलकर मामले में वार्ता की जाये।

### अधिकारियों और कर्मचारियों को है परेशानी



पत्र में जिक्र किया गया है कि एचईसी के कारण अधिकारियों समेत श्रमिकों को 18 माह से वेतन नहीं मिला है। यहां कार्यरत श्रमिकों में 80 प्रतिशत झारखंड के लोग हैं। पत्र में जिक्र है कि वहां के मजदूर संगठन एचईसी को बचाने की लड़ाई लड़ रहें। मजदूरों द्वारा आइएनडीआइए गठबंधन के समर्थन से राजभवन कूच कर राज्यपाल को भी केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। गठबंधन में शामिल झारखंड के राजनीतिक दलों द्वारा श्रमिक संघों के साथ मिलकर दिल्ली में धरना भी दिया गया। उसी दिन संसद में भी विपक्ष ने एचईसी का मुद्दा उठाया है। लेकिन केंद्र सरकार एचईसी के पुनरुद्धार के प्रति उदासीन है। ऐसे में एचईसी को बचाने के लिए सीएम को आगे आने का आग्रह किया गया है। पत्र सीपीआई के महेंद्र पाठक, सीपीआईएम प्रकाश विप्लव, मासस के हलधर महतो, फॉरवर्ड ब्लॉक के मोफिज साहिल की ओर से लिखा गया है।

### डीएमएफटी से विकास योजनाओं का होगा चयन

# रांची जिले के 239 गांवों में 16 नवंबर से विशेष ग्राम सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के 239 गांवों में विशेष तौर पर ग्राम सभा का आयोजन 16 नवंबर से होगा। 30 नवंबर तक जिले के अलग-अलग प्रखंडों और गांवों में आयोजित होने वाली इस ग्राम सभा में डीएमएफटी से विकास योजनाओं के चयन और अनुमोदन का कार्य होगा। जिन प्रखंडों के 239 गांवों को चुना गया है, वे डीएमएफटी से आच्छादित गांवों में से हैं। रांची जिला प्रशासन ने सूचना जारी करते स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा सांसद और विधायक प्रतिनिधियों तथा सोशल वर्कर्स को भी ग्राम सभा में निर्धारित डेट पर आने की अपील की है। डीडीसी, रांची तथा जिला योजना पदाधिकारी, रांची के मुताबिक अधिक से अधिक ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य की उपस्थिति से गांवों के लिए सर्वाधिक उपयोगी विकास योजनाओं के चयन और प्राथमिकता निर्धारण में मदद मिलेगी।

### इस तारीख में यहां होगी ग्राम सभा

16 नवंबर को नामकुम प्रखण्ड के करीब चार दर्जन पंचायतों में ग्राम सभा होगी। तमाड़ प्रखण्ड की तीन दर्जन पंचायत, नगड़ी की 6 पंचायत, सोनाहातु की 2, कांके की 6, रातू की 4, चान्हो की 6, राहे की 4, अनगडा की 14, ईटकी और मांडर की 4-4 पंचायतों में ग्राम सभा होगी। इसी तरह से इन प्रखंडों की अलग अलग पंचायतों में 17, 18, 19, 21 और 22 नवंबर को ग्राम सभा तय है। 23, 24, 25, 26, 28, 29 और 30 नवंबर को भी बेड़ो, खलारी, लापुंग, नगड़ी, सोनाहातु, बुण्डू, रातू, बुढ़मू, चान्हो, सिल्ली, अनगडा और ओरमांझी प्रखण्ड की अलग अलग पंचायतों में ग्राम सभा का समय निर्धारित किया गया है।

## खबर एक नजर में

### केंद्र ने रिम्स में उपलब्ध करायी मोरफिन दवा

**रांची।** रिम्स के एनेस्थीसिया विभाग की ओर से संचालित पैन एंड पैलिएटिव केयर क्लीनिक में कैंसर के मरीजों की बहु प्रतीक्षित दवा मोरफिन सरकार के द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। यह दवा कैंसर मरीजों के लिए असरदार एवं अचूक है। कैंसर विभाग के पहले तल्ले पर प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को पैन एंड पैलिएटिव ओपीडी का संचालन एनेस्थीसिया विभाग के द्वारा होता है। ओपीडी से परामर्श लेने के बाद यह दावा मरीजों को मुफ्त में मिलेगी।

### युवती ने लगायी फांसी

**रांची।** अरगोड़ा रेलवे स्टेशन स्थित कडरू बगीचा टोली में प्लस टू की छात्रा साइमा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छात्रा के परिजन घर में नहीं थे।

### महिला ने की आत्महत्या

**रांची।** खेलगांव थाना क्षेत्र के लालगंज सूर्यनगर में 25 वर्षीय महिला प्रीती कुमारी ने रविवार रात लगभग नौ बजे फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने प्रीती के ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। प्रीती अपने पीछे दो वर्षीय पुत्र एवं छह माह की एक पुत्री छोड़ गयी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कर्मचारियों के स्टडी लीव को लेकर कोल इंडिया की बैठक आज

**रांची।** कोल इंडिया प्रबंधन ने कर्मचारियों को स्टडी लीव देने को लेकर मंगलवार 14 नवंबर को मानकीकरण समिति की बैठक बुलायी है। कोल इंडिया के इस बैठक में लिये गये फैसले से बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल जैसी कोल कंपनियों के कर्मचारियों को स्टडी लीव मिलेगी। बैठक में वेतन समझौते के मुद्दों के क्रियान्वयन सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विचार किया जायेगा। वहीं, बैठक में टेक्निकल सब कमेटी का गठन किया जायेगा। जिसमें कर्मियों के प्रमोशन नीति, कैडर स्कीम सहित अन्य मुद्दों पर विचार किया जायेगा। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सदर हॉस्पिटल ने जारी किया नियुक्ति का विज्ञापन, 24 को लिया जायेगा इंटरव्यू

# बदलेगी सदर अस्पताल की व्यवस्था, बहाल होंगे 10 मेडिकल ऑफिसर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सदर अस्पताल रांची में मेडिकल ऑफिसरों के 10 पदों पर नियुक्ति होनी है। इसके अलावा स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के पद पर भी नियुक्ति होगी। इनमें फिजिशियन, एनेस्थेटिस्ट, इएनटी स्पेशलिस्ट और कार्डियोलॉजिस्ट भी शामिल हैं। सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से इस संबंध में विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक जेनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर के पद के लिए कैंडिडेट के पास एमबीबीएस डिग्री, 50 बेड वाले अस्पताल में काम करने का एक साल का अनुभव होना चाहिये। चयनित अभ्यर्थियों को हर महीने 63 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### कार्डियोलॉजिस्ट को हर माह डेढ़ लाख रुपये

फिजिशियन के लिए अभ्यर्थी के पास जेनरल मेडिसिन में एमडी और 50 बेड वाले अस्पताल में काम करने का एक साल का अनुभव जरूरी होगा। चयनित को हर माह एक लाख 5 हजार रुपये मिलेंगे। इसी तरह एनेस्थेटिस्ट, इएनटी स्पेशलिस्ट और कार्डियोलॉजिस्ट के पास संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, डिप्लोमा, 50 बेड वाले अस्पताल में काम करने का एक साल का अनुभव हो। चयनित कैंडिडेट को हर माह एक लाख 5 हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं, कार्डियोलॉजिस्ट के लिए कार्डियोलॉजी में डीएम की डिग्री और कायार्नुभव होना जरूरी होगा। उसे हर माह डेढ़ लाख रुपये मिलेंगे। इन पदों के लिए चयनित कैंडिडेट से अनुबंध के आधार पर एक साल तक सेवा ली जाएगी। इसके बाद कार्य संतोषजनक रहने पर अवधि विस्तार संभव होगा।

### दिन में 10:30 बजे से होगा इंटरव्यू

सिविल सर्जन रांची के स्तर से जारी सूचना के मुताबिक मेडिकल अफसर सहित अन्य स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के लिए सदर अस्पताल कैंपस, रांची स्थित सिविल सर्जन कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 10.30 बजे से इंटरव्यू होगा। इस दौरान इच्छुक कैंडिडेट को अपने साथ जरूरी एकेडमिक और कायार्नुभव संबंधी डाक्यूमेंट्स साथ लाने होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट का सहयोग ले सकते हैं।

# रिम्स में एक एम्बामिंग की नियुक्ति का निकला विज्ञापन

### एक साल के लिए अनुबंध पर होगी बहाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) को एक एम्बामिंग चाहिए। रिम्स की ओर से नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया गया है। यह नियुक्ति अनुबंध के आधार पर होगी। नई नियुक्ति होने तक या एक साल के लिए अनुबंध पर एम्बामर की नियुक्ति को लेकर विज्ञापन जारी किया गया है। अभ्यर्थियों से 22 नवंबर की शाम 4 बजे तक इच्छुक उम्मीदवारों से निदेशक कार्यालय में आवेदन करने को कहा गया है। आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं 500 बेड के अस्पताल में 10 साल तक एम्बामिंग का काम करने का अनुभव प्रमाण पत्र की सेल्फ अटेस्टेड छाया प्रति संलग्न करने को कहा गया है।

**क्या होगी आयू सीमा**

अनारक्षित वर्ग: 18 से 35 वर्ष

ओबीसी : 18 से 37 वर्ष

महिला (अनारक्षित ओबीसी) वर्ग : 18 से 38 वर्ष, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग: 18 से 40 वर्ष

# रिम्स में स्थायी निदेशक के लिए प्रभारी समेत रिम्स के पांच चिकित्सक दौड़ में

स्थायी निदेशक के लिए अभ्यर्थी 17 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन, दौड़ में प्रभारी निदेशक समेत डॉ सीबी सहाय और हिरेंद्र बिरूआ भी शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) को एक स्थायी निदेशक चाहिये। रिम्स की ओर से एक अदद निदेशक की तलाश शुरू हो गयी है। सब ठीक रहा तो जल्द ही रिम्स को नया और स्थायी निदेशक मिल जायेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी विज्ञापन के बाद से अब तक रिम्स निदेशक पद के लिए विभाग को 8 आवेदन मिल चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब तक प्राप्त आवेदन में दो-तीन चिकित्सक रिम्स से बाहर के हैं। वहीं पांच चिकित्सक रिम्स के ही अलग-अलग विभागों में कार्यरत हैं। स्थायी निदेशक की दौड़ में रिम्स के वर्तमान प्रभारी निदेशक डॉ. राजीव कुमार गुप्ता भी शामिल हैं। इनके अलावा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरूआ, डॉ. सीबी सहाय, डॉ. सीबी शर्मा और डॉ. पंकज बोदरा भी इस दौड़ शामिल हैं। पांचों चिकित्सकों ने रिम्स के निदेशक पद पर आवेदन के लिए स्वास्थ्य विभाग से एनओसी ली है।

**पांच माह से रिम्स में हैं प्रभार निदेशक :** बताते चले कि रिम्स में निदेशक का पद पिछले पांच माह से प्रभार में चल रहा है। रिम्स के स्थायी निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे के बाद 6 जून को नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉ. राजीव गुप्ता को निदेशक का प्रभार दिया गया था।

## आज का राशिफल 14-11-2023

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी।

**मिथुन :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान का कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

**सिंह :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**कन्या :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**धनु :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकर :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे व्यय से आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्यवसायिक का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

# प्रदूषण को बाय-बाय करने को हों एकजुट, लें शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पर्यावरण-अनुकूल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के प्रयास में और देश भर में ज्यादा प्रदूषित पटाखों के उपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने और कम उत्सर्जन और डेसीबल वाले केवल प्रदूषण रहित पटाखों की अनुमति देने के लिए हर स्तरों पर, स्विचऑन फाउंडेशन ने 'धुआं मुक्त दिवाली' थीम से एक राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान चलाया है। नागरिकों से पटाखों को न कहने की अपील की। इस पहल का उद्देश्य पटाखे फोड़ने से होने वाले प्रदूषण के प्रति जनता की संवेदनशीलता बढ़ाना है और यह बताना है कि इसका प्रभाव सिर्फ तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक होता है। पहल के हिस्से के रूप में, कई स्कूल, कॉलेज और संगठन पर्यावरण-अनुकूल दिवाली मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक साथ आए। रांची के कुछ स्कूलों में सेंट माइकल स्कूल, सेंट्रल एकेडमी स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सेवन स्टार्स एकेडमी स्कूल आदि शामिल हैं। धुआं मुक्त दिवाली अभियान का एक मुख्य आकर्षण पटाखों को न कहने की ऑनलाइन प्रतिज्ञा थी। पटाखों को न कहने की शपथ लेने के लिए लगभग 1000 संबंधित नागरिक ऑनलाइन एकत्र हुए। वायु प्रदूषण को कम करने और हमारे पर्यावरण की रक्षा करने की सामूहिक प्रतिबद्धता एकता की शक्ति का एक प्रेरक प्रमाण थी स्विचऑन फाउंडेशन के एमडी विनय जाजू ने कहा, रोशनी के त्योहार के इस अवसर पर मैं सभी से सुरक्षित रूप से त्योहार का आनंद लेने और हरित स्वच्छ दिवाली के महत्व को समझने की अपील करता हूं। अन्य पहलों में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिससे बच्चों और युवाओं को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने और धुआं-मुक्त दिवाली के लिए समर्थन करने का मौका मिला। राज्य भर में कई स्कूलों और कॉलेजों ने धूम्रपान मुक्त दिवाली अभियान में भाग लिया। शानदार रंगोली डिजाइनों से लेकर जटिल रूप से चित्रित दीयों, हार्दिक कविताओं और पर्यावरण-अनुकूल त्योहार का संदेश देने वाले शक्तिशाली पोस्टरों तक, प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। नागरिकों को प्रदूषण मुक्त और सुरक्षित त्योहारी सीजन मनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए वायु प्रदूषण के खतरे की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए साइकिल समूह 'रोशनी के साथ साइकिल' थीम के तहत अपनी रोशनी वाली साइकिल के साथ सड़कों पर उतरे। लगभग 200 साइकिल चालकों ने रोशनी के साथ साइकिल पहल में भाग लिया और नागरिकों को पटाखे न जलाने के लिए प्रोत्साहित किया। पटाखे न चलाने का संदेश फैलाने के लिए साइकिल चालकों ने हरमू, अपर बाजार, मेन रोड और कई अन्य प्रमुख स्थानों को कवर किया। जबकि कोकर रांची, पुरुलिया मेन रोड और कई अन्य स्थानों के कुछ हिस्सों में जागरूकता फैलाने के लिए टोटो माइकिंग का इस्तेमाल किया गया। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले एक साइकिल चालक ने कहा, "हमें दिवाली के दौरान मौज-मस्ती के लिए पटाखों की जरूरत नहीं है। मौज-मस्ती करने के और भी स्थायी तरीके हैं।



त्योहारों को हमें प्रकृति के करीब लाना चाहिए न कि उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए। सेवन स्टार्स एकेडमी स्कूल के प्रिंसिपल श्री बब्बन कुमार ने कहा, हमारे छात्रों को धूम्र-मुक्त दिवाली मनाना एक स्वस्थ, पर्यावरण के प्रति जागरूक भविष्य के प्रति उनके समर्पण का एक उल्लेखनीय प्रतिबिंब है। हम इन पहलों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए स्विचऑन को अपनी हार्दिक बधाई देते हैं, जो हमारे युवाओं के लिए पर्यावरण की दृष्टि से अधिक जिम्मेदार परंपराओं को अपनाने के लिए एक गहरी प्रेरणा के रूप में काम करती है। झारखण्ड स्वास्थ्य मिशन रांची एनजीओ के संतोष सोनी ने कहा, हम पटाखों को न कहने और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने के लिए नागरिकों के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करके धुआं मुक्त दिवाली अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि क्यूआर कोड वाले हरे पटाखों के अलावा कोई भी आतिशबाजी दुकानों में नहीं बेची जाएगी।

हरित पटाखे केवल काली पूजा और दिवाली की रात 8 बजे से 10 बजे के बीच ही जलाए जा सकते हैं। झारखंड पुलिस ने प्रतिबंधित पटाखों के साथ पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम लगाने का फैसला किया है, चाहे वह विक्रेता हो, ट्रांसपोर्टर हो या ग्राहक हो, ऐसा न करने पर तीन साल की कैद हो सकती है।

# रांची के शमसुल हत्याकांड में तीन अपराधी गिरफ्तार

### पैसों के लेन देन को लेकर किया था मर्डर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नगड़ी इलाके में हुए शमसुल हत्याकांड में शामिल चार अपराधियों में से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नगड़ी इलाके में तीन नवंबर को ढाबा संचालक शमसुल की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

**आर्यन लंगड़ा ने मारी थी गोली :** रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में ढाबा संचालक शमसुल की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल हुई है। हत्याकांड को अंजाम देने में शामिल तीन अपराधियों को रांची पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में मुख्य अभियुक्त आर्यन लंगड़ा है जो अभी तक फरार चल रहा है। जिन तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, वह सभी हत्याकांड वाले दिन लंगड़ा के साथ शमसुल की हत्या करने पहुंचे थे। रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शमसुल को गोली लंगड़ा के द्वारा ही मारी गई थी।

लंगड़ा की गिरफ्तारी के लिए रांची पुलिस की तीन टीम अलग-अलग क्षेत्र में छापामारी कर रही है। गौरतलब है कि लंगड़ा इलाके का कुख्यात अपराधी है वह पूर्व में भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

### तीन नवंबर को हुई थी हत्या

तीन नवंबर की देर शाम शमसुल नगड़ी के नयासराय के पास स्थित अपने ढाबे में हो रहे निर्माण कार्य का जायजा ले रहे थे, इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार अपराधी मौके पर पहुंचे। चारों ने पहले शमसुल से बातचीत की, इसी बीच शमसुल उन्हें नए बन रहे ढाबे के अंदर हॉल में ले गया और तब दो अपराधी उसके साथ अंदर गए और दो बाहर ही बाइक के पास खड़े रहे, इसी क्रम में दोनों अपराधियों ने शमसुल को पांच गोली मार दी। इसके बाद चारों अपराधी मौके से फरार हो गए. शमसुल की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

**पैसों की लेन देन में हत्या :** अब तक की तफ्तीश और गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में ये बात सामने आई है कि शमसुल की हत्या की वजह पैसों की लेन देन है। लंगड़ा के साथ शमसुल का कई तरह का कारोबार था, जिसमें कुछ नशे का कारोबार भी था। दोनों के बीच उसी पैसे की लेन देन को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद शमसुल की हत्या कर दी गई।

# नि:शुल्क अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा एव सोमवती अमावस्या के सुअवसर पर निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण सोमवार को किया गया। 119वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के सदस्यों एव उनके परिवार के सौजन्य से अपने अपने पूर्वजों की स्मृति श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सह-संरक्षक बिजय जालान उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो, राहगीरों एवं बच्चों के बीच धनतेरस, छोटी दीपावली, रूप चौदस एव दीपावली के सुअवसर पर 119वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया। प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप से कृष्ण प्रणामी के सह-संरक्षक विजय जालान अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार (ताउ) राज जालान, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी, शंकरलाल मोदी, प्रदीप पोद्दार, मनीष सोनी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, सुशील गाडोदिया, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदीप साहु, परमेश्वर साहू, महिला समिति की संतोष देवी, चंदा देवी अग्रवाल बिमला जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।



# शुभ मुहूर्त में काली माता की प्रतिमा की हुई स्थापना





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दीपावली की रात को शुभ मुहूर्त में काली माता की प्रतिमा की स्थापना की गई। न्यू काली पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा के भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन संध्या 7:00 बजे पांच पुरोहितों ने किया। उद्घाटन के पश्चात रात्रि 10:00 बजे से मां की पूजा अर्चना पुजारी दिनेश मुखर्जी के द्वारा मंत्र उच्चारण से प्रारंभ किया गया एवं रात्रि 1:00 बजे तक पूजा संपन्न कराई गई। माता के पूजा के लिए विशेष रूप से भोग का निर्माण स्थानीय महिलाओं के द्वारा तयार किया जाता है एवं पुरोहित के द्वारा विधिवत मंत्र उपचार के साथ पूजा संपन्न कराया जाता है। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय , पूर्व उपमहापोर अजय नाथ शाहदेव भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, वार्ड 45 के पूर्व पार्षद नसीम गद्दी सहित अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के प्रमुख मौजूद थे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति के संरक्षक टापू घोष ,नवरत्न वाली, संजय घोष अध्यक्ष शंभू गुप्ता महामंत्री अजय घोष कोषाध्यक्ष मनोज मालाकार मीडिया प्रभारी रोहित शारदा बापी घोष, बिप्तू घोष , बबलू दास, राजू दास, दिनू सी, राहुल घोष, विक्की घोष, बाबू सोना दास, रतु उरांव, राजेश झा,नितेश गुप्ता, अमित गुप्ता ,राजू पाल,विकल घोष सहित अन्य सदस्य अपना योगदान दे रहे हैं।

**श्री डोरंडा बाजार काली पूजा पंडाल में माँ काली की दर्शन के लिए श्रद्धालुका का उमड़ जन सैलाब :** श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति,डोरंडा द्वारा आयोजित माँ काली की 73 वीं पूजा के अवसर पर माँ काली की दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा,मंगल आशीष की कामना लिए माता के भक्तों का तांता लगा रहा। व देर रात तक लोग पूजा पंडाल भ्रमण करते रहें। इस अवसर पर समिति द्वारा बनवाया गया भव्य पूजा पंडाल प्रारूप हिमाचल प्रदेश का प्राचीन शिव मंदिर और उसमें उकेरी गयी कलाकृतियाँ देखकर लोग दंग रह गये, वहीं माँ काली की नयनाभिराम प्रतिमा का दर्शन कर माता भक्त आनंदित हुए। इससे पूर्व माँ काली का नित्य पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया सचिव जयदेव घोष सहित प्रदीप कुमार,मुन्न ,प्रदीप,निर्मल गुप्ता ,अशोक घोष, मुकेश ठाकुर ,अशोक पासवान, श्यामल घोष, नविन मलहोत्रा, चंदन सिंह, कुन्दन कुमार ,अभिषेक ठाकुर, सुनिल सिन्हा ,विजय सिन्हा, विवेक सहाय, राहुल चौरसिया ,राजेश वर्मा, राजू गुप्ता, प्रकाश वर्मा, कमल गुप्ता सहित समिति के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा ने दी।

## जगन्नाथपुर में तालाब से युवक का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के योगदा कॉलेज के पास स्थित तालाब से सोमवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र न्यू कॉलोनी निवासी अभय बांडो के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में शव को उपलते हुए देखा। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। अभय की मौत का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। अभय की हत्या कर उसके शव को पानी में फेंका गया है या फिर पैर फिसलने से पानी में डूबकर उसकी मौत हुई है, पुलिस हर बिंदुओं की जांच कर रही है।

## रांची जिला कांग्रेस ने सोहराय पर्व की दी बधाई

**रांची।** झारखंड राज्य के प्रसिद्ध पर्व सोहराय के अवसर पर रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने रांची जिला वासियों को सोहराय पर्व की शुभकामना दी है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में इस पर्व की विशेष महत्व है। इसे पशु या मवेशी उत्सव भी कहा जाता है। यह कुर्मी, संथाल, मुंडा और उरांवों सहित समस्त झारखंड वासियों द्वारा पूरी उत्सव के साथ मनाया जाता है। इस पर्व की विशेषता यह है कि हम अपने पशुओं की सलामती के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। डॉ राकेश किरण ने कहा है कि सोहराय पर्व हमारे सभ्यता व संस्कृति का प्रतीक है। यह पर्व पालतू पशु और मानव के बीच गहरा प्रेम स्थापित करता है। उन्होंने कहा हे कि सोहराय का पर्व में पशुओं को माता लक्ष्मी की तरह पूजा की जाती है। इस दिन बैलों व भैंसों को पूजा कर किसान वर्ग धन-संपत्ति वृद्धि की मांग करते हैं। रांची जिला कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी रश्मि चन्द्र ने कहा है कि आने वाले दिनों में भाई दूज, चित्रगुप्त पूजा एवं महापर्व छठ देखते हुए जिला प्रशासन से छठ घाटों की सफाई, सुरक्षा मदे नजर घाटो में जल की गहराई चिन्हित करते हुए बांस एवं बल्ली से घेरा तैयार करने की मांग की है ताकी कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो।

## खबर एक नजर में

### धुर्वा में खड़े ट्रक और बस में लगी आग, जलकर खाक

रांची। धुर्वा थाना क्षेत्र के प्रभात तारा मैदान में खड़ी ट्रक और बस में आग लग गई। यह घटना रविवार देर रात की है। इस अगलगी में दोनों वाहन जलकर राख हो गये। लोगों ने जब ट्रक और बस से आग की लपटे उठती देखी तो इसकी जानकारी पुलिस और अग्निशमन विभाग की दी। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस और ट्रक दोनों के अधिकांश हिस्से जल गये थे। आग कैसे लगी है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है।

### संपूर्ण मारवाड़ी समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वावधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का दीपावली मिलन समारोह संयुक्त रूप से मारवाड़ी भवन में सोमवार को बड़े ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ गणेश पूजन सह गणेश वंदना के नृत्य के साथ हुआ। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने स्वागत उद्गार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक अशोक लाठ एवं निर्मल बुधिया ने बताया कि इस समारोह में सम्मिलित सभी संस्थाओं के पूर्व अध्यक्षगण पूर्व मंत्रीगण, सभी पदाधिकारीगण के साथ ही समाज के सैकड़ों महिला , पुरुष एवं बच्चों की भागीदारी रही। इस अवसर पर कोलकात्ता की डांस ग्रुप के साथ राँची की स्तुति केडिया ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया तो विनीता सिंघानिया और राजेश कौशिक ने गुदगुदी वाले प्रश्नों के द्वारा खूब हंसाया। वहीं लजीज व्यंजन की जिम्मेदारी अजय खेतान के कुशल कंधों पर थी, तो हौउजी के मास्टर आनंद जालान रहे, सभी अतिथियों का स्वागत कौशल राजगढ़ीया,कमल शर्मा ,सन्नी टीबडवाल ने की। सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे से आशीर्वाद लिया और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा एक-दूसरे की खुशहाली की कामना की तत्पश्चात आतिशबाजी के साथ समारोह का समापन हुआ।

### धूमधाम से मना पल्ली दिवस एवं नयाखानी त्योहार



रांची। सब संतों का गिरजाघर डोरंडा में पल्ली दिवस एवं नवाखानी त्योहार सयुंक्त रूप से पल्ली परिसर में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठाता संत अल्बर्टस कॉलेज के प्रोफेसर फादर प्रफुल बड़ा थे, जिनका सहयोग पल्ली पुरोहित फादर पीटर सांगा, फादर निखिल मिंज, माइकल नाग, फादर प्रभात कुजूर ने किया। इस उत्सव में सम्पूर्ण पल्लीवसियों ने भाग लिया। फादर प्रफुल बड़ा ने प्रवचन में पल्लीवासियों को पल्ली दिवस पर बधाई देते हुए कहा पल्ली या धार्मिक स्थल आस्था का केंद्र है, जितना नजदीक से जुड़ेंगे ईश्वर की कृपा एवं आशीष मिलती है। उन्होंने परिवार को कलीसिया तथा समाज की न्यूनतम इकाई कहा। परिवार में प्रेम, मेल मिलाप, समझदारी और आपसी सहयोग होना चाहिये। जो परिवार को तोड़ने वाली चीजों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने नयाखानी के संबंध में कहा नयाखानी नया अन्न खाने का पर्व है। इस त्योहार में नया अनाज प्राप्त करने की खुशी व ईश्वर को धन्यवाद् देने का दिन होता है। इस त्यौहार को गोड़ा धान तैयार हो जाने पर प्रथम अन्न जूठा करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। माना जाता है फसल तैयार होने पर परिवार में भूख और तंगी समाप्त हो गयी है। इस दिन आदिवासी कृषक अपने सृष्टिकर्ता ईश्वर को याद करते हैं क्योकि ईश्वर ही अन्न, जल तथा जीवनदाता है। साथ ही मृत पूर्वजों को भी याद किया जाता है। ईश्वर तथा पूर्वजों को कृतज्ञता स्वरूप नया अनाज चढ़ाया जाता है। और भावी जीवन में आशीर्वाद की कामना की जाती है। इसके बाद हे परिवार के लोग अन्न जूठा करते हैं। नवाखानी पारिवारिक एवं सामुदायिक त्यौहार भी है इसे पारिवारिक एवं सामुदायिक दोनों स्तरों पर जोरों से मनाया जाता है। इस अवसर पर नए अनाज का चिवड़ा बनाया जाता है। साधारण भात, मुर्गा-खिचड़ी, खीर भात आदि पकवान बनाये जाते हैं। सामुदायिक स्तर पर गाँव के लोग एक दूसरे के घर जाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं। फादर बड़ा ने आगे कहा नयाखानी पर्व मनाना तभी सार्थक होगा जब हमारा सोच, विचार, कर्म और रिश्तों में नयापन आएगा। पूर्वजों के धरोहर जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना होगा। उनके द्वारा प्रदत्त परम्परा, भाषा, संस्कृति, रीति रिवाज, गीत, संगीत, नृत्य और बाद्य यंत्र को बनाये रखने की आवशकता है। मिस्सा के दौरान गोय जाने वाले गीतों का संचालन पल्ली युवा संघ ने किया।

# प्रेम से प्रेरित सेवा मोंटफोर्ट ब्रदर्स के जीवन का लक्ष्य : बिशप जोजो




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत अलोइस स्कूल प्रांगण, डॉक्टर कामिल बुल्के पथ में सोमवार को ब्रदर ऑफ सेंट गेब्रियल धर्म समाज के धर्म बंधुओं ने पूरे भारत में संचालित विभिन्न विद्यालयों और अन्य संस्थानों में अपने धर्म संघीय जीवन को जीते हुए शिक्षा और मानवता की सेवा में 60 साल और 25 साल की समर्पित सेवाएं प्रदान करने के लिए धर्म संघ की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। इस सोसाइटी ब्रदर्स में 60 साल की समर्पित सेवा देख देने वाले भाग्यशाली डायमंड जुबिलेरियन ब्रदर गिल्बर्ट पिंटो और ब्रदर एडमंड टोप्पो सिल्वर जुबिलेरियन ब्रदर्स में ब्रदर अलबइनुस टेटे, ब्रदर देवनिस तिग्गा और ब्रदर विजय तिर्की समझ में उपस्थित रहे। इस मौके पर ब्रदर ऑफ सेंट गेब्रियल समिति सोसाइटी रांची के प्रोविंशियल सुपीरियर ब्रदर हेरमन विजय विजय लकड़ा, उनके उनके सेक्रेटरी ब्रदर फ्रेडरिक सोरेंग समेत इस समिति द्वारा संचालित विभिन्न इंटरमीडिएट कॉलेज और हाई स्कूल तथा इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रिंसिपल्स और हेडमास्टर ब्रदर्स उपस्थित थे।

हजारीबाग के बिशप जोजो ने उनके धर्मसंगी जीवन में रहते हुए ईश्वर की सेवा और विद्यालय वह इंटर कॉलेज के माध्यम से छात्र-छात्राओं में गुणवत्ता शिक्षा सुसंस्कार और निःस्वार्थ प्रेम सेवा का बीज रोपने तथा समाज सेवा के माध्यम से मानवता की समर्पित सेवा करने के लिए उनको बधाइयां दी।

**प्रेम से प्रेरित सेवा मोंटफोर्ट ब्रदर्स के जीवन का लक्ष्य: बिशप जोजो :** बिशप जोजो ने कहा कि प्रेम से प्रेरित सेवा सदैव स्मरणीय होती है और यह ब्रदर्स अपनी प्रेम सेवा और शिक्षक सेवा से क्राइस्ट को प्रतिबिंबित कर रहे हैं और इसके लिए कलीसिया के आगे इस धर्म संघ का और इसके जुबिलेरियन का कोटि-कोटि आभार व्यक्त करती है उन्होंने कहा की सेवा में जीवन है अतः आप को इस समवर्ती समर्पित सेवा के लिए ईश्वर स्वस्थ और सुरक्षित रखें।

### मोंटफोर्ट धर्म समाज सदैव ऋणी रहेगा : प्रोविंशियल ब्रदर विजय

ब्रदर ऑफ सेंट गेब्रियल सोसाइटी रांची के प्रोविंशियल ब्रदर हरमन विजय लकड़ा ने डायमंड और सिल्वर जुबली पूरा करने वाले धर्म बंधुओं को उनकी समर्पित सेवाओं के लिए बधाई दी। इस मौके पर सभी जुबिलेरियंस ने अपने धर्मसंगी जीवन की समर्पित से सेवाओं और चुनौतियों के खट्टे-मीठे अनुभव भी साझा किया। इस अवसर पर जुबिलेरियंस के सम्मान में संत अलोयसियस स्कूल के बच्चों तथा जुबिलेरियंस के परिजनों ने नृत्य संगीत की प्रस्तुति से समा बांध ब्रदर क्लेमेंट कांडुलना के धन्यवाद ज्ञापन के बाद जुबिलेरियंस ब्रदरों ने जुबली केक काटकर इस ऐतिहासिक समारोह की खुशियां साझा की। ब्रदर अमित और ब्रदर अब्राहम द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में संत अलोइसियुस इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल ब्रदर क्लेमेंट हाई स्कूल के प्रिंसिपल तथा मोंटेसरी स्कूल के प्रिंसिपल ब्रदर माइक उपस्थित थे।

# मां भवानी ने काली का रूप धर दुष्टों का किया था संहार

## ओरमांझी में धूमधाम से मनी काली पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** काली मंदिर परिसर ओरमांझी में काली पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल निर्माण कर मां काली की पूजा धूमधाम से की गई। दिपावली की रात 10 बजे से देर रात दो बजे तक चली पूजा में आरती, हवन व बलि पूजा में काफी संख्या में ओरमांझी के ग्रामीण शामिल हुए। वहीं दूसरे दिन सोमवार को सुबह से ही प्रसाद लेने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंच रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने भंडारे का उद्घाटन किया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। उन्होंने भव्य आयोजन करने के लिए काली पूजा समिति की सरहाना की और कहा दुष्ट पापियों का संहार करने के लिए ही मां दुर्गा काली मां के रूप में अवतरित हुई थी। मां काली की पूजा से दुख व कष्टों का निवारण व सुख समृद्धि आती है। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष अजय सिंह व अन्य पदाधिकारियों द्वारा राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, सीओ नितिन शिवम गुप्ता व थाना प्रभारी आलोक सिंह सहित पूजा में पहुंचे सभी अतिथियों को माता की चुनरी ओढा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, भीम मुंडा, सचिव धीरज नायक, कोषाध्यक्ष नितेश साहू उर्फ छोटू, शंकर गुप्ता, श्याम किशोर महतो, नरेश महतो, हरिश्चंद्र महतो, जोगेंद्र मुंडा, पारस मुंडा, शत्रुघ्न साहू, सुरेन सिंह, मोहन प्रजापति, अनूप महतो, पंकज महतो, रितेश कुमार, सत्यम राज कुशवाहा सहित कई लोग शामिल थे। वहीं समाजसेवी गोविंद लाल गुप्ता, उमाशंकर साहू, राजेंद्र साहू, निर्मल महतो, अंजित कुमार, दिलीप मेहता, मिथलेष कुमार, बबलू करमाली, तरुण महतो, सुनील नायक, शिवा गुप्ता, ऋषभ साहू, मोहन नायक, कृतिकांत साहू, रंथू मुंडा, मिंटू गुप्ता काफी संख्या में भगक्त गण पहुंचे थे।



पूजा करने पहुंचे अतिथि के साथ समिति के पदाधिकारी व ग्रामीण।

### बनारस से मंगायी गयी है मां काली की प्रतिमा

काली पूजा में गांव वालों का जुड़ाव के बाद 1960-61 में काली मंदिर का निर्माण हुआ। बताया जाता है कि उस वक्त बनारस से मां काली का प्रतिमा मंगाई गई, लेकिन लाने के दौरान ही प्रतिमा खंडित हो गई थी। जिसे रूक्का डैम में विसर्जित कर दूसरी प्रतिमा बनारस से ही मंगायी गयी, जो काली मंदिर में स्थापित है।

### 65 वर्ष का है काली पूजा का इतिहास

ओरमांझी में काली पूजा का गौरव पूर्ण इतिहास 65 वर्ष पुराना है। गांव के वरिष्ठ समाजसेवी गोविंदलाल गुप्ता व केदार सिंह ने बताया कि आजादी के बाद गांव के कुछ नवयुवकों ने खुद से प्रतिमा निर्माण कर काली मां की पूजा शुरू की थी। जिसके बाद धीर-धीरे गांव वालों जुड़ते गए। शुरू में सहयोग राशि के लिए गांव में डबा घुमया जाताा था। स्वेच्छा से मिले धनराशि से किसी प्रकार पूजा होती थी। उस समय गांव के प्रमानंद तिवारी अन्य लोगों का सहयोग लेकर पूजा करते थें। जिसमें गांव के लालू स्वर्णकार का विशेष सहयोग मिलता था।

स्पीड न्यूज

### डिवाइडर से टकरायी बाइक, एक की मौत एक घायल



**ओरमांझी।** राजधानी रांची की सड़कों पर हादसों का दौर जारी है। 11 नवंबर को तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं साथ बैठी एक महिला घायल हो गई। मृतक की पहचान हूंदूर बांड़ी टोला, थाना पिठोरिया निवासी मुंशी साहू के 39 वर्षीय पुत्र दिनेश साहू के रूप में हुई है। बाइक पर सवार हो दो लोग चुट्टू की ओर आ रहे थे। जैसे ही ओवर ब्रिज के समीप पहुंचे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सहित दोनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें मेसरा पुलिस द्वारा उपचार के लिए बरियातू स्थित रिम्स हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### रमेश पांडेय बने रांची जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष



**नामकुम।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने नामकुम जोरार लीची बगान के निवासी रमेश पांडेय को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री पाण्डेय के मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद एवं मंत्री ददई दुबे, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, विधायक राजेश कच्छप आदि ने बधायी देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे पार्टी और संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे।

### इटकी में 12 घंटे ठप रही विद्युतापूर्ति

**इटकी।** इटकी विद्युत सबस्टेशन में तकनीकी खराबी के कारण क्षेत्र में करीब 12 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे इटकी व आसपास के गांव के हजारो लोगों को दिपावली की रात अंधेरे में गुजारना पड़ा। विद्युत कर्मियों ने बताया कि रविवार की रात करीब एक बजे सबस्टेशन में लगी सीटी उपकरण अचानक फट गया, जिससे सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति बंद हो गयी। रविवार को करीब एक बजे विद्युत कर्मियों द्वारा गड़बड़ी को दूर कर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। बिजली नहीं रहने से क्षेत्र के छोटे-बड़े उद्योग-धंधे ठप हो गये, जबकि जलमीनार से सुबह पानी सपलाई भी बंद रहा।

### राहे में श्रद्धा-भक्ति से हुई काली पूजा

**राहे।** प्रखंड के बंगाली समुदाय द्वारा धूमधाम से माता काली की पूजा किया गया। सोमवार की रात बंगाली समुदाय के दो काली मंदिर में स्थापित भव्य काली प्रतिमा स्थापित की गई थी। काली मंदिर में लोगों ने श्रद्धा और भक्ति से काली पूजा की। पौराणिक मंदिर में स्थापित काली माता की प्रतिमा पर पूजन के बाद समापन के दौरान बकरे की बलि गई गई। रात एक बजे के बाद पूजा का समापन किया गया। लोगों ने भक्ति और श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। इधर राहे श्मशान घाट स्थित काली मंदिर में रात 12 बजे काली पूजा की गई। सोमवार सुबह कमेटी द्वारा भोग वितरण किया गया।

### ग्रामीणों संग एसएसबी के जवानों ने मनाया दीपावली उत्सव

**राहे।** प्रखंड के सताकी स्थित एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी के जवानों ने कंपनी कमांडर जीडी मंटू कुमार के नेतृत्व में हल्दीबेड़ा जाकर ग्रामीणों के साथ दीपावली मनाई। जवानों ने ग्रामीणों और बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी। इस दौरान गांव में दीप जलाकर प्रकाश के पर्व को ग्रामीणों के साथ मनाया गया। मौके पर सहायक निरीक्षक भूपेंद्र कुमार, अमित कुमार, सुनील कुमार, श्याम कलौडिया, सहित एसएसबी के जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रेमी ने प्रेमिका को पीट-पीट कर मार डाला

### ईंट भट्ठा में करते थे मजदूरी, लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के होयेर बस्ती के निकट ईट भट्ठा में एक मजदूर प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया। मिली जानकारी के अनुसार खलारी होयेर बस्ती के ईंट भट्ठा संचालक भीम यादव के ईंट भट्ठे में अलग-अलग जिलों से मजदूरी करने पहुँचे मजदूर में से एक लिव इन रिलेशनशिप के तरह रह रहे मजदूर आपसी विवाद अथवा ईंट बनाने को लेकर झगड़ा उतपन्न हो गया। आपसी झगड़ा ज्यादा बढ़ जाने के कारण आरोपी प्रेमी संजय भुइयाँ लगभग 30 वर्ष पिता स्व भुखु भुइयां हरता टोली ठेकही थाना भंडरिया जिला गढ़वा ने अपने प्रेमिका श्रद्धा कुमारी लगभग 19 वर्ष पिता रामपति भुइयां ग्राम रकसी थाना रमकांडा गढ़वा को भट्ठा के नजदीक जंगल में लात-घूसे और डंडे से पीट कर मार डाला। बताया गया कि झगड़ा करते करते मृतिका श्रद्धा कुमारी नजदीकी जंगल सामु टोंगरी जंगल चली गयी। उसके बाद पीछे पीछे आरोपी भी चला गया। उसके बाद आरोपी अकेले वापस भट्ठा में पहुंचा। कुछ देर बीत जाने के बाद साथी मजदूरों ने मृतिका का खोज पुकार करने लगें। उसके बाद मजदूरों ने भट्ठा मालिक को सूचना दे दिया। भट्ठा मालिक ने 12 नवम्बर को रात भर खोज बिन करने के बाद सुबह पांच बजे 13 नवम्बर को खलारी पुलिस को सूचना दे दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने प्रेमिका को 12 नवंबर को ही मार डाला। उसके बाद पुलिस को 13 नवम्बर को सूचना के बाद जांच पड़ताल कर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।



### असंतुलित होकर बाइक पलटी, सवार की मौत

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी। ओरमांझी के ढेलुवाखूंटा खालसा होटल के समीप एक बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा पाहन टोली निवासी अशोक पाहन 40वर्ष पिता सुधू पाहन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। दुर्घटना के समय मृतक के मोबाइल फोन पर उनके किसी परिचित का कॉल आ रहा था जिसे स्थानीय ग्रामीण ने रिसीव कर मौत की जानकारी दी। इसके बाद परिजन को सूचना दी गई। बताया जाता है कि अशोक सिकिदिरी से पल्सर बाइक में सवार होकर अपने घर इरबा जा रहा था। उसने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

## उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसे ओरमांझी के तीनों मजदूर सुरक्षित







खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माण हो रहे टनल धंसने की घटना में थाना क्षेत्र के खिराबेड़ा गांव के तीन मजदूरी भी फंस गए हैं। बताया गया कि ओरमांझी खीराबेड़ा से नौ मजूदर उत्तराखंड गए हैं। सभी उत्तरकाशी में हो रहे टनल निर्माण में मजदूरी कर रहे थे। टनल निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से खीराबेड़ा गांव के राजेन्द्र बेदिया पिता श्रवण बेदिया, अनिल बेदिया पिता चरकु बेदिया व सुखराम बेदिया पिता बढन बेदिया तीनों टनल के अंदर फंसे गए हैं। बताया गया कि फिलहाल तीनों सुरक्षित हैं। वहीं टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने का प्रयास सरकार कर रही है। मजदूरों के परिजनों के साथ समाज सेवी त्रिवेणी बेदिया ने बताया गांव के अनिल बेदिया छह महीने पहले काम करने उत्तराखंड गया था और इसी माह एक नवंबर को राजेंद्र बेदिया सुखराम बेदिया गये है। बाकी सात लोग नरेश बेदिया, ब्रजकिशोर बेदिया, राजू बेदिया, कृष्णा मुंडा, रवि बेदिया, शंकर बेदिया भी उन्हीं लोगों के साथ मजदूरी गए हैं। यह सातों सुरक्षित हैं। करने गए हैं जो पुरी तरह से सुरक्षित हैं।

## दीपावली पर बेंती गांव में चला सफाई अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** दिवाली के मौके पर बेंती गांव में रविवार को ग्रामीणों ने सफाई अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व अजय कुमार करमाली एवं पंस सदस्य मानेश्वर मुंडा ने किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बेंती गांव में लगातार सफाई चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बेंती को आदर्श गांव बनाने का संकल्प लिया है। अभियान में ग्रामीण लगनी देवी, बारी देवी, बुधन देवी, जल सहिया सुमन देवी, पुसो देवी सोमारी देवी, चांदनी देवी, उर्मिला देवी, प्रतिमा देवी, हरनी देवी, बासनी देवी, गंधिया करमाली, सलुवा करमाली, रामधनी करमाली, खुशबू कुमारी, निशा कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रमोद मुंडा, सभनी देवी, बरती देवी, चांदनी कुमारी, रोशनी कुमारी, रुबी कुमारी, पुरनी, पुष्पा देवी, बसंती देवी, शिलामनी देवी आदि उपस्थित थे।

## आइएचएम में स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली कैंपेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली कैंपेन का आयोजन किया गया। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार एक सप्ताह तक ष्स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली कैंपेन किया गया। दिवाली महापर्व के बाद संस्थान के परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान का भी आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छए हरित एवं एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित करनाए अपने घर की साफ.सफाई के साथ साथ अपने आसपास के क्षेत्रों की सफाई को प्राथमिकता देनेए कचरे को स्त्रोत से अलग करने का अभ्यास करना आदि था। संस्थान के प्राचार्य डॉण भूपेश कुमार ने सभी को दिवाली महापर्व की शुभ कामनाएं देते हुए स्वच्छता के साथ स्वच्छ दिवाली मनाने हेतु प्रेरित किया इस दौरान संस्थान के शिक्षक एवं हॉउसकीपिंग कर्मी उपस्थित थे।




### डॉ मयंक मुरारी को सिद्धनाथ स्मृति सम्मान

**अनगड़ा।** वर्ष 2023 के डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान की घोषणा की गई है। इस बार झारखंड के चिंतक मयंक मुरारी को उनके समग्र लेखन के लिए सिद्धनाथ स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। साहित्यकार डॉ माया प्रसाद और डॉ अशोक प्रियदर्शी एवं कुमार संजय ने सर्वसम्मति से निर्णय की घोषणा की । इसके साथ ही स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान की भी घोषणा की गई है। कविता लेखन के लिए रांची की नंदा पांडे कोए गजल और मुक्तक छंद लेखन के लिए जमशेदपुर की अंकिता सिन्हा को और कला-परंपरा के संरक्षण के ऊपर लेखनी चलाने के लिए मनोज कुमार कपरदार को ये सम्मान दिया जायेगा। सभी व्यक्तित्वों को आगामी 25 नवंबर को उसुर्लाइन कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी डा कुमार संजय ने दी। डॉ कुमार संजय ने बताया कि मयंक मुरारी को उनके संपूर्ण साहित्य को ध्यान में रखकर यह सम्मान का निर्णय लिया गया है।

## एक नजर में

### रातू : दीपोत्सव में पटाखे से गूंजा माहौल

रातू। प्रखंड में दीपोत्सव की धूम रही। चारों ओर चहल-पहल रहा। शनिवार शाम से रविवार देर रात तक पटाखे की आवाज से माहौल गूंज उठा। बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। दीपावली पर अमीर-गरीब सभी के घर में दीये जलाये गये। इससे समूचा इलाका जगमगा उठा। मिट्टी के खिलौने की खूब बिक्री हुई। लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। मिठाइयों का आदान-प्रदान किया गया। काली पूजा पर राजकिला, ब्लॉक चौक और कमड़े आदि के मां की मंदिर में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर मन्नतें मांगी। लक्ष्मी पूजा कर लोगों ने धन की कामना की। गोवर्द्धन पूजा को लेकर लोग बेहद उत्साहित नजर आये। इधर विभिन्न राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन व जन प्रतिनिधियों ने लोगों को दीवाली, मां काली व गोवर्द्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। क्षेत्र में शांति बनी रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### बेड़ो में हर्षोल्लास से मनी दीपावली



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली पर लोगों ने शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा की और लोगों ने अपने घर को दीया व रंग-बिरंगे लाईट से सजाकर भगवान लक्ष्मी .गणेश का स्वागत किया। साथ ही दीपावली को लेकर लोगों ने अपने आंगन को रंग .बिरंगे रंगोली से सजाया। वहीं बच्चों में दीपावली को लेकर काफी उत्साहित देखने को मिला। बच्चों ने मिट्टी व कार्टन का घर बनाकर पूजा की। साथ ही बच्चों ने रंग .बिरंगे पटाखें जलाकर दीपावली का आनंद लिया।

### सिकिदिरी : ऊंची कूद में जगदीश, रिया और रितेश ने जीता स्वर्ण पदक



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव में सोमवार को ऊंची कूद सीनियर में जगदीश बेदिया को स्वर्ण, नीरज रजवार को रजत, सौरभ कुमार को कांस्य, जूनियर बालिका में रिया कुमारी को स्वर्ण, प्रियंका कुमारी को रजत, काजल कुमारी की कांस्य, सब जूनियर में रितेश साहू को स्वर्ण पदक, साहिल करमाली को रजत, महेंद्र भोगता को कांस्य पदक मिला। केला रेस अंडर-सेवन में राजेंद्र भोगता को स्वर्ण, अंकित करमाली को रजत, जितेंद्र बेदिया को कांस्य, केला रेस बालिका वर्ग में एजल कुमारी को स्वर्ण, आराध्या सिंह को रजत व राधिका कुमारी को कांस्य पदक मिला। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी अरविंद कुमार बबलू व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजय सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। अध्यक्षता सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी अमन जायसवाल, राष्ट्रीय प्रशिक्षिका पिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट 24 नवंबर से

**सिकिदिरी।** 18वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट का शनिवार को फिक्सचर जारी किया गया। बूढ़ा महादेव मंदिर महेशपुर में विधिवत पूजा अर्चना कर फिक्सचर जारी किया गया। पूजा शिवदास गोस्वामी ने संपन्न कराया। 24 नवंबर को उद्घाटन मैच मेकॉन व बडाम के बीच खेला जाएगा, जबकि फाइनल मैच 10 दिसंबर को खेला जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में रेल एफसी कोलकाता, औरंगाबाद, राउरकेला, सेल बोकारो, धनबाद, दुर्गापुर, पतरातु की टीम सहित रांची के सभी टॉप टीम टूर्नामेंट में भाग ले रही है। फाइनल समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के श्रम शक्ति विभाग के संयुक्त सचिव केके सोन है। मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, महाप्रबंधक सागर साहू, सीईओ जैलेंद्र कुमार, सचिव अनिल कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष राजन महतो, प्रबंधक संतोष सिन्हा, गौरीशंकर मुंडा मौजूद थे।

## हर्षोल्लास से हुई मां काली की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** श्री श्री काली पूजा समिति जामटोली रोड बेड़ो के तत्वावधान में रविवार को दीपावली की मध्यरात्रि पूजा के साथ माँ काली की तीन दिवसीय पूजा प्रारंभ की गई। जिसके निमित मुख्य पुजारी के द्वारा रात में पूरे विधि विधान से अक्षय घोषाल पुजारी द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। माँ काली की पूजा के शुभ अवसर पर सोमवार की संध्या को मां काली का भव्य महाआरती किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तगण व श्रद्धालु शामिल हुए। जबकि मंगलवार को शोभायात्रा निकालते हुए मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं मनोरंजन देवघरिया के द्वारा निजी घर में अर्णव बनर्जी ने पूरे विधि विधान के साथ मां काली की पूजा की गई, जबकि रानी बगान में भव्य पंडाल बनाकर मां काली की पूजा मध्य रात्रि में किया गया।

### पूजा में इन्होंने किया सहयोग

काली पूजा के सफल आयोजन में आकाश रक्षितए नितेश देवघरियाए अंकित सोनीए शिवेन्द्र सौरभए साधन कुमार रॉय विश्वजीत शर्मा सौमित्र शर्मा मुकेश कुमार रॉय प्रशान्त कुमार दत्ता रंजीत खत्री एसपी साहू बलराम देवघरिया सत्यजीत शर्मा प्रेम महतो सरोज साहू पंकज गुप्ता रमेश साहू रोहन सेठ विजय सहाय के विवेक देवघरिया अहम योगदान दिया। इसके अलावा नरकोपी में पांडे वीरेंद्र नाथ राय पिता पांडे सुरेंद्रनाथ राय के द्वारा मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। जिसमें मुख्य रूप से पांडे हेमांशु नाथ रायए पांडे प्रदीप नाथ राय समेत जाऊल अंसारी सेराज अंसारी महिपाल सिंह के साथ-साथ काली पूजा के सफल आयोजन में नरकोपी थाना के थाना प्रभारी अभिजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## बेड़ो के दरशिला गांव में करंट लगने से दो गाय मरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड़ के तुतलो पंचायत अंतर्गत दरशिला गांव निवासी जहीर अंसारी पिता अली अंसारी का दो दुधारू गाय की बिजली करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह करीब 9.00 बजे के आसपास की है जहां गाय की करेंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित जहीर अंसारी ने बताया कि वे अपनी दोनों गायों को चराने के लिए चापाडीह स्थित पहाड़ के समीप ले जा रहे थे। इसी दौरान खेत में पहले से गिरे हुए बिजली प्रभावित तार की चपेट में आने से दोनों गायों की मौत हो गई। जहां घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया गंगी कुमारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार से मिली। इधर दो दुधारू गायों की आकस्मिक मौत हो जाने से किसान काफी दुःखी है। वहीं पीडित जहीर अंसारी ने प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजे की मांग किया है।

## इटकी : पशुओं को स्नान करा कर खिलाये पुआ-पकवान

### इटकी में लगा जतरा पारंपरिक ढंग से की गयी सिंगबोंगा की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी में सोमवार को दीपावली के दूसरे दिन लगने वाला आदिवासियों का वार्षिक जतरा पारंपरिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर पाहन अमन उरांव के नेतृत्व में बाजार परिसर स्थित सिंगबोंगा देवता की पूजा-अर्चना की गयी। महिलाओं द्वारा माथे पर जलते दीपक का कलश लेकर मांदर की थाप पर जमकर नृत्य गान किया गया। मौके पर 12 पड़हा राजा व पाहन अमन उरांव, बीरा उरांव, पनभरा बीजो उरांव, विजय, सुधीर, हरिया, अजीत कच्छप, मुन्ना कुजूर सहित दर्जनों आदिवासी महिलाएं व पुरुष मौजूद थे। इधर क्षेत्र के गोपालकों ने गाय, बैल, भैंस सहित अन्य पशुओं को स्नान कराकर फूलों की माला पहनाया और विशेष रूप सजाया गया। इसके बाद पशुओं के माथे पर तेल मालिस रश्म को पूरा किया। साथ ही विभिन्न प्रकार के दाल अनाज और सब्जियों से बना विशेष भोजन खिलाया गया। साथ ही गोवर्धन पूजा कर गो वंश वृद्धि और निरोग रहने की कामना की।



### सोहराय डाइर जतरा में उमड़ी भीड़



**खलारी।** दीपोत्सव के अवसर पर मैक्लुस्कीगंज के नावाडीह में सोहराय डाइर जतरा का आयोजन किया गया। मेले की शुरूआत स्थानीय पाहनों ने पारम्परिक रुप से पूजन कर किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोहिणी पीओ जेके सिंह, लपरा मूखिया पुतुल देवी देवी व शिवनारायण लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मेले में ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। आर्केस्ट्रा में आये कलाकारों ने श्रोताओं को खूब झुमाया। मेले मे रांची, लातेहार, लोहरदगा, चतरा, हजारीबाग, रामगढ, चंदवा सहित अन्य जगहों से आये लोगो ने कृषि उपकरण खिलौने मिठाई श्रृंगार सहित ईंख आदि का खरीदारी की। मेले को सफल बनाने में जयमंगल गंझू, बासुदेव ठाकुर, दिनेश गुप्ता, नरेश यादव, शिवनारायण लोहरा, भरत महतो, मिथुन गंझू, गोविंद साव, शिवनन्दन यादव, गणेश मुंडा, नवीन यादव, रवि गंझू, मधु यादव, बिनोद मुंडा अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रदूषित यमुना

देश की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण के कहर से तो जूझ ही रही है, अब यमुना के जहरीले पानी ने भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। काफी समय से यमुना के पानी में अमोनिया की बढ़ी मात्रा ने चिंता बढ़ा दी है। दिल्ली में यमुना में पानी में बर्फ के पिंडों की तरह झाग तैर रहे हैं। पानी अत्यधिक जहरीला हो चुका है। इस कारण कई इलाकों में पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। छठ पूजा के अवसर पर पूरे विश्व ने देश की राजधानी दिल्ली की दुर्दशा देखी। लंबे-लंबे भाषण और ब्यान देने वाले भाजपाई सहित सभी दलों के राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के लिये यह दृश्य शर्मनाक है। ज्यादा चिंताजनक बात तो यह है कि लंबे समय से यह समस्या बनी रहने के बावजूद इसके समाधान का रास्ता निकालने को कोई तैयार नहीं है। यमुना के प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश को इसका जिम्मेदार ठहरा रही है, तो दूसरी ओर ये राज्य कुछ सुनने को तैयार नहीं। कुल मिलाकर यमुना का यह संकट राजनीति के दुश्चक्र में उलझ कर रह गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि यमुना प्रदूषण मुक्त कैसे हो और दिल्ली का जल संकट भी खत्म हो। आखिर दिल्ली यूपी और हरियाणा तीनों राज्यों से जुड़ी यह समस्या है। किन कारणों से अब तक देश की राजधानी की नदी नाले में बदल गयी? वैसे यह समस्या देश की तमाम छोटी-बड़ी नदियों के साथ है। ये नदियां जिन शहरी इलाकों खासतौर से औद्योगिक शहरों से गुजरती हैं, वहां का अपशिष्ट इनमें बहा दिया जाता है। इसलिए आज ज्यादातर नदियां खतरनाक स्तर तक प्रदूषित हो चुकी हैं। ठंड के मौसम में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। ऐसे में यमुना को प्रदूषित होने से कैसे बचाया जा सकता है?

# शराबबंदी बनाम नियंत्रण

बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब ने कुछ लोगों को अपने आगोश में लेकर हमेशा के लिए सुला दिया है। इससे बिहार में शराबबंदी की विफलता एक बार फिर से उजागर हुई है। बिहार के सीमावर्ती राज्यों में शराबबंदी नहीं है। बिहार के पश्चिम में है उत्तर प्रदेश, दक्षिण में है झारखंड, पूर्व में है पश्चिम बंगाल, और उत्तर में है नेपाल, बिहार में शराब की अवैध खेप इन्हीं सीमावर्ती राज्यों से होकर गुजरती है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि बिहार में शराब की अवैध खेप पहुंचाने में वहां की पुलिस और स्थानीय प्रशासन का भी बड़े पैमाने पर सहयोग मिलता है। बिहार में जब 1977 में कपूर्री ठाकुर मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने पहली बार शराब पर प्रतिबंध लगाया था। लेकिन उसकी विफलता ने उन्हें बिहार में शराबबंदी हटाने को मजबूर कर दिया था। 2015 में जब नीतीश कुमार पटना की रैली में गए थे, तो महिलाओं के एक बड़े समूह ने उनके सामने एक ही मांग रखी थी कि बिहार में शराबबंदी लागू की जाए। नीतीश कुमार ने उन महिला संगठनों की बात मान कर 1 अप्रैल, 2016 से बिहार में देसी शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद तो जैसे बिहार में नीतीश कुमार को सभी महिलाओं का अपार जनसमर्थन मिल गया। फिर नीतीश कुमार ने 5 अप्रैल, 2016 से बिहार में सभी प्रकार की शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। शराबबंदी तो बिहार में लागू हो गई, साथ ही एक लाख से अधिक लोग इस शराबबंदी कानून तोड़नें के कारण जेल में हैं। साथ ही इसी की आड़ में बिहार में स्थानीय स्तर पर शराब बनाने का काम बढ़ने लगा। बड़ी संख्या में बेरोजगारों के बीच इसे पुलिस और प्रशासन का भरपूर सहयोग मिलता रहा है ऐसे में बंदी और नियंत्रण पर बहस जरूरी है।

# आदि शकराचार्य ने हिंदू धर्म की पुर्नस्थापना की





**-अशोक प्रवृद्ध**

> द्रविड़ देशोत्पन्न ब्राह्मण शंकराचार्य ने चारों वेदों सहित समस्त शास्त्रों, व्याकरणादि शास्त्रों का अध्ययन एवं शुद्ध ज्ञान आठ वर्ष की अल्पायु में ही प्राप्त कर लिया था तथा सोलह वर्ष की किशोर अवस्था तक में ही गीता, उपनिषद् और ब्रह्मसूत्रों की भाष्यादि की रचना कर डाली थी। उसके पश्चात उन्होंने चौबीस वर्ष तक में समस्त भारत के वेदविरुद्ध मत वालों को शास्त्रार्थ में परास्त कर भारत में सनातन धर्म को पुनर्स्थापित किया।

**पीएम मोदी** बीते दिवाली के अगले दिन केदारनाथ धाम पहुंचकर आदि गुरु शंकराचार्य की समाधि का लोकार्पण किया। हिन्दू धर्म एवं उसके संस्कृतिमूलक साहित्य यथा, वेद, उपनिषद, दर्शन, ब्राह्मण एवं सूत्र ग्रन्थ की रचना उत्तर भारत में ही हुई। उतर भारत में ही धर्म एवं समाज के नेता हुए तथा सहस्त्रों वर्षों शताब्दियों तक हिन्दू - धर्म और संस्कृति का प्रवाह उत्तर भारत से दक्षिण की ओर निरन्तर होता रहा परन्तु आठवीं शताब्दी में दक्षिण से नूतन हिन्दू धर्म का सर्वप्रथम प्रवाह उत्तर भारत की ओर प्रवाहित होने की नवीनतम घटना घटती दृष्टिगोचर होती है। शंकराचार्य सर्वप्रथम दक्षिण से नवीन धर्मत्व को लेकर उत्तर भारत में आये तथा अपने असाधारण सामर्थ्य से उत्तर भारत में उन्होंने अपने नवीन धर्म का आरोपण किया।शंकराचार्य मसीह के आठवीं शताब्दी में केरल के कालडी ग्राम में एक नम्बूदरि ब्राह्मण के यहाँ पैदा हुए थे। द्रविड़ देशोत्पन्न ब्राह्मण शंकराचार्य ने चारों वेदों सहित समस्त शास्त्रों, व्याकरणादि शास्त्रों का अध्ययन एवं शुद्ध ज्ञान आठ वर्ष की अल्पायु में ही प्राप्त कर लिया था तथा सोलह वर्ष की किशोर अवस्था तक में ही गीता, उपनिषद् और ब्रह्मसूत्रों की भाष्यादि की रचना कर डाली थी। उसके पश्चात उन्होंने चौबीस वर्ष तक में समस्त भारत के वेदविरुद्ध मत वालों को शास्त्रार्थ में परास्त कर भारत में सनातन धर्म को पुनर्स्थापित किया।वैदिक धर्म के इतर आधुनिक हिन्दू धर्म का प्रारंभ 1000 वर्ष पूर्व से पुराना श्रीशंकराचार्य के समय से माना जा सकता है।

महान हिन्दू धर्म सुधारक शंकराचार्य की बतीस वर्ष की अल्पायु में ही शरीर त्याग दिया। हो गई परन्तु मृत्यु से पूर्व तीन बार उन्होंने समस्त भारत का भ्रमण किया तथा प्रसिद्ध विद्वानों से वाद- विवाद करके अद्वैतवाद के सिद्धांत की रचना की। वह महान विचारक ही नहीं वरन उच्च कोटि के संगठनकर्ता भी थे। उनके संगठनात्मक उत्साह के सर्वाधिक टिकाऊ स्मारकों में उनके द्वारा स्थापित विख्यात मठ हैं झ कर्णाटक की श्रृंगेरी में , गुजरात की द्वारका में , उड़ीसा की पूरी में एवं हिमालय की बफीर्ली चोटियों पर बदरीनाथ में। शंकराचार्य ने हिन्दू धर्म को अनेक कुरीतियों से निजात दिलाया।

प्राचीनकालीन शाक्त संप्रदाय देवी पूजा से जुडी हुई थी। शाक्त संप्रदाय पांच मकारों अर्थात मत्स्य, मांस, मद्य, मुद्रा (नृत्य) और मैथुन में विश्वास करता था। शंकराचार्य ने इस संप्रदाय को सुधारकर इसकी मूल प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित की। शंकराचार्य ने कापालिकों को भी सुधारा। तत्कालीन कापालिक भैरव देवता को प्रसन्न करने के लिए मानवों की बलि दिया करते थे।

इस प्रकार शंकराचार्य ने हिन्दू धर्म को पुनः उर्जस्वित किया तथा उसे नवीन दर्शन एवं नया स्वरुप प्रदान किया । शंकराचार्य के प्रादुर्भाव का युग उत्तर भारत में धार्मिक और राजनैतिक क्रांति का था।

आठवीं शताब्दी के लगभग सम्पूर्ण उत्तर भारत में बौद्धों के ह्रास के चिह्न प्रकट होने लगे थे। बौद्धों के मठों एवं विहारों की संख्या तो छोटे - बड़े प्रायः सभी नगरों में प्रयाप्त थी तथा उनमे बड़ी संख्या में भिक्षु झ भिक्षुनियाँ रहती थीं लेकिन वे अधिकतर अनाचार एवं अनैतिक पाखण्ड के केन्द्रविन्दु बने हुए थे। गांधार जनपद उजाड़ चुका था और वहाँ बौद्धों के विहार उजड़ रहे थे तथा हिन्दुओं के मन्दिरों का निर्माण होने लगा था। अफगानिस्तान, गांधार, बलूचिस्तान पर हिन्दू राज्य कायम हो गया था। कश्मीर में भी बौद्धों की बहुतायत थी।

यही दहस मथुरा, पाटलिपुत्र और कान्यकुब्ज की थी। नालन्दा विश्वविद्यालय वज्रयान संप्रदाय का केन्द्रस्थल था। पश्चिमी देशों के अपेक्षा भारत के पूर्वीय देशों में बौद्ध धर्म अभी संपन्न था। केवल प्रयग और काशी में बौद्धों का अत्यधिक तिरस्कार होता था तथा शिवलिंग की पूजा नगरों झ ग्रामों के प्रत्येक घरों में होने लगी थी।वैसे इस समय में सम्पूर्ण उत्तर भारत में प्राचीन वैदिक धर्म के स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म स्थापित हो रहा था। प्राचीन वैदिक धर्म से इस नवीन हिन्दू धर्म में दो बड़े अंतर (भेद) थे - एक सिद्धांत सम्बन्धी तथा दूसरा आचार- विचार सम्बन्धी।

प्राचीन धर्म से नवीन धर्म का सिद्धांत सम्बन्धी भेद यह था कि प्राचीन वैदिक धर्म में तत्वों के देवता माने जाते थे और सर्वव्यापक सर्वशक्तिमान ईश्वर की कल्पना की गई थी उसके स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म में ये देवता मूर्तिमान थे तथा इन पर परमेश्वर का एक मूर्त त्रिदेव समूह का था। यही त्रैकत्व नवीन हिन्दू धर्म की एक नई वस्तु थी। आचार सम्बन्धी नई बात मूर्तिपूजा थी। वैदिक धर्म में जो यज्ञ का महत्व था वही स्थान नये धर्म में देव मन्दिरों को प्राप्त हो गया तथा प्रतिमा पूजन का प्रारंभ एक नई वस्तु थी।

इस काल में सर्वत्र राजनीतिक अन्धकार व्याप्त था। कोई प्रबल स्वराज्य सत्ता देश में नहीं थी। यहअन्धरात्रि की स्थिति विशेषकर नवीं एवं दशवीं शताब्दी में थी । तत्पश्चात ग्यारहवीं -बारहवीं शताब्दी में दिल्ली और अजमेर में राजपूत राज्य स्थापित हुआ । उनकी चाल, व्यवहार, पद्धति सब विक्रम और शिलादित्य से निराली व अनूठी थी । इस प्रकार इस अन्धरात्रि ने प्राचीन को अवार्चीन से पृथक कर दिया था ।

एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि प्राचीन हिन्दूओं ने विदेशी आक्रामकों को अपने धर्म और जाति में मलिया लिया था । वैदिक आर्यों ने जब द्रविड़, असुरों आदि से युद्ध किये तो कालान्तर में ये दोनों जातियाँ भी आर्यों में सम्मिलित हो गईं । इसी प्रकार शक, तुर्क, आभीर, सीरियन, गुर्जर, हूण आदि जातियों को भी आर्यों ने अपने भीतर सम्मिलित कर लिया था ।

विभिन्न जातियों को अपने में सम्मिलित कर लेने का यह कार्य आर्यों ने राजनैतिक उन्नति और सामाजिक संगठन के विचार से किया था, परन्तु इन जातियों के मिश्रण से आर्यों का प्राचीन वैदिक धर्म बिलकुल विकृत हो गया ।इन विदेशी जातियों में अनेक समृद्ध विचार वाली तथा उन्नत आचार वाली भी थीं तथा वे जातियाँ अपने साथ अपने धर्म के संस्कार, अपने कुल, आचार और परम्परागत विचारों को लेकर हिन्दू धर्म में सम्मिलित होकर एक हुए ।

### खास बात

## लूटती ई-कॉमर्स कंपनियां

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**समूचे** भारत में इस वक्त ऑनलाइन ठगी का मुद्दा गमार्या हुआ है। ई-भुगतान के जरिए हमारा डाटा आसानी से चोरी हो रहा है। इंटरनेट से संचालित ई-कॉमर्स कंपनियां सस्ते और लुभावने लालच देकर धीरे-धीरे हमारे पारंपरिक बाजारों को कब्जाने की फिराक में हैं। करीब आधे से ज्यादा बाजार पर इन्होंने कब्जा कर भी लिया है। इंटरनेट की आड़ लेकर वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने-बेचने में ई-कॉमर्स कंपनियों ने भारतीय उपभोक्ताओं पर ऐसी छाप छोड़ी है जिससे ग्राहक उनकी ओर खिंच रहे हैं। पर, अब ग्राहक सस्ते दामों का गणित समझने लगे हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दो अव्वल ऑनलाइन कंपनियां फ्लिपकार्ट और अमेजन ने ग्राहकों को लोक-लुभावने ऑफर दिए हुए हैं। ये ऑफर बाजार में उपलब्ध तकरीबन सभी वस्तुओं पर है जो बाजार कीमतों से कहीं सस्ते हैं। लेकिन इसके पीछे कंपनियों की चालाकी और धोखाधड़ी भी छिपी होती है, जो खरीददारी के वक्त ग्राहक समझ नहीं पाते। कंपनियां ग्राहकों को दो तरीकों से ठगती हैं। एक तो सस्ता ऑफर देकर रद्दी किस्म का माल देती हैं। दूसरा, ग्राहकों से पैसे डिजिटल तरीके से लेती हैं, यानी ऑनलाइन। जिससे कंपनियां उनकी निजता पर भी चुपके से प्रहार करती हैं। इससे ग्राहकों का डाटा आसानी से चोरी हो जाता है। कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है कि ई-कॉमर्स कंपनियों और साइबर ठगों के बीच डाटा चोरी को लेकर सांठगांठ है।

बहरहाल, ई-कॉमर्स कंपनियां ने अब और विस्तार कर लिया है। सिर्फ बेचने-खरीदने तक सीमित नहीं रहीं। ई-बैंकिंग, ई-शॉपिंग व ई-बिजनेस इत्यादि क्षेत्रों पर भी ई-कॉमर्स कंपनियों ने कब्जा कर लिया है। हालांकि इससे उत्पादकों एवं विक्रेताओं को वस्तुओं एवं सेवाओं के विश्वव्यापी बाजार जरूर मिले है। पर, व्यापारिक सूचनाओं के आदान-प्रदान और क्वालिटी में भारी कटौती भी हुई है। दुखद पहलू ये है कि ई- कॉमर्स क्षेत्र में अब धीरे-धीरे वृद्धि के साथ, ई- कॉमर्स कंपनियों में धोखाधड़ी का खतरा तेजी से बढ़ा है।

# लक्ष्मण का भ्रम

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भरत** ने गुरु वसिष्ठ जी से कहा गुरु महाराज जब तक मैं अपने प्रभु के चरणों का दर्शन नहीं करूंगा मैं कुछ भी करने या कहने से लाचार हूं। इस तरह वसिष्ठजी की आज्ञानुसार भरतजी ने महाराज का श्राद्ध किया और श्राद्ध कर्म करने के बाद साथ में सेना, ब्राह्मण और वरिष्ठ नागरिकों को लेकर चित्रकूट के लिये प्रस्थान किये। वे पांव प्यादे ही जा रहे थे। इसलिये कि अंदर में यह भाव थी कि जिन जगहों पर मेरे भगवान पैदल गये हैं वहां बिना किसी तरह के जूते के गये है तो मैं उन रास्तों पर किसी तरह का पैंतनी नहीं पहन सकता । भरतजी यात्रा करते हुए प्रयाग पहुंचे। भारद्धाज मुनि के यहां वे भी ठहरे। भारद्धाज जी बोले- मैंने जिंदगी भर जो भी जप-तप, साधन और पुण्य किये थे उसका फल यह मिला कि राम, लक्ष्मण और सीता का दर्शन हुआ और उनके दर्शन का पुण्य ये हुआ कि भरतजी आपका दर्शन हुआ। पुनः वहां से यमुना जी पार कर चित्रकूट को प्रस्थान किये। जब भरतजी सेना सहित चित्रकूट पहुंच रहे थे तो थोड़ी देर के लिये लक्ष्मण जी को भ्रम हो गया। यह धूल कहां से उड़ रही है? इतने लोग कहां से आ रहें हैं? यह विचारकर लक्ष्मण जी ने पता लगवाया। पेड़ पर चढ़कर कुछ लोगों ने देखा और कहा कि बहुत बड़ी सेना के साथ भरत जी आ रहें हैं। लक्ष्मण जी इस भ्रम में पड़ गये कि शायद सेना लेकर भरतजी राम को मारने आ रहें हैं। वे शस्त्र सज्जित होकर धनुष का टंकार करने लगे। श्रीराम ने देखा कि लक्ष्मण युद्ध का वेश बनाकर तैयार है तो पूछा लक्ष्मण कौन सी बात है? युद्ध के लिये कौन आ रहा है? उन्होंने कहा भरतजी आ रहें हैं।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**मंज़िल** चाहे
कितनी भी ऊँची क्यों न हो...
तो रास्ते हमेशा
पैरों के नीचे होते हैं....
**-अनुपम खेर अभिनेता**

### आपके ट्वीट

**छत्तीसगढ़** में बदलाव की बयार साफ - साफ महसूस की जा सकती है।
जनसंपर्क के क्रम में जहां गयी, जिनसे मिली, सबने एक स्वर में कहा - कांग्रेस जा रही है, भाजपा आ रही है।अऊ न सहिबो,बदल के रहिबो । **- अन्नपूर्णा देवी**





**उलगुलान** के नायक धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया है। एक सप्ताह तक देशभर के जनजातीय योद्धाओं को देश याद करेगा, उनके प्रति कृतज्ञता प्रगट करेगा। **- अनुराग ठाकुर**

# क्रिकेट का कोहिनूर विराट कोहली

**आर.के. सिन्हा**

### सामयिक

**विराट** कोहली का क्रिकेट के मैदान में जुझारू तरीके से खेलने के अलावा एक दूसरा भी चेहरा है। वे जब क्रिकेट नहीं खेल रहे होते, या कहें कि फुर्सत में होते हैं तो वे सपरिवार वृंदावन जाना पसंद करते हैं। विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। वे इस साल के आरंभ में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। अगर विराट कोहली की शख्सियत के इस पक्ष से हटकर बात करें तो वे आजकल अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। वे सारी दुनिया की क्रिकेट के सबसे सम्मानित खिलाड़ी बन चुके हैं। विराट कोहली वनडे क्रिकेट में एक महा रिकॉर्ड से एक शतक दूर हैं। पिछले मैच में वे इस रिकॉर्ड से महज 5 रन दूर रह गए थे। विराट के नाम वनडे में 48 शतक दर्ज हैं, सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड 49 का है जो सचिन तेंदुलकर के नाम है। अपनी तमाम उपलब्धियों के बावजूद विराट कोहली की विनम्रता अनुकरणीय है। वे बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के केन्द्र फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली कई बार बेदी के चरण स्पर्श करते देखे गए थे। उन्होंने यह मुकाम परिश्रम, साधना और पक्के इरादे से पाया था। विराट कोहली का संबंध दिल्ली के एक सामान्य बिजनेस करने वाले परिवार से है। उनका बचपन पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में गुजरा। विराट के पापा प्रेम कोहली और मां सरोज ने उन्हें अभावों के बावजूद हरसंभव आगे बढ़ने के अवसर दिए। आजकल शांत दिखने वाले विराट कोहली कुछ साल पहले तक काफी अलग थे। वे बात-बात पर आवेश में आ जाया करते थे। एक बार आस्ट्रेलिया दौरे में उनके गुस्से का शिकार एक अंग्रेजी अखबार का पत्रकार भी हुआ था। विराट कोहली अब देश की सरहदों को पार कर दुनिया का सबसे पसंदीदा क्रिकेटर हैं। वे क्रिकेट और ब्रांड की दुनिया के बादशाह हैं। विराट कोहली स्मार्ट और हैंडसम भी हैं। उन्हें सुपर फिट रहने का जुनून है। उनसे एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी फिटनेस के बारे में पूछा। विराट कोहली का कहना था कि मुझे लगा कि अगर अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दिया तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा। वह बहुत नपा-तुला खाना खाते हैं। जिस व्यक्ति से प्रधानमंत्री फिटनेस के बारे में पूछे, उससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उसका कद क्या होगा। प्रधानमंत्री मोदी उनके विवाह में भी शामिल हुए थे।

आपको याद होगा कि इस साल मार्च के महीने में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टेस्ट शुरू होने से पहले जब भारत का राष्ट्रगान हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी, विराट कोहली और भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा साथ-साथ खड़े थे। विराट कोहली से बड़े- से- बड़े ब्रांड जुड़ने के लिए बेकरार रहते हैं।

विराट कोहली ने अपना पहला एड कैम्पेन 2010 में किया था। फास्ट्रैक का ये कैम्पेन उन्होंने अभिनेत्री जिनिलिया डिसूजा के साथ किया था। वो डील थी सिर्फ 25 लाख की और आज जानकार कहते हैं कि कोहली 7 करोड़ रुपये रोज के हिसाब से लेते हैं, किसी ब्रांड के विज्ञापन के लिए। विराट कोहली शीतल पेय पदार्थ पेप्सी और रंग को गोरा बनाने वाली एक उत्पाद के प्रचार करने से मना कर दिया था। विराट कोहली मानते हैं कि ये उत्पाद जंक फूड और नस्लवाद को बढ़ावा देते हैं। वे मानते हैं कि वो सिर्फ उन्हीं उत्पादों का प्रचार करेंगे जिससे वह खुद को भावनात्मक रूप से जोड़ सकें, जिसका इस्तेमाल वह खुद भी कर सकें।

### कार्टून वर्ल्ड

निर्धनता और उसका प्रभाव ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

### लेटर टू एडिटर

## युद्ध की विभीषिका

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा की बैठक युद्धविराम के पक्ष में 120, विरोध में 14 तथा 45 देश अनुपस्थित रहे। इससे स्पष्ट है युद्धविराम होना चाहिए किंतु अनुपस्थित देशों में भारत की मंशा युद्ध विराम से अधिक आतंक समाप्ति पर जोर देने की रही है। वस्तुतः 8000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और 20 लाख संघर्षरत हैं। परेशानियां कम नहीं होने वाली।

**-रिंकू, रातू**

## जानने का हक

**समाचार** नागरिकों को चंदे का स्त्रोत जानने का हक नहीं विषय में एटार्नी जनरल द्वारा दिए गए तर्क समझ से परे हैं। सवाल उठता है कि जिस दानदाता ने कर दायित्वों का पालन करते हुए दान दिया हो, उसे गोपनीयता की जरूरत क्या है। राजनीतिक दलों को दी जाने वाली दान की मोटी रकम महज दानशीलता की परिचायक हो, ऐसा तो नहीं लगता।

**- रविकांत राय, रांची**

# जीवन शैली में बदलाव, सही भोजन और नियमित चेकअप से मधुमेह पर नियंत्रण

### हेल्थ

**विश्व मधुमेह दिवस**

मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जो धीरे से शरीर में घर बनाती है। हालांकि इसे कंट्रोल में लाया जा सकता है। अगर कंट्रोल में लाने के बाद परहेज न किया जाए तो शरीर के लिए घातक हो सकता है। विश्व मधुमेह दिवस के मौके पर मेदांता हॉस्पिटल रांची के एक्सपर्ट डॉक्टरों का कहना है कि अगर परहेज बंद करने के बाद दोबारा डायबिटीज होता है तो शुगर लेवल बहुत ज्यादा बढ़ जाता है और यह मरीज के लिए अच्छा नहीं है।

मेदांता रांची के कंसल्टेंट फिजिसियन डॉक्टर गगनजोत कौर ने बतलाया कि मधुमेह का इलाज इसलिए करते हैं कि मरीज का आगे चलकर ऑर्गन डैमेज न हो। अगर किसी को डायबिटीज है तो आगे चलकर उसे हर्ट, किडनी, स्ट्रोक, नर्व्स और रेटिना संबंधित परेशानियां हो सकती है। अगर इसे कंट्रोल में रखा जाए तो आगे चलकर दिक्कत कम होगी। मधुमेह के प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अगर किसी को मधुमेह है, कल्पना के तौर पर अगर व्यक्ति को 20 साल तक मधुमेह है और शुरू के 10-15 साल अगर किसी मरीज ने मधुमेह को अगर कंट्रोल में रखा तो खतरा कम है। अगर किसी ने डायबिटीज होने के बाद शुरू के 5 से 10 सालों में इनिशियल कंट्रोल नहीं रखा है तो ऐसे हालत में आने वाले 5 से 10 सालों में टारगेट ऑर्गन डैमेज होने का रिस्क ज्यादा हो जाता है। टाइप-वन, टाइप-टू, टाइप-3 और टाइप फॉर डायबिटीज के प्रकार होते हैं। इसमें टाइप-वन डायबिटीज होता है, वह जेनेटिक होता है। टाइप-टू डायबिटीज में इन्वायरमेंट, लाइफ स्टाइल और जेनेटिक तीनों का मेकअप रहता है।

मेदांता रांची के कंसल्टेंट क्रिटिकल केयर एंड न्यूरो एनिस्थेसिया के डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अगर किसी को मधुमेह की बीमारी है, तो मरीज के नर्वस सिस्टम पर असर पड़ता है। अगर किसी को 5 या 10 साल तक मधुमेह है और वह कंट्रोल में नहीं है तो इसे मेडिकल की भाषा में डायबिटीज न्यूरोपैथी कहते हैं। दरअसल लंबे वक्त के डायबिटीक को दिक्कत होती है, जिसके चलते उसे पैरों में सनसनाहट और झिनझिनापन महसूस होता है। हाथ और पैरों में झिनझिनापन रहता है, इसे ही डायबीटिक न्यूरोपैथी कहा जाता है। पैरों में सूनापन या झीनझिनापन हो जाना, उसके लक्षण है। अगर हम डायबिटीज को कंट्रोल में रखते हैं तो इससे रिलेटेड जितने भी उसके कॉम्प्लिकेशंस हैं, कंट्रोल में रहेंगे। अगर हम डायबिटीज को अच्छे से कंट्रोल करें तो कई सारे जटिल आने वाली मेडिकल प्रॉब्लम्स से बचाव कर सकते हैं। अगर किसी को डायबिटीज हो जाता है तो सबसे पहले उसे अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करने की जरूरत होती है।

डॉक्टर गगनजोत कौर ने यह भी बताया कि मूल रूप से डायबिटीज अगर कंट्रोल नहीं किया गया तो कार्डियक कॉम्प्लिकेशंस के अलावा कई और कॉम्प्लिकेशंस भी हो सकते हैं। डायबिटीज के पेशेंट में हार्ट डिजीज होने के चांसेस ज्यादा होते हैं इसके अलावा क्रॉनिक किडनी डिजीज होने के चांसेस भी बढ़ जाते हैं।कई बार न्यूरोलॉजिकल कॉम्प्लिकेशंस होने के चांसेस बढ़ जाते हैं। कई बार इस स्टडी में यह भी देखा गया है कि केवल ओल्ड एज में डायबिटीज नहीं होता है डायबिटीज कम उम्र के लोगों में भी होता है और गर्भवती महिलाओं को भी होता है। इसके कई सारे कारण भी होते हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कोयला लदा ट्रक पलटा, चालक उपचालक सुरक्षित

**दारू।** थाना क्षेत्र के हजारीबाग बगोदर मार्ग पर सिवाने नदी के पास कोयला लदा ट्रक पलटा गया। इस घटना से एनएच 522 मार्ग पर कुछ देर के लिए आवा गमन बाधित रहा।घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना प्रभारी अमित कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।जहां उन्होंने अपने दल बल के साथ तत्परता दिखाते हुए ट्रक को किनारे करवाया तब जाकर आवागमन शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक कोयला लेकर हजारीबाग की ओर से बगोदर की ओर जा रहा था। इसी बीच अनियंत्रित होकर सिवाने नदी पुल के समीप पलट गया। इस घटना से चालक व उपचालक दोनों सुरक्षित रहे।

### रफ्तार का कहर, 2 ट्रक आपस में टकराए

**कटकमदाग।** थाना क्षेत्र स्थित पसई गांव में रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहा 2 ट्रकों का आपस में सीधा टक्कर हुआ है। गनीमत यह रही कि दोनो ट्रक के ड्राइवर और खलासी सुरक्षित है। कटकमदाग में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है जिसमें कई लोगों ने अपनी जान भी गवाही है परंतु सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है आपको बता दो इन दोनों ट्रैकों में से एक ट्रक जो गिरिडीह से सरिया लेकर गढ़वा की ओर जा रहा था उसके घायल ड्राइवर संजय कुमार यादव का ड्राइवरी लाइसेंस लाइट व्हीकल चलाने का है परंतु वह 12 चक्का जैसा हेवी व्हीकल चल रहा था। खबर किए जाने तक दुर्घटनाग्रस्त हुए दोनों गाड़ियां सड़क पर ही मौजूद हैं और वहां से गुजरने वाले अन्य गाड़ियों को तथा राहगीरों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### नवनिर्मित प्रखंड सह अंचल कार्यालय का उद्धघाटन आज

**चरही।** नव निर्मित प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन चुरचू का विधिवत उद्घाटन मंगलवार को किया जाएगा। जिसकी सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। यह उद्धघाटन मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के द्वारा किया जाना है।बीडीओ ललित राम और सीओ शशि भूषण सिंह के द्वारा सोमवार को नव निर्मित भवन जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीडीओ ललित राम, सीओ शशि भूषण सिंह,कनीय अभियंता अरुण सिंह, ब्लॉक कर्मी अनूप कुमार रवि, रामेश्वर राम, मुकेश कुमार सहित कई अंचल और ब्लॉक कर्मी शामिल थे।

### शिव मंदिर का श्रद्धालुओं ने किया जीणोर्धार

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत अंतर्गत केसडा गांव में 13 नवंबर सोमवार को पूर्व शिव मंदिर का जीणोर्धार को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर के गुंबज में लगाए जाने वाले पीतल धातु से बने बहुत ही आकर्ष मनमोहक कलश को बहुत ही हर्षोर्लास गाजे बाजे के साथ हर हर महादेव, शिव परिवार के जयकारा लगाते नाचते गाते नगर भ्रमण किया। और डहरभंगा गांव के वैष्णो देवी मंदिर , टाटीझरिया शिव मंदिर होते हुए पुनः केसडा शिवमंदिर के प्रांगण में आए। श्रद्धालुओं ने मंदिर के गुंबज में कलश 14 नवंबर मंगलवार को स्थापित करने की बात कही। कलश यात्रा नगर भ्रमण को सफल बनाने में अमीर महतो, परमेश्वर महतो, सरजू महतो, मानकी ठाकुर, गोवर्धन मिस्त्री,मोती महतो, खीरू महतो, भोला शर्मा, महेश प्रसाद, योगेश प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, संतोष प्रसाद, गौतम ठाकुर, पप्पू दास, राजू राणा संग सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त गण शामिल थे।

### काली पूजा, लक्ष्मी पूजा एवं सोहराय पूजा मनाई गई

**बड़कागांव।** प्रखंड में दीपावली पर्व,काली पूजा,लक्ष्मी पूजा,सोहराय पूजा धूमधाम से मनाई गई। बड़कागांव में काली पूजा का नेतृत्व काली पूजा समिति द्वारा की गई। बड़कागांव काली मंदिर में संधी पूजा,बलि पूजा एवं काली महाष्टमी पूजा की गई।इसका नेतृत्व कली पूजा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर राम,सचिव देवनारायण राम, कोषाध्यक्ष संजय कुमार रवि,संरक्षक रघुनाथ राम, महेश , मीडिया प्रभारी संजय सागर कार्यकरणी कमेटी में रामसेवक सोनी, बृजेश, राज किशोर सिन्हा,बिंदु दांगी ने मुख्य भूमिका निभाई काली पूजा समिति द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित होकर सदस्यों का मनोबल बढ़ाई।

### गांव में जंगली हाथी के प्रवेश से ग्रामीणों में दहशत

**गोला।** प्रखंड क्षेत्र के बरियातू गांव में सोमवार सुबह को एक जंगली हाथी प्रवेश कर गया। जिससे गांव के लोगों में अफरातफरी मच गई। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद दोपहर बाद हाथी को सुरक्षित सेरेंगातु जंगल में पहुंचा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी को गांव से निकालने के दौरान दर्जनों ग्रामीणों के खेत में लगे धान, आलू सहित अन्य फसलों को काफी क्षति पहुंचाई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा भुगतान की मांग की है। हाथी को गांव से जंगल की ओर ले जाने में वनकर्मी शिवशंकर, अनिल, दीपक कुमार, योगेंद्र महतो सहित अन्य कर्मियों का योगदान रहा।

### कैश वैन पलटने से सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल

**गोला।** रांची से गोला आ रही कैस वैन कमता गांव के समीप सोमवार दोपहर को अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। जिससे उसपर सवार सुरक्षा गार्ड आरा बिहार निवासी राजेश यादव उम्र 37वर्ष पिता बैजनाथ यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि चालक व अन्य सुरक्षा गार्ड सुरक्षित हैं। सूचना पर पहुंची गोला पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेते हुए घायल सुरक्षा गार्ड को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सुरक्षा गार्ड की प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गोला स्थित बैंक से कैस वैन नंबर जेएच 01 ई एक्स 7105 कैस लेने के गोला लिए आ रहा था। इस बीच उक्त स्थल पर घटना घटी।

### भदानीनगर कोल कम्पनी में मना काली पूजा

**भुरकुंडा।** भदानीनगर क्षेत्र के कोल कम्पनी में हर वर्ष की भांति इस साल भी रविवार की मध्य रात्रि पूरे विधि-विधान से मां काली की पूजा की गई। रात्रि 12 बजे पुरोहित भवानी पंडित ने पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना सम्पन्न कराया। पूजा अर्चना में बतौर यजमान जोहरन करमाली और सुनील बेदिया शामिल थे। पूजा अर्चना के दौरान जय मां काली सहित अन्य आराध्य देवी देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पूजा अर्चना के बाद मां काली को 21 बकरे की बलि दी गई। इसके बाद श्रद्धालुओं महिला-पुरुषों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# ग्रामीणों ने पेश की मिसाल, जनसहयोग से बना रहे सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता


सड़क निर्माण में लगे ग्रामीण

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बोदरा गावं के बागजोबरा टोला से बहेरा तक ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक से गुहार लगाई। लेकिन आश्वासन के अलावा ग्रामीणों को कुछ भी नहीं मिला। इससे नाराज ग्रामीणों ने जनसहयोग से 8 किलोमीटर तक जर्जर सड़क पर मिट्टी डाल कर निर्माण कर रहे हैं। साथ ही जनसहयोग से प्रखंड में एक मिशाल पेश कायम किया है। प्रशासनिक उपेक्षा व जनप्रतिनिधियों के झूठे आश्वासन से ग्राम बोदरा के बागजोबरा टोला के लोगों को प्रेरणा के समक्ष विवश होना पड़ गया। इस सराहनीय कार्य को आसपास के लोग प्रशंसा करते नहीं थक रहें। सड़क जीर्णोद्धार को परेशान थे। ग्रामीण चुरचू प्रखंड से निकलकर बहेरा पंचायत के मुख्य मार्ग चरही घाटो रोड को जोड़ती है। जहां सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। वहीं कच्ची सड़क काफी धंस चुकी थी। बरसात के मौसम में लोगों को पैदल चलना मुश्किल होता गया था। ग्रामीणों की मानें तो तकरीबन कई दशक पूर्व इस सड़क को सरकार के द्वारा कुछ दूरी तक निर्माण करवाया गया था। तथा कुछ दूरी तक मिट्टी-मोरम से निर्माण किया गया था। किन्तु निर्माण के बाद से आज तक इस सड़क की कोई सुधि नहीं ली गई। जिससे सड़क खस्ताहाल हो गया था। श्रमदान से लोगों ने सड़क बना डाली। मुख्य रूप से शामिल मुखिया प्रतिनिधि सहदेव किस्कू, अर्जुन हांसदा, सुरेश हांसदा, प्रयाग हांसदा, सुरेंद्र बास्के, जीव लाल हांसदा, महेश मुर्मू, संगीता मुर्मू, बुधनी देवी, मंजू मुर्मू, गुरुदेवाल हांसदा, निखिल किस्कू, अलवर मुर्मू, पुश लाल टुडू एवं गांव के महिला पुरुष उपस्थित थे।

### गांव में लकड़बग्घे के विचरण से ग्रामीण में दहशत

**गोला।** वन क्षेत्र के गावों में इन दोनों लगातार एक लकड़बग्घे को विचरण करते हुए देखा जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। बताया जाता है कि बीती रात को पतरातू गांव में ढ़ोल नगाड़े के साथ दीपावली के अवसर पर सोहराय खेलने निकले दर्जनों लोगों ने देखा। जिसके बाद से ही सभी लोग अपने-अपने घरों में दूबक गये। चले आ रहे परंपरा के अनुसार दीपावली की रात कुछ लोग ढ़ोल, नगाड़े, शहनाई के साथ सोहराय गीत गाते हुए प्रत्येक घरों में जाते हैं और रात्रि जागरण करते हैं। लेकिन लकड़बग्घे को देख सभी घबरा गए और घरों में दूबक गये। बताया जाता है कि पंद्रह दिनों पूर्व भी वन क्षेत्र के बाबलोंग गांव के जंगल में उक्त गांव के ही भीखू मांझी के गाय को लकड़बग्घे के द्वारा मारकर खाते हुए देखा गया था। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है।

### सड़क दुर्घटना में छात्र की घटना स्थल पर मौत

**दारु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कबिलासी पंचायत के पुनाई तीउज के पास सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई,यह घटना सोमवार की है। मृतक तिउज निवासी राकेश कुमार सिंह का एकलौता पुत्र श्यान कुमार सिंह उर्फ छोटू( उम्र 16 वर्ष) है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छोटू अपने घर से ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। मृतक के पिता ने छोटू को ट्यूशन से लौटने के क्रम में पटवन के लिए पेट्रोल लाने के लिए बोला था। साइकिल में किताब और बोतल लेकर जा रहा था। इसी दौरान पुनाई हनुमान मंदिर से दर्शन कर लौट रहा एक स्कॉर्पियो वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। वाहन भागने के क्रम में छोटू को करीब 50 फीट तक घसीटता हुआ चला गया। जिससे छोटू की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई। वाहन घटना के बाद करियातपुर की ओर भाग निकला। इस घटना के बाद मृतक के माता सुषमा देवी समेत अन्य परिजन का रो रो कर बुरा हाल है। अमृत लड़का फ्यूज पुणे हाय स्कूल के दसवीं कक्षा का छात्र था। घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में लोग जमा हो गए और देखते ही देखते पुनाई करियातपुर मार्ग दो घंटे के लिए जाम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना प्रभारी अमित कुमार ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# भू-माफियाओं का दंश झेलने को मजबूर है पडीरमा गांव

- विधि व्यवस्था स्थापना के लिए मौजूद है पुलिस
- निषेधाज्ञा लागू, विधि व्यवस्था में जुटे रहे पुलिस प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता


विवादित जमीन पर मौजूद पुलिस

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के पड़ीरमा गांव में नथुवा मारन मौजा के एक खेल मैदान जिसे स्थानीय लोग अडवार कहते है। जिसमे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सामुहिक रूप से गोबर्धन पूजा किया जाता रहा है। परन्तु कुछ भू माफियाओं की नजर उक्त जमीन पर गिद्ध दृष्टि बना रहा। जिसके तहत नकली कागजात बनाकर उक्त जमीन पर स्वयबक कब्जा जमाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने उक्त जमीन को लेकर अंचल कार्यलय का घेराव करते हुए पुलिस प्रशासन को सभी जानकारी देते हुए समस्या के निवारण हेतु आग्रह किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बरही अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर ने उक्त विवादित मैदान के आस-पास निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। जिसमें उक्त स्थल पर चार या चार से अधिक लोगो का जमावड़ा एवं किसी भी पूजा अनुष्ठान करने से मना कर दिया गया। साथ ही मामले को सुलझ जाने तक पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गयी है। इस बाबत अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो ने बताया कि उक्त भूमि गैरमजरूवा है, जिसे ग्रामीण अडवार बता रहे है तो एक पक्ष इसे भूदान पर्चा बताकर अपना बता रहे हैं। वर्तमान में भूमि पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निषेधाज्ञा लगाया गया है। वह अनुमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार विधि व्यवस्था बनाए रखने का कार्य कर रहे है। मौके पर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, सीआई सतीश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल व पदाधिकारी मौजूद थे।

## खेलो झारखंड मे हजारीबाग जिले के स्कूली तैराको ने जीते 28 मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर उपस्थित लोग।

**हजारीबाग।** खेलो झारखंड अंतर्गत राज स्तरीय स्कूली तैराकी प्रतियोगिता 10 एवं 11 नवंबर को होटवार खेल गांव में आयोजित की गई थी। जिसमें झारखंड के कई जिलों के विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए जिसमें हजारीबाग जिले के तैराकों ने 23 मेडल जीत कर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। इसके बाद हजारीबाग मे एकदिवसीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार उपस्थित हुए। सभी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले तैराकों में एंजेल्स हाई स्कूल हजारीबाग के छात्र अर्चित रंजन, उनमुक्त जैन, अनय अग्रवाल, निश्चय कुमार, अक्षय कुमार, आदित्य भूषण, आयुष आदर्श दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग के छात्र पियूष राणा, सास्वत दिवेदी, रूपम राज गुप्ता, श्रीयांशु कुमार,अमित कुमार ने 15 मेडल जीता है,और साथ ही राज्य स्तरिय विजेता सत्यम कुमार, गौरव कुमार, कुमार नीतीश, कुमार निधीस, हर्षित कुमार को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा की खेल में प्रतिभा रखने वाले हर खिलाड़ियों के साथ हम सभी खड़े हैं। मौके पर तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, सचिव प्रहलाद सिंह, सह सचिव मनु कुमार राना, मयंक जी, जया सिंह, कोच कौशल कुमार एवं गौरव कुमार, रवि सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सच्चे मन से श्रद्धा रखने वाले भक्तों पर हमेशा मां अपनी कृपा बनाई रखती है : रोशन लाल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री काली पूजा समिति के तत्वावधान में थाना चैक मैदान भुरकुंडा में रविवार की मध्य रात्रि पूरे विधि-विधान से मां काली की पूजा की गई। रात्रि 12 बजे पुरोहित ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना सम्पन्न कराया। पूजा अर्चना के दौरान जय मां काली सहित अन्य आराध्य देवी देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इसके पूर्व श्रीश्री काली पूजा भुरकुंडा समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने पूजा में शामिल आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चैधरी और शशि भूषण सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने बताया कि 14 नवंबर मंगलवार को संध्या 4 बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इधर रोशन लाल चैधरी ने मां काली का दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद दीया जलाकर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से श्रद्धा रखने वाले भक्तों पर मां अपनी कृपा हमेशा बनाई रखती है। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में पप्पू सिंह, प्रभाष दास, मुखिया ब्यास पांडेय, प्रदीप मांझी, सरोज कांत झा, अरविंद सहाय, कामेश्वर मेहता, उदय स्वर्णकार, शंकर, पिंकू , वरुण कुमार, अनिल पासवान, घनश्याम, रिंकू, आकाश, दयानंद, पप्पू, प्रशांत, दिनकर, लखन पासवान, मनीष, राजू, सुभाष, गौतम, दिनेश, बिगन, आदित्य, अरुण, राजा, शिबू आदि श्रद्धालु भक्तगण जुटे हैं।

# कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल में मनी दीपावली

## सुख-समृद्धि और हरियाली-खुशहाली की हुई कामना

विद्युत सज्जा व आतिशबाजी रहा आकर्षण का केंद्र देर रात्रि मां काली की हुई पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता


जवाहर नगर दुर्गा मंडप में स्थापित मां काली की प्रतिमा

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल, उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार की मध्य रात्रि काली पूजा धूमधाम और भक्तिभाव से संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न पूजा-पंडालों और काली मंडप में पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रात्रि में मां काली की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैंकड़ों महिला पुरूष और बच्चों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। कोयलांचल के जवाहर नगर, थाना चैक स्थित काली मंदिर, पगला आश्रम, हॉस्पीटल कॉलोनी, पटेल नगर, बिरसा चैक, शिव नगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, कोल कंपनी, रीवर साईड, बलकुदरा, कुरसे, चिकोर, महुआ टोला, निम्मी, पाली, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, लादी, पाली, लपंगा, जयनगर, सौंदा बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके पूर्व दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। दीपावली के अवसर पर दुकानों और कॉलोनियों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था। वहीं लोगों ने अपने-अपने घरों में रंगोली और दीया जलाकर दीपावली का त्योहार मनाया। इस दौरान जमकर आतिशबाजियां भी हुई जो देर रात्रि तक चलती रही। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की बधाई दी। साथ ही भक्तों ने मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और मां काली के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली खुशहाली की कामना की। इधर भाग्य आजमाने को लेकर कही-कहीं लोगों को जुआ खेलते भी देखा गया। इधर भदानीनगर के कोल कंपनी सहित कई जगहों पर काली पूजा के पावन अवसर पर सोमवार को भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा को ले कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्ति जागरण का भी आयोजन हुआ।

## एक नजर में

### मजदूर की सिरसी डामोडीह में संदेहास्पद मौत

मृतक की पत्नी ने पैसा मांगने पर करंट लगा कर मार देने का लगाया आरोप

**कटकमदाग।** थाना क्षेत्र के बेस पंचायत के हारम कुरलूंगा निवासी मंटू तुर्की की कटकमदाग के ही सिरसी डामोडीह में संदेहास्पद मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों ने उसे करंट लगा कर मार देने का भी आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी मीना लिंडा ने बताया कि वह डामोडीह निवासी मुबारक मिया के घर 1 महीना कार्य किया था। मजदूरी मांगने वह ठेकेदार मुबारक मियां के घर गया था। परंतु वहा से खबर आयी की बिजली की तार के चपेट में आने से उसकी मृत्य हो गई है। पत्नी ने मुबारक पर करंट लगा कर मार देने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। वही कल से बॉडी शेख भिखारी मेडिकल कालेज के पोस्टमार्टम हाउस में रखी हुई है परंतु अभी तक उसका पोस्टमार्टम नहीं किया गया है। इसकी खबर कांग्रेस के नेता मुन्ना सिंह को लगी तो वह शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तथा उन्हीं के पहल पर पोस्टमार्टम की गयी। उन्होंने प्रशासन से न्यायिक जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि मंटू तुर्की घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था तथा अपने पीछे 2 छोटे बच्चे छोड़ कर दुनिया से चल बसा है।

### सदर विधायक ने छठ महाव्रतियों को भेंट किया पूजन साड़ी

**कटकमसांडी।** छठ महापर्व को लेकर जरूरतमंद छठ महाव्रतियों के बीच व्यापक स्तर पर पूजन साड़ी सोमवार को सदर विधायक ने अपने हाथो से भेंट किया। इसी कड़ी के तहत कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र की गदोखर, डांड, लुपुंग, बरगडा, डांटो खुर्द,आराभूषाई इन तमाम क्षेत्रों में जरूरतमंद छठ महाव्रती माता-बहनों के बीच विनम्रतापूर्वक और श्रद्धापूर्वक लगातर दुसरे वर्ष पूजन साड़ी विधायक श्री मनीष जायसवाल अपने हाथों से पूजन साड़ी भेंट किए। मौके पे विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता , भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, अनिल मिश्रा, नारायण साव, दिलीप, सुमन, आदित्य दांगी,दीपक मेहता, नरेश,रामकिशोर, मथुरा, बिजूल देवी, मिथलेश सिंह, ओमकार राय, राजेश यादव, सुनीता यादव एवं दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य : डब्लू सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाज सेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक रविवार की भांति इस रविवार को भी दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आये गरीब-जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल आदि ने भुरकुंडा व्यवसायी प्रमोद शर्मा एवं अनूप पाठक गौतम पात्रा के सहयोग से 150 महिला-पुरुषों एवं बच्चों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया। साथ ही दीपावली की बधाई देते हुए आगे भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षो से समाज के लोगो के सहयोग से भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, डॉ जयश्री मेहता, शिक्षक रिंकू, शिवकुमार, लखन, राकेश, कमलेश, राजेश शर्मा, कन्हैया, संजू, रंजीत, राजेश, गोल्डी कुमार, मोहम्मद मुमताज, परमजीत, सुनीता कौर, ईशा गिल, रमेश सोनी आदि का विशेष योगदान रहा।

### भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली खुशहाली का आगमन होता है : अनूप ठाकुर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री श्री काली पूजा समिति के तत्वावधान में भदानीनगर के कोल कंपनी में काली पूजा के अवसर पर सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ भाजपा भदानीनगर मंडल के उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने श्रद्धालु भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। मौके पर अनूप ठाकुर ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए श्रद्धालु भक्तों को हर हाल में प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में सुख समृद्धि का आगमन होता है, साथी क्षेत्र में हरियाली खुशहाली आती है। ठाकुर ने मां काली की समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। भंडारा को सफल बनाने में पूजा समिति के जहोरन करमाली, विजेंद्र बेदिया, अमित कुमार करनाली, दीपक करमाली, रवि, आनंद, सुनील, अनिल बेदिया, आकाश करमाली, सुरज, सुनील क्षेत्री, अनुप क्षेत्री, अजय, विशल, सनी, अमित आदि का विशेष योगदान रहा।

### काली पूजा आज, छिन्नमस्तिका दक्षिणेश्वरी काली मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी से सजा



**रजरप्पा।** सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर तंत्र-मंत्र की साधना और सिद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसीलिए कई बड़े तांत्रिक साधक यहां पहुंच गए हैं। कई खुले आसमान के नीचे तो कई पहुंचे हुए तांत्रिक श्मशान भूमि और घने जंगलों में भी गुप्तरुप से तंत्र-मंत्र सिद्धि के लिए साधना करेंगे। सिद्धि के लिए यह भूमि प्रभावशाली मानी जाती है। छिन्नमस्तिका दक्षिणेश्वरी काली मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। कार्तिक अमावस्या के मौके पर पूजा-अर्चना के लिए इन मंदिरों के पट रातभर खुले रहेंगे और पूजा होती रहेगी। दक्षिणेश्वरी काली मंदिर के पुजारी दुर्गा दत्त पांडेय एवं वरीय पूजारी लोकेश पंडा ने बताया कि दस महाविद्या में दक्षिणेश्वरी काली प्रथम रूप हैं। दीपावली की रात मां के दर्शन का खास महत्व है। इसी वजह से झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल सहित आसपास के राज्यों के लोग यहां आते हैं। तंत्र सिद्धि के लिए साधू-संतों का भी जमावड़ा लगता है। उन्होंने बताया कि छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में कुल 13 हवन कुंड हैं। इसमें कार्तिक अमावस्या की रात साधक और तांत्रिक इन हवन कुंडों में विशेष अनुष्ठान करते हैं।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक की मौत

**मांडू।** मांडू थाना क्षेत्र रिलायंस पेट्रोल पॉप के समीप सोमवार 6:00 बजे शाम अज्ञात टेलर की चपेट में आने से रॉयल एनफील्ड में सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि यह तीनों युवक मांडू के रहने वाला था। लालदेव करमाली, धनतेरस के शुभ अवसर पर अपना बेटा के लिए रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल ले दिया था। इसी न्यू रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल से तीनों युवक कुजू से अपने घर मांडू लौटने के क्रम में रिलायंस पेट्रोल पॉप के सामने अज्ञात टेलर ने अपने चपेट में लेते हुए फरार हो गया। जिससे तीनों युवकों करण कुमार, पिता राजू साव, रौनक कुमार, पिता लालदेव करमाली,रोहित कुमार, पिता कुलदीप साव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई मांडू थाना प्रभारी के द्वारा तीनों लाशों को थाना लाया गया।

### दिवाली में की रात खुलेआम चला जुआ

**हजारीबाग।** दीवाली की रात एक तरफ जहां लोग दीपोत्सव व त्यौहार का आनंद अपने परिवार जनों के साथ ले रहे थे वहीं दूसरीओर बंद घरों में जुए का खेल खेलने वाले जुआरी इस साल सरेराह सड़कों पर जुआ खेलतें देखे गये। रविवार रात का आलम ये था कि शहर के प्रतिष्ठित माने जाने वाले इलाके कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी, कृष्णापुरी के लोचन पथ तालाब के मुख्य सड़क के बीचोंबीच, जबरा रोड, लाखे मैदान, बंशीधर कॉलोनी रोड, ओकनी चौक, खिरगांव चौक सहित शहर के कई स्थानों शाम होते ही अलग अलग जमघट लगे देखे गये। पुलिस कई दिनों से लगातार चल रहे इस जुए को रोकने में नाकाम रही है।

# पर्यावरण-अनुकूल हरित कृषि के लिए अभिनव नैनो-उर्वरक

डॉ। मनसुख मांडविया

**हमारे** देश की 1।4 बिलियन आबादी के लिए अनाज की उपलब्धता हो, इसके लिए खाद्यान्न उत्पादन मेंवृद्धि करने की आवश्यकता है। उर्वरक, कृषि उत्पादन को बढ़ाने के महत्वपूर्ण इनपुट में से एक है। पिछले 9 वर्षों में, हमारे प्रयासों के फलस्वरूप यूरिया की उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है, जो नाइट्रोजन (एन) स्रोत का एक प्रमुख उर्वरक है। यूरिया उत्पादन बढ़कर 283।74 एलएमटी/वर्ष हो गया है, जो 2013-14 के 207।54एलएमटी/वर्ष की तुलना में बड़ी छलांग है। इसी प्रकार, उर्वरक उद्योग (सार्वजनिक, सहकारी और निजीकंपनियों समेत) भी फॉस्फेट (पी) और पोटाश (के) आधारित उर्वरकों के अन्य प्रमुख पोषक तत्वों कोसक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। सतत कृषि के लिए एनपीके उर्वरकों का संतुलित उपयोग आवश्यक है।

हालांकि, फसल उत्पादकता बढ़ाने और लगातार बढ़ती आबादी को खाद्यान्न उपलब्ध कराने कीआवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, उर्वरकों के अधिक और असंतुलित उपयोग के कारण मिट्टी कीउर्वरता तथा मिट्टी और जल संरक्षण के महत्वपूर्ण पहलू को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप मिट्टी में पोषक तत्वों और पानी की कमी हो गई है, जो उनकी उर्वरता स्थिति में दिखायीपड़ती है। इसकी वजह से उर्वरक उपयोग दक्षता (एफयूई) को बढ़ाने और मिट्टी व पर्यावरण को संरक्षितकरने के लिए एक अभिनव तकनीक की आवश्यकता हुई। इस समस्या को हल करने और उर्वरक के कम

उपयोग द्वारा ही अधिक उत्पादन करने संबंधी समाधान के रूप में नए युग की नैनो तकनीक सामने आयीहै, यानी इनपुट उपयोग की दक्षता बढ़ाने के साथ पर्यावरण फुटप्रिंट में कमी करना।

मेक इन इंडिया के बारे में हमारे माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरणा लेते हुए, भारतीय वैज्ञानिकोंऔर इंजीनियरों ने नैनो यूरिया (तरल) विकसित किया है, जो स्वदेशी रूप से विकसित पहला नैनो उर्वरकहै। सख्त जैव-प्रभाव व जैव-सुरक्षा परीक्षण प्रोटोकॉल पूरा करने के बाद नैनो यूरिया को 2021 में उर्वरक

नियंत्रण आदेश (एफसीओ) के तहत अधिसूचित किया गया। यह राष्ट्र की खाद्य और पोषण सुरक्षासुनिश्चित करने के लिए अमृत काल के दौरान ;आत्मनिर्भर कृषि औरआत्मनिर्भर भारत के तहत कीगई पहल का एक आदर्श उदाहरण है। अब तक, गुजरात के कलोल तथा उत्तर प्रदेश के फूलपुर और ओनलामें 17 करोड़ बोतलों की क्षमता वाले नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित किए गए हैं। 2025 तक, नांगल, ट्रॉम्बे,बेंगलुरु, देवगढ़, गुवाहाटी समेत कई स्थानों पर अन्य नैनो संयंत्र तैयार हो जाएंगे, जिससे नैनो यूरिया




उत्पादन क्षमता 44 करोड़ बोतल/वर्ष से अधिक हो जाएगी, जो पारंपरिक यूरिया के लगभग 195 एलएमटीके बराबर होगी।नैनो यूरिया की कीमत यूरिया के एक बैग की कीमत से 16 प्रतिशत कम है और किसान इसे आसानी सेअपने खेतों तक ले जा सकते हैं, जिससे नैनो यूरिया की बोतलों की बिक्री में वृद्धि हुई है। अधिकांश युवाकिसानों ने इस सुविधा की सराहना की है। लॉजिस्टिक्स और भंडारण लागत के मामले में भी नैनो यूरियाके लाभ देखे जा सकते हैं। एक पारंपरिक उर्वरक रेक (बीसीएनएचएल) में पारंपरिक यूरिया के 69,600 बैगकी ढुलाई की जा सकती है, जबकि ऐसा ही अन्य रेक नैनो यूरिया की 29 लाख बोतलें ले जा सकता है। इसीतरह, 533 बैग यूरिया ले जाने वाला एक 24 मीट्रिक टन ट्रक नैनो यूरिया की 30,000 बोतलें ले जा सकताहै। पूंजीगत व्यय, ऊर्जा खपत और कार्बन डाइऑक्साइड के कम उत्सर्जन के मामले में भी पारंपरिकयूरिया संयंत्र की तुलना में नैनो यूरिया संयंत्र लाभप्रद हैं। नैनो यूरिया- एनयू (तरल) पोषक तत्व उपयोगकी उच्च दक्षता (एनयूई) प्रदर्शित करता है और इसे अपनाने से कृषि उत्पादकता, उपज की गुणवत्ता,किसानों के लिए लाभ में वृद्धि होती है, जबकि मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण, लॉजिस्टिक्स एवं भंडारणलागत में कमी आती है। खरीफ 2021 में धान, मक्का, रागी, बाजरा, अदरक पर 20 स्थानों परआईसीएआर द्वारा नैनो यूरिया के क्षेत्रीय प्रयोगों में कृषि-उपज में 3- 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयीऔर किसानों के लिए 25-50% की बचत का संकेत मिला।पिछले तीन सीजन के दौरान, 192 लाख किसानों ने 150 लाख हेक्टेयर भूमि पर यूरिया की खुराकों केसंभावित विकल्प के रूप में नैनो यूरिया लिक्विड की 6। 5 करोड़ बोतलें (500 मिलीलीटर प्रत्येक) काउपभोग किया है। किसानों के खेतों के स्तर पर भी, नैनो यूरिया के उपयोग के बेहद उत्साहजनक परिणाममिल रहे हैं। वर्ष 2021-22 की तुलना में 2022-23 के दौरान नैनो यूरिया की बिक्री में जहां 55 प्रतिशत की

वृद्धि हुई, वहीं पारंपरिक यूरिया की बिक्री में महज चार प्रतिशत की मामूली वृद्धि ही दर्ज की गई। वर्ष2022-23 के दौरान, पंजाब, केरल, तमिलनाडु, जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड औरअसम जैसे राज्यों में जहां पारंपरिक यूरिया की खपत में कमी देखी गई है, वहीं आनुपातिक रूप से इन

राज्यों में नैनो यूरिया की खपत में वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, 2021-22 की तुलना में 2022-23 मेंपंजाब में नैनो यूरिया की खपत 27 प्रतिशत, केरल में 20 प्रतिशत, उत्तराखंड में 67 प्रतिशत, जम्मू एवंकश्मीर में 49। 6 प्रतिशत बढ़ी है। इसी प्रकार, 2022 के पिछले खरीफ मौसम की तुलना में 2023 के खरीफमौसम में जहां नैनो यूरिया की बिक्री में वृद्धि हुई, वहीं हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर में एनसीयूकी बिक्री कम हो गई। वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 189 जिलों में पारंपरिकयूरिया की खपत में कमी देखी गई। इनमें से 16 राज्यों के 130 जिलों में जहां पारंपरिक यूरिया की खपत मेंऔसतन 12 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, वहीं नैनो यूरिया की खपत में 76 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।वर्ष 2022 के खरीफ मौसम की तुलना में 2023 के खरीफ मौसम के दौरान 113 जिलों में नैनो यूरिया केउपयोग के कारण पारंपरिक यूरिया की बिक्री में कमी देखी गई।

नैनो डीएपी, जोकि हाल ही में आया एक नैनो उर्वरक है, फसलों के पोषण के मामले में एक और उपलब्धिहै। यह पारंपरिक की खपत को कम कर सकता है, जिससे डीएपी के आयात में अंततः कमी आएगी।

उर्वरकों के क्षेत्र में नैनो एनपीके, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, नैनो बोरोन, नैनो सल्फर आदि के विकास कीदिशा में हो रहे आगे के शोध से निश्चित रूप से भविष्य में पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ कृषि को बढ़ावा

मिलेगा। नैनो उर्वरकों के उपयोग से वैकल्पिक एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने

की दृष्टि से शुरू किए गए धरती माता के उन्नयन, जागरूकता, पोषण एवं उन्नति से संबंधित प्रधानमंत्रीके कार्यक्रम (पीएम प्रणाम) के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी)के उत्सर्जन में कमी, लोगों की सब्सिडी, परिवहन और अन्य विविध लागतों की बचत के रूप में मिलनेवाले लाभ कई गुना बढ़ जायेंगे, जो अंततः राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।इसके अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)- कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके), कृषि

प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए) और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवंकिसान फील्ड स्कूल (एफएफएस) आदि के तहत आने वाले स्वयं सहायता समूहों जैसे मौजूदा संस्थागतसंरचनाओं का लाभ उठाते हुए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान और किसान संपर्क कार्यक्रम शुरू किएगए हैं। जागरूकता में वृद्धि, ड्रोन से छिड़काव के सुविकसित इकोसिस्टम और फसल आधारित उत्कृष्टअनुप्रयोगों से लैस अन्य स्प्रेयर के साथ थोक रासायनिक उर्वरकों की खपत में सहवर्ती कमी और उनकेतर्कसंगत उपयोग से आने वाले समय में नैनो उर्वरकों का उपयोग बढ़ने की उम्मीद है।

नैनो यूरिया एवं अन्य नैनो उर्वरकों को व्यापक रूप से अपनाए जाने से किसानों की लाभप्रदता में वृद्धिहोगी और संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल किया जा सकेगा। अबसमय आ गया है कि स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरकों के समग्र प्रभाव को सभी हितधारकों द्वाराएकजुट होकर समझा व प्रोत्साहित किया जाए। किसानों द्वारा फसलों उत्पादन की रणनीतियों में नैनोउर्वरकों को शामिल किए जाने से ह्रस्वस्थ और फिट भारतह्र के लिए पर्यावरण के अनुकूल हरित कृषि केसाथ-साथ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी।

## जलवायु परिवर्तन और बेतहाशा पर्यटन से आल्प्स पर मंडराता खतरा

छुट्टियां बिताने के लिए आल्प्स एक मशहूर ठिकाना है लेकिन जलवायु परिवर्तन और ओवर टूरिज्म यानी बेहिसाब पर्यटन की मार उस पर पड़ी है।. क्या उस इलाके में इस कदर पर्यटन अभी भी संभव है?



## विश्व में बढ़ती पर्यावरण की समस्या

### स्विटजरलैंड में लोगों को गांव खाली करने की हिदायत दी गई

अद्भुत नजारे, लंबी पहाड़ी ढलानें, निर्जन चोटियां और बर्फ से ढका एक सुरम्य शांत वातावरण ह्र गर्मी हो या सर्दी, यूरोप के अल्पाइन क्षेत्र में आने वालों का तांता लगा रहता है. लेकिन अब आल्प्स - ट्रैफिक जाम, भीड़ भरे गांवो और पैदल चलने वाले रास्तों और स्कीइंग की ढलानों को अवरुद्ध करते मौजमस्ती के शौकीनों की वजह से कुख्यात बनता जा रहा है। अल्पाइन के गांवों का मौलिक लैंडस्केप अब पर्यटकों को ठूंसठूंस कर भरने वाले कंक्रीट के बेढंगे किलों में बदल चुका है।

### स्विस अल्पाइन रिसॉर्टस्विस अल्पाइन रिसॉर्ट

हाल के दिनों में, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव आल्प्स की मुसीबतों को बढ़ाने लगे हैं. स्टेफन राइष कहते हैं, ॄये साफ साफ महसूस किया जा सकता है कि अल्पाइन इलाके में वॉर्मिंग, विश्व औसत के मुकाबले काफी गंभीर तेजी के साथ बढ़ रही है। स्टेफन राइष करीब 14 लाख सदस्यों वाले, पर्वतारोहियों और हाइकरों के दुनिया में सबसे बड़े संगठन-जर्मन अल्पाइन क्लब में नेचर प्रोटेक्शन के इंचार्ज हैं। उन्होंने डीडब्लू को बताया कि और तपिश भरी लू और कम बर्फबारी से न सिर्फ ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं बल्कि पर्माफ्रॉस्ट की मिट्टी भी द्रुत गति से छीज रही है. इसके अलावा, तूफानों की ताकत और आवृत्ति तेज हो रही है, जिससे पहाड़ी ढलानों पर जंगल के जंगल खत्म हो रहे हैं. नतीजतन मिट्टी का धंसाव और होने लगा है, जो भूस्खलन के खतरे बढ़ा सकता है।

स्विस आल्प्स में बसे एक गांव को पत्थर गिरने की वजह से खाली करने का आदेश दिया गयास्विस आल्प्स में बसे एक गांव को पत्थर गिरने की वजह से खाली करने का आदेश दिया गया।

पहाड़ से गिरते पत्थरों की वजह से तलहटी में बसे गांवों के लिए भी खतरा बढ़ गया है

### खतरे में पर्यटन

अल्पाइन के लोगों के लिए **टूरिज्म** ही रोजीरोटीका प्रमुख जरिया रहा है. छुट्टियां बिताने वालों की सालाना आमद पहले जैसी तो होने से रही. लेकिन राइष मानते हैं कि इसका उलट ही होना है. उन्हें लगता है कि इलाका अब टूरिस्टों के बीच और लोकप्रिय हो जाएगा। वजह है जलवायु परिवर्तन - क्योंकि पहाड़ी इलाका निचली जगहों के मुकाबले ज्यादा ठंडा रहेगा. जलवायु परिवर्तन की सबसे ज्यादा मार खासतौर पर स्कीइंग रिसॉर्टो पर पड़ी जिन्हें खुद को नये हालात में सबसे ज्याद ढालना होगा। कम बर्फबारी और उच्च होते तापमान पहले ही उन पर आफत बने हुए हैं। कुदरती बर्फ के अभाव में स्थानीय समुदायों को अपनी जरूरतों के लिए तकनीकी जरियों पर निर्भर होना पड़ा है और उसके चलते उनके बिलों की राशि भी अच्छीखासी बढ़ रही है।

### आल्प्स में पिघलता ग्लेशियरआल्प्स में पिघलता ग्लेशियर

ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलें भी आल्प्स में बसे गांवों के लिए नए संकट पैदा कर रही हैं और तो और अल्पाइन का तापमान, इस कदर बढ़ता जा रहा है कि स्नो कैनन और नकली बर्फ बनाने वाली दूसरी मशीनें भी व्यर्थ हो रही हैं. ये तमाम परिघटनाएं, आल्प्स में टूरिज्म का चेहरा बदल देंगी. जबकि ये वही इलाका है जिसके पास सबसे ज्यादा विंटर रिसॉर्ट हैं. आल्प्स की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय आयोग (सिप्रा) से जुड़ी हेनरिएत अडोल्फ मानती हैं कि भविष्य में लोग, अल्पाइन स्कीइंग के सात दिनों का लुत्फ तो नहीं उठा पाएंगे लेकिन कुछ विशिष्ट मौकों पर स्थानीय स्थितियों के अनुकूल गतिविधियों में व्यस्त रहने के लिए उन्हें खुद को ढालना होगा। अडोल्फ का सुझाव है कि अल्पाइन स्कीइंग का विकल्प, क्रॉस-कंट्री स्कीइंग हो सकता है जिसमें कम बर्फ चाहिए होती है। उन्हें ये भी लगता है कि टूरिस्ट समय के साथ बर्फ के बिना मजा उठाने के आदी बनते जाएंगे. उन्होंने पर्यटन से जुड़े स्थानीय अधिकारियों से कहा कि वे साल भर के सीजनों की तैयारी करें जिनमें, मिसाल के लिए, रिफिटिंग स्कीइंग लिफ्टों का इस्तेमाल किया जा सकता है और उन्हें हाइकरों के लिए भी उपलब्ध कराया जा सकता है।

### जलवायु संकट के बीच हाइकिंग?

आल्प्स में हाइकिंग और पर्वतारोहण की लोकप्रियता में इजाफे के बावजूद, ये गतिविधियां ज्यादा खतरनाक भी हो रही हैं. ऑस्ट्रिया के अल्पाइन क्लब ने हाल में अपने सदस्यों को एक न्यूजलैटर के जरिए बताया, ॄखासतौर पर ऊंचाई पर जाने वाले पर्वतारोहियों के लिए ग्लोबल वॉर्मिंग के परिणाम और ग्लेशियर वाले इलाकों में बढ़ते खतरे नाटकीय (चिंताजनक) हैं। 2400 मीटर से ऊपर की ऊंचाई वाले इलाकों में पर्माफ्रॉस्ट (बफीर्ली जमीन) के मंद गति से हो रहे पिघलाव ने एक बड़ी समस्या खड़ी कर दी है. ये स्थायी रूप से बर्फ से जमी हुई जमीनें असरदार तरीके से ग्लू के रूप में काम करते हुए तमाम चट्टानी संरचनाओं को थामे रखती हैं।

उनके पिघलने से मडस्लाइड, चट्टानों के खिसकने या पहाड़ के पहाड़ ढह जाने का खतरा हो सकता है। इस साल जून में, ऑस्ट्रिया के टाइरोल प्रांत में फ्लुश्टहोर्न पर्वत शिखर का हिस्सा रही दस लाख घन मीटर से ज्यादा की चट्टान ( माल से लदे 120000 ट्रकों के बराबर) टूट कर नीचे घाटी में जा गिरी जिससे मडस्लाइड आ गया। राइष कहते हैं, भूस्खलनों और उसी जैसी घटनाओं की वजह से, लंबी दूरी की पैदल यात्राओं के रास्ते अस्थायी रूप से बंद करने होंगे या स्थायी तौर पर नये रास्ते खोलने होंगे।

### फ्रांस आल्प्स में पर्यटक

सोशल मीडिया की वजह से आल्प्स टूरिज्म को बहुत बढ़ावा मिला है ऑस्ट्रियाई अल्पाइन क्लब के गेरहार्ड म्युसमर कहते हैं कि टूरिस्ट मुद्रित गाइडपुस्तकों या एनालॉग नक्शों के भरोसे और नहीं रह सकते। उन्हें अपने सफर की तमाम सूचना इंटरनेट पोर्टलों या सीधे स्थानीय लोगों से ज्यादा बेहतर ढंह से मिल जाती हैं। अल्पाइन के भूभाग में जलवायु से जुड़े संकट, पहाड़ियों पर झौपड़ियों और शेल्टरों के संचालकों पर खुद को नये हालात में ढालने का दबाव बढ़ा रहे हैं। उनमें से कुछ ठिकानों का संचालन अल्पाइन क्लब करता है। उन्हें मिट्टी के धंसाव को रोकने के लिए अपनी नीवें फिर से बनानी पड़ी। इसके अलावा गर्मियों में पानी की किल्लत भी रहने लगी है। राइष कहते हैं, ॄपानी बचाया जा रहा है, सिस्टर्न लगाए जा रहे हैं, बिना पानी के चलने वाले टॉयलेट बनाए जा रहे हैं या शॉवर कम किए जा रहे हैं। अडोल्फ कहती हैं, मैंने भी उन स्थितियों का अनुभव किया है जहां पानी पर राशन लगा था, या हाइकिंग के लिए सीमित मात्रा में ही पानी ले जाया जा सकता था। कुछ झौंपड़ियां तब भी थीं जिन्हें अपना सीजन जल्द खत्म करने को मजबूर होना पड़ा क्योंकि उनका पानी खत्म हो गया था।

### कामयाबी के नुकसान

जलवायु परिवर्तन के अलावा, आल्प्स में पर्यटन के सामने एक बहुत बड़ी समस्या आ रही है। हर साल बहुत ज्यादा लोग छुट्टियां मनाने इलाके में टूट पड़ रहे हैं। टूरिस्टों की इस विशाल आमद से स्थानीय लोग भौंचक्के हैं। इन सैलानियों में से ज्यादातर लोग तो इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर ताजातरीन मस्ट-विजिट साइट का जिक्र आते ही, घूमने पहुंच जाते हैं।इटली के साउथ टाइरोल इलाके ने हॉलीडे बेड्स की संख्या तय करके रख दी है। क्षेत्रीय काउंसलर आर्नोल्ज शुलर ने अमेरिकी प्रसारक सीएनएन को इस साल के शुरू में बताया कि ट्रैफिक समस्याओं के बढ़ने और सस्ते मकानों को खोजने में स्थानीय लोगों को आ रही कठिनाई को देखते हुए लगता है कि उनका लोकप्रिय रिसॉर्ट अपने संसाधनों की सीमा पर पहुंच चुका है।जर्मन अल्पाइन क्लब के स्टेफन राइष मानते हैं कि ऐसे कड़े उपायों की हर कहीं जरूरत नहीं। आपको ठीक ठीक से समझना होगा कि समस्या क्या है। क्या स्थानीय लोगों पर नकारात्मक असर, समस्या है? क्या वन्यजीवन पर खतरा समस्या है? या ये सिर्फ पीक सीजन में उचित और पर्याप्त प्रबंधन न कर पाने की समस्या है? वो कहते हैं कि हर समस्या को अपने एक विशिष्ट समाधान की जरूरत होगी।

## विश्व का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक समय गणना तन्त्र (ऋषि मुनियों द्वारा किया गया अनुसंधान)



काष्ठा = सैकन्ड का 34000 वाँ भाग

1 त्रुटि = सैकन्ड का 300 वाँ भाग

2 त्रुटि = 1 लव ,

1 लव = 1 क्षण

30 क्षण = 1 विपल ,

60 विपल = 1 पल

60 पल = 1 घड़ी (24 मिनट ) ,

2.5 घड़ी = 1 होरा (घन्टा )

3 होरा=1प्रहर व 8 प्रहर 1 दिवस (वार)

24 होरा = 1 दिवस (दिन या वार) ,

7 दिवस = 1 सप्ताह

4 सप्ताह = 1 माह ,

2 माह = 1 ऋतू

6 ऋतू = 1 वर्ष ,

100 वर्ष = 1 शताब्दी

10 शताब्दी = 1 सहस्राब्दी ,

432 सहस्राब्दी = 1 युग

2 युग = 1 द्वापर युग ,

3 युग = 1 त्रैता युग ,

4 युग = सतयुग

सतयुग + त्रेतायुग + द्वापरयुग + कलियुग = 1 महायुग

72 महायुग = मनवन्तर ,

1000 महायुग = 1 कल्प

1 नित्य प्रलय = 1 महायुग (धरती पर जीवन अन्त और फिर आरम्भ )

1 नैमितिका प्रलय = 1 कल्प ।(देवों का अन्त और जन्म )

महालय = 730 कल्प ।(ब्राह्मा का अन्त और जन्म )

सम्पूर्ण विश्व का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक समय गणना तन्त्र यहीं है जो हमारे देश भारत में बना हुआ है । ये हमारा भारत जिस पर हमे गर्व होना चाहिये ह्व

दो लिंग : नर और नारी ।

दो पक्ष : शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष।

दो पूजा : वैदिकी और तांत्रिकी (पुराणोक्त)।

दो अयन : उत्तरायन और दक्षिणायन।

तीन देव : ब्रह्मा, विष्णु, शंकर।

तीन देवियाँ : महा सरस्वती, महा लक्ष्मी, महा गौरी।

तीन लोक : पृथ्वी, आकाश, पाताल।

तीन गुण : सत्वगुण, रजोगुण, तमोगुण।

तीन स्थिति : ठोस, द्रव, वायु।

तीन स्तर : प्रारंभ, मध्य, अंत।

तीन पड़ाव : बचपन, जवानी, बुढ़ापा।

तीन रचनाएँ : देव, दानव, मानव।

तीन अवस्था : जागृत, मृत, बेहोशी।

तीन काल : भूत, भविष्य, वर्तमान।

तीन नाड़ी : इडा, पिंगला, सुषुम्ना।

तीन संध्या : प्रातः, मध्याह्न, सायं।

तीन शक्ति : इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति, क्रियाशक्ति।

चार धाम : बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम्, द्वारका।

चार मुनि : सनत, सनातन, सनंद, सनत कुमार।

चार वर्ण : ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र।

चार निति : साम, दाम, दंड, भेद।

चार वेद : सामवेद, ॠग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद।

चार स्त्री : माता, पत्नी, बहन, पुत्री।

चार युग : सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग, कलयुग।

चार समय : सुबह, शाम, दिन, रात।

चार अप्सरा : उर्वशी, रंभा, मेनका, तिलोत्तमा।

चार गुरु : माता, पिता, शिक्षक, आध्यात्मिक गुरु।

चार प्राणी : जलचर, थलचर, नभचर, उभयचर।

चार जीव : अण्डज, पिंडज, स्वेदज, उद्भिज।

चार वाणी : ओम्कार्, अकार्, उकार, मकार्।

चार आश्रम : ब्रह्मचर्य, ग्राहस्थ, वानप्रस्थ, सन्यास।

चार भोज्य : खाद्य, पेय, लेह्य, चोष्य।

चार पुरुषार्थ : धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष।

चार वाद्य : तत्, सुषिर, अवनद्व, घन।

पाँच तत्व : पृथ्वी, आकाश, अग्नि, जल, वायु।

पाँच देवता : गणेश, दुर्गा, विष्णु, शंकर, सुर्य।

पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ : आँख, नाक, कान, जीभ, त्वचा।पाँच कर्म : रस, रुप, गंध, स्पर्श, ध्वनि।

## घातक ट्यूमर की सफल सर्जरी बच्ची की जान बची



**पारस अस्पताल के डॉक्टरों ने बचाई एक बच्ची**

### डॉ अनुपमा

**की जान** एक 16 वर्षीय अविवाहिता युवती रोगी 5 दिनों तक पेट में तीव्र दर्द और फैलाव की शिकायत के साथ पारस अस्पताल के सामान्य बाह्यरोगी विभाग में आई। उसे मतली/उल्टी/बुखार जैसी कोई समस्या नहीं थी। प्रकरण से पहले कोई पेट में गांठ या मूत्राशय आंत्र संबंधी कोई शिकायत रिपोर्ट नहीं की गई। पारस अस्पताल में शारीरिक परीक्षण करने पर, पूरे पेट में एक तनावपूर्ण सिस्टिक, सूजन देखी गई, जो बाईं पसली के पिंजरे तक पहुंच गई थी । अस्पताल में एक तत्काल यूएसजी किए जाने पर 20 ७ 15 सेमी की एक बड़ी सिस्टिक सूजन का पता चला। इसके कारण शरीर में होनेवाले संक्रमण एवं बीमारी की जटिलता को देखते हुए घातक कैंसर (कैंसर) के संभावित किसी भी खतरे को दूर करने के लिए रक्त ट्यूमर मार्कर और एक टफक किया गया। पारस अस्पताल के ऑन्कोलॉजिस्ट की सलाह से तत्काल सर्जरी की गई। मरीज की हालत में सुधार होने पर उन्हें ऑपरेशन के बाद एक दिन बाद छुट्टी दे दी गई।

पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा कहती हैं कि मरीज का फॉलो-अप में मरीज का सामान्य मासिक धर्म होने के कारण कोई समस्या नहीं पायी गई । मरीज अब बिलकुल स्वस्थ है। प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में ऐसी परिस्थिति अक्सर पाए जाते हैं। मध्यम बड़े आकार (> 5 सेमी) के ट्यूमर का समय पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए और मरोड़ जैसी आपात स्थिति से बचने के लिए आवश्यक सर्जिकल हस्तक्षेप किया जाना चाहिए ताकि अंग और उसके बाद की प्रजनन क्षमता में कोई फर्क.न पड़े ।पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल परिवार मरीजों के प्रति हमेशा ज़िम्मेवार और समर्पित रहा है। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को प्रतिबद्ध पारस ब्लिस में, अत्याधुनिक सुविधाओं और कुशल टीम के साथ पारस एचईसी के भरोसे और विश्वास बनाए।

## स्पीड न्यूज

### अजगर के बच्चे को जंगल में छोड़ा

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में सोमवार सुबह ग्रामीण एक अजगर का बच्चा देख भयभीत हो गये। सूचना फैलने पर ग्रामीणों की भीड़ देखने के लिए उमड़ पड़ी। काफी समय बाद उसे कंडरा जंगल में छोड़ा गया। विदित हो कि अजगर का बच्चा मिलने की सूचना वन विभाग को दी गयी थी। वन विभाग टीम के पहुंचने में विलंब होने लगा तो ग्रामीणों ने ही उसे कंडरा जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। बता दें कि अजगर की सूचना पर सेन्हा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उरांव पहुंचे और ग्रामीणों से जायजा लिया। कहा कि भोजन की तलाश में वह जंगल से निकल गया होगा।

### पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र के पूणाडीह गांव निवासी सूर्यदेव चौधरी का पूत्र अमरजीत कुमार 26 का शव पेड़ से लटकता मिला। इस संबंध में परिजनों ने बताया की वह पिछले कुछ दिनों से काफी तनाव में दिख रहा था। वह शनिवार की शाम घर से निकला था। देर रात जब वह घर नहीं लौटा तो लोगों ने उसकी काफी खोजबीन की पर कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से कुछ दूरी पर स्थित सोन नदी किनारे एक पेड़ पर लटकता हुआ उसका शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना देवरी ओपी को दी। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतारकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया, पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में इंद्रदेव राम ने बताया कि मामला हत्या है या आत्महत्या। पुलिस हर विंदुओ पर जांच कर रही है।

### करगली बंद खदान के समीप गड्ढे में गिरा बाइक, एक घायल

**बेरमो।** करगली ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के करगली वासरी के पीछे बंद खदान के समीप रोड साइट बड़े गड्ढे में गिरधारी घासी, पिता लालू घासी स्थान पेटरवार दातू जोरिया निवासी बाइक के साथ जा गिरा। जिससे वह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार वे पेटरवार के दातू जोरिया हनुमान मंदिर के समीप का रहने वाला है। वह बेरमो चार नंबर अपने बहन के यहां फैमिली के साथ जा रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक बड़े गड्ढे में जा गिरी। ऐन मौके पर भाजपा के फुसरो नगर मंडल ओबीसी मोर्चा के मंत्री छोटू रवानी वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने देखा कि एक बाइक सवार झाड़ी में बेहोश पड़ा है। उन्होंने उसे बाहर निकाला और होश में आने के बाद उसकी बाइक सौंप दी गई। सीसीएल बीएंडके करगली के महा प्रबंधक एमके राव एवं करगली प्रबंधक अरविंद कुमार शर्मा से छोटू ने आग्रह किया है कि उस स्थान पर गार्ड वॉल बनवाया जोये ताकि वहां किसी के साथ कोई दुर्घटना ना हो।

### सड़क दुर्घटना में सीसीएल कथारा के ठेकेदार घायल

**बेरमो/जारंगडीह।** जारंगडीह बाबू क्वार्टर निवासी सह सीसीएल कथारा क्षेत्र के ठेकेदार (55 वर्षीय) काली राम नामक व्यक्ति उस समय सड़क हादसे का शिकार हो गया, जब वे सीसीएल कथारा वाशरी से अपने आवास जारंगडीह लौट रहा था। जानकारी के अनुसार सोमवार लगभग ढाई बजे उक्त ठेकेदार कथारा वाशरी में अपना काम निपटाने के बाद बाइक से लौट रहा था कि वाशरी के चेकनाके के समीप वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शी सह कथारा वाशरी सीसीएल कर्मी एवं मजदूर नेता अनुप कुमार सोय उसी दौरान वहां से गुजर रहे थे। भीड़ देख उन्होंने अपनी गाड़ी रोकी तो देखा कि एक व्यक्ति खून से लतपथ सड़क पर पड़ा है और जमा भीड़ उसका विडियो बना रही है। उन्होंने आनन–फानन में कथारा वाशरी पीओ को फोन कर एक गाड़ी मंगवाई और घायल को लादकर सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल लाये। इधर घटना की सूचना पाते ही परिजनों के साथ साथ दर्जनों लोग अस्पताल में जमा हो गए थे, जबकि उसकी बेटी अपने पिता को देखते ही दहाड़े मार कर रोने लगी।

### आगलगी की घटना में पांच दुकान जलकर हुआ राख

**चतरा।** हंटरगंज के कौलेश्वरी पहाड़ के तलहटी में अगलगी की घटना में पांच प्रसाद और मनिहारी के दुकान जलकर राख हो गया। दुकान बहेरी गांव के विजय चौधरी, अनिल चौधरी, उमेश चौधरी, सुरेश चौधरी और मसोमात फूल कुमारी देवी का था। दुकान में आग की लपट उठते देख वहां तैनात हंटरगंज थाना के चौकीदार ने दुकानदारों की इसकी सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद सभी दुकानदार और आसपास के ग्रामीण जुटे। लेकिन आग की लपट इतना तेज था कि देखते ही देखते पांचो दुकान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सक्रियता के कारण आग को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। अगर आग को समय पर नहीं बुझाया जाता तो तलहटी में लगे दर्जनों दुकान जलकर राख हो जाता। जले हुए पांचो दुकान प्रसाद और मनिहारी का था। पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि दीपावली पर वह अपनी दुकान का साफ सफाई कर और पूजा कर दुकान को बंद कर अपने घर कुछ देर पहले ही गए थे। दुकान में आग लगी का कारण दुकान में जलाए गए दिया से आग लगने की बात बताया जा रहा है। दुकान में रखा एक भी सामान सही सलामत नहीं बच पाया है। दुकान सहित पूरा सामान चलकर राख हो गया। इस आग लगी में दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोबना पंचायत के मुखिया बबलू कुमार मेहता कौलेश्वरी के तलहट्टी पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी लिया। मुखिया ने पीड़ित दुकानदारों को सरकारी मुआवजे की मांग स्थानीय प्रशासन से किया है।

### सड़क दुघर्टना में महिला, बच्चा समेत सात लोग जख्मी

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के अदौरिया मोड़ के पास चालक की लापरवाही से ऑटो दुर्घटना ग्रस्त सात लोग गंभीर रूप से हुए जख्मी। सभी लोग एक परिवार के है। घटना के संबंध में ऑटो चालक एवं परिवार के मुखिया सोबरती साह ने बताया कि सोमवार को सुबह सलैया गांव जिला गया बिहार से ऑटो पर सवार सभी लोग बरूरासरीफ मंजार पर नेयाज फातिया कराने गए हुए थे घर वापसी के दौरान प्रतापपुर अदौरिया मोड़ के पास ऑटो दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिससे ऑटो पर सवार छोटे छोटे दो बच्चों को छोड़कर कर सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। 108 एम्बुलेंस सेवा के मदद से समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# पूजा भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेन की दी मंजूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने राज्य से चलने वाली कई स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की अनुमति दी है। इसे दक्षिण पूर्व रेलवे प्रबंधन ने स्पेशल ट्रेन परिचालन की घोषणा की है। रेलवे रांची - जयनगर, रांची - लहेरिया सराय स्पेशल, टाटानगर - छपरा स्पेशल, शालीमार - सीतामढ़ी छठ पूजा स्पेशल ट्रेन चलायेगी।

**ट्रेन संख्या 08105 - 08106 रांची - जयनगर छठ पूजा स्पेशल :** ट्रेन संख्या रांची - जयनगर स्पेशल 18 नवंबर को 11: 55 बजे रांची से खुलेगी और अगले दिन 3: 30 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 08106 जयनगर - रांची स्पेशल 19 नवंबर को जयनगर से खुलेगी। यह ट्रेन शाम में पांच बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह 09.00 बजे रांची पहुंचेगी।

**टाटा छपरा पूजा स्पेशल :** ट्रेन संख्या 08181 और 08182 टाटानगर - छपरा छठ पूजा स्पेशल ट्रेन टाटानगर - छपरा के बीच चलेगी। यह ट्रेन 15 और 22 नवंबर को दिन के 1: 1.20 बजे टाटानगर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन तीन बजे छपरा पहुंचेगी।
23 नवंबर को सुबह छह बजे छपरा से चलेगी। यह ट्रेन चांडिल, पुरुलिया, अनारा, जोइचंडी पहाड़, बर्नपुर, आसनसोल, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, शाहपुर पटोरी और हाजीपुर में रुकेगी।

**लहेरियासराय पूजा स्पेशल :** लहेरिया सराय पूजा स्पेशल ट्रेन 16 नवंबर को रांची से खुलेगी। दूसरे दिन दोपहर 1 बजे यह ट्रेन लहेरिया सराय पहुंचेगी चंद्रपुरा, धनबाद जंक्शन, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जंक्शन, बरौनी जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन के बाद लहेरिया सराय पहुंचेगी।

**शालीमार सीतामढ़ी पूजा स्पेशल :** ट्रेन संख्या 08183 और 08184 शालीमार - सीतामढ़ी पूजा विशेष ट्रेन 19 नवंबर को रात 10: 55 बजे शालीमार से रवाना होगी और अगले दिन 10.00 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी। वापसी दिशा में 08184 सीतामढी - शालीमार स्पेशल 20 नवंबर को सीतामढ़ी से रवाना होगी। यह स्पेशल ट्रेन आसनसोल, मधुपुर, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर और दरभंगा में रुकेगी।

## मां-बेटी फंदे से झूलीं, दोनों की मौत

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र में मां-बेटी फंदे से झूल गई। मृतका की पहचान सिंगड़ा ग्राम निवासी गुलाम रसुल अंसारी के बेटी तबसुम परवीन उम्र 26 साल एवं उसकी बेटी सीफा परवीन उम्र 5 साल के रूप में की गई है। दोनों अपने कमरे में फांसी के फंदे से झुलते पाए गए। उनके पिता ने तुरंत रस्सी काटकर नीचे उतारा, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने घटना की सुचना स्थानीय पुलिस को दी। सुचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की जांच की। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा गया है। घटना सुबह साढ़े पांच बजे की है। घटना के संबंध में मृतका के पिता गुलाम रसुल अंसारी ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे मैं नमाज अदा करने के लिए मस्जिद चला गया। एक घंटा बाद जब मैं वापस घर लौटा तो देखा कि मेरी बेटी तबसुम परवीन एवं उसकी बेटी अपने कमरे में ही थी और अंदर से कुंडी बंद था। मैं कई बार पुकारा, लेकिन कोई आवाज नहीं आया। तब मेरा बेटा ने खिड़की के अंदर से झांककर देखा तो दोनो चुनरी के सहारे फांसी लगाकर लटके हुए थे। अंदर जाकर दरवाजा का कुंडी खोला तथा दोनों का रस्सी काटकर नीचे उतारा। काफी देर हो जाने के कारण दोनों की मौत हो चुकी थी।घटना की सुचना पाकर पहुंचे महुदा थाना के एएसआई महेंदर राम ने शव को कब्जे में लेकर जांच कर उसे पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। इस संबंध में एएसआई महेंदर राम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ जानकारी मिल सकता है।

# फादर कॉन्सटेंट लीवंस इंटर टोला सदभावना फुटबॉल मैच का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पिछले वर्ष की तरह संत मेरिज कैथेड्रल अपने पल्ली दिवस के अवसर पर फादर कॉन्सटेंट लीवंस इंटर टोला सदभावना फुटबॉल मैच आयोजन किया गया है। प्रथम चरण का उद्घाटन मैच 12.11.2023 को प्रातः 10.30 बजे से लोयोला मैदान में गुंगूटोली और हिंदपीढ़ी यूनिट के बीच शुरू हुआ। मैच का उद्घाटन रांची जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष श्री एंजेलो कुक के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो उपस्थित थे। गुंगूटोली की टीम 1-0 से जीता। दूसरा मैच बर्दवान कंपाउंड और फतिमानगर के बीच ड्रा रहा , अंततः टाई ब्रेक में पूर्व चैंपियन बर्दवान कंपाउंड 2-1से जीता। तीसरा मैच मधुकम और अलबर्ट कंपाउंड के बीच संपन्न हुआ जिसमे अलबर्ट कंपाउंड 2-1 से जीता। चौथा मैच कोनका सिरम टोली और कुम्हारटोली के बीच खेला गया जिसमें कोनका सिरोम टोली 2-0 से जीत दर्ज किया। इस सदभावना मैच में रांची शहर से कुल 14 टीमें भाग ले रही है। टूनामेंट आगामी 15 और 19 नवंबर को भी होगा और फाइनल मैच 3.12.2023 को समाप्त होगा। पिछले वर्ष का टूनामेंट काफी रोचक था जिसे हजारों दर्शकों ने सराहा था। इस वर्ष भी इसे और अधिक लोमहर्षक बनाने के प्रयास में जुटे जिसमें श्री सुनील लकड़ा, चैयरमैन रांची जिला फुटबॉल संघ, अजय टोप्पो अध्यक्ष, खेल समिति, फादर दीपक, अन्य सदस्यगण समीर, जूलियन, जॉन, सूचित, मधु, अनिमा, जोसेफ तिग्गा आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

# संताल के साहिबगंज में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ ऐलान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश में 52% हिस्सेदारी रथ यात्रा निकलेगी जो राज्य के सभी 243 प्रखंड मुख्यालय में पहुंचेगी। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने संथाल परगना के दौरे के क्रम में सोमवार को साहिबगंज के हिल व्यू होटल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। श्री गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जातीय जनगणना और ओबीसी की 52% हिस्सेदारी के लिए लगातार आंदोलन किया है। इसी का परिणाम है की राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी की 52% हिस्सेदारी की चर्चा हो रही है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अपने ओबीसी समुदाय को जागृत करने के लिए हिस्सेदारी रथ यात्रा में ओबीसी की हिस्सेदारी कहां-कहां और कैसे हो उसको रेखांकित किया है। ओबीसी समुदाय को उसके जनसंख्या अनुपात में समस्त आर्थिक गतिविधियों यथा सेना के उच्च पदों,सड़क भवन निर्माण के ठेकों, सप्लाई, डीलरशिप, माइनिंग, उत्पाद, विभाग, आउटसोर्सिंग जॉब, परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद, इत्यादि में हिस्सा मिले तब ही ओबीसी को मुकम्मल सामाजिक न्याय मिल पाएगा एवं उनके मानव संसाधन का देश हित में समुचित इस्तेमाल हो पाएगा। ऐसा करने से ही आर्थिक और सामाजिक विषमता का खत्म होगा और देश मजबूत बनेगा। प्रेसवार्ता में प्रदेश महासचिव आर के कुशवाहा,प्रदेश संगठन सचिव जयप्रकाश वर्मा,जिला अध्यक्ष रणधीर चौरसिया, समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल, मोती सरकार, नरेश निसाद, सुरेश साहा, अरबिंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

## राज्यपाल रघुवर दास ने मनायी दीपावली, की गोवर्द्धन पूजा

# ओड़िशा, झारखंड समेत की पूरे देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास ने रविवार की शाम अपने एग्रिको स्थित आवास पर परिवार संग दीपावली मनायी। इस अवसर पर उनके साथ धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी, बेटा ललित, बहु, पोती समेत अन्य परिजन उपस्थित थे। रघुवर दास ने इस दौरान फूलझड़ी जलायी और अनार छोड़े। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए दास ने कहा कि उन्होंने दीपावली पर मां लक्ष्मी, भगवान गणेश से अपने परिवार के साथ-साथ ओडिसा और झारखंड की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की है। उन्होंने तमाम जमशेदपुरवासियों को भी दीपावली की शुभकामना दी। दूसरी ओर,जमशेदपुर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने सोमवार को एग्रिको स्थित अपने आवास पर गायों की अराधना की। राज्यपाल रघुवर दास ने परिवार के सदस्यों के साथ पूरे विधि-विधान से गौरा-गौरी एवं गोवर्धन पूजा-अर्चना की और गौमाता को खिचड़ी-पूरी इत्यादि खिलाकर देशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा में उनके साथ धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास और पुत्रवधु पूर्णिमा ललित दास समेत अन्य लोग थे। र

## भगवान श्रीराम का नाम लिख लोगों ने जलाए 7121 दीपक

### अयोध्या की तर्ज पर रांची में भी मनी दिवाली

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की तर्ज पर रांची में भी लोगों ने दिवाली के मौके पर एक साथ हजारों दीपक जलाकर रिकॉर्ड बनाया है। दिवाली के अवसर पर रांची के एक सोसाइटी में 7121 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों के बीच भगवान श्री राम का नाम लिखे पारंपरिक दीपक ने रांची के इस परिसर को अयोध्या नगरी जैसा बना दिया। इस दौरान खास बात यह रही कि इन दीयों में प्रदूषण रहित तेल का इस्तेमाल किया गया ताकि किसी भी तरह का पर्यावरण प्रदूषण न हो।

इस सोसाइटी के परिसर में पहले से स्थापित भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर यहां आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा और हर कोई यही कह रहा था कि ऐसा लग रहा है मानो अयोध्या नगरी रांची में आ गई हो।

गौरतलब है कि यहां के लोगों ने भी इसे अयोध्या में मनाए जाने वाले महा दीपोत्सव की तर्ज पर मनाने का फैसला किया। स्थानीय प्रदीप वर्मा ने बताया कि पहली बार इतने भव्य तरीके से भगवान श्री राम का नाम लिखकर और एक साथ इतनी बड़ी संख्या में दीप जलाकर ऐसा आयोजन किया गया है, जो भगवान राम के प्रति हमारी आस्था को प्रमाणित करता है। गौरतलब है कि राम की नगरी अयोध्या में लोगों ने दीपोत्सव के दौरान एक साथ 24 लाख से ज्यादा दीपक जलाकर रिकॉर्ड बनाया है।

### श्रीराम मंदिर के उद्घाटन का इंतजार

दीपोत्सव के बाद अब भक्तों को भगवान श्रीराम के नवनिर्मित भव्य मंदिर के उद्घाटन का इंतजार है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। इधर, श्रीराम मंदिर के उद्घाटन से पहले अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि से पूजित अक्षत झारखंड समेत देशभर के सभी जिलों में भेजा जा रहा है।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मंत्री वीरेंद्र साहू ने कहा है कि अयोध्या से लाए गए अक्षत कलश को फिलहाल मुख्य मंदिर में रखा गया है, जिसके बाद दिसंबर महीने में इसे सभी जिलों में भेजा जाएगा। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के लिए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जिला, ब्लॉक, पंचायत और गांव में जाकर सभी प्रमुख मंदिरों में अनुष्ठान करेंगे।

## छह जुआरियों को गुमला पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुमला।** गुमला पुलिस ने रविवार को 6 जुआरियों भैया राम उरांव, प्रदीप उरांव, अनुज मिंज, बरगी उरांव, अरुण वर्मा व मो सुहैब हजाम को जेल भेज दिया। उनके पास से करीब 6 हजार नगद, प्लास्टिक की तिरपाल, ताश की पत्ती, टार्च व बैटरी बरामद हुआ। एसपी हरविंदर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के झरगांव गांव स्थित चबूतरा के पास कुछ लोग जुआ खेल व खेला रहे हैं और काफी शोरगुल मचा रहे हैं। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम छापामारी करने पहुंची तो पुलिस को देखकर जुआरी भागने लगे। जिनमें से छह लोगों को पुलिस ने दबोचा जबकि कई भागने में सफल रहे। छापामारी टीम में पुअनि प्रदीप कुमार, हवलदार सीताराम हांसदा, हवलदार शनिचरवा तिग्गा, हवलदार विष्णु क्षेत्री, सुनील विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

### भिठा में कुएं में डूबने से वृद्ध की मौत, गांव में पसरा मातम

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भिठा गांव में भंडरा पुलिस ने कुएं से शव बरामद किया है। शव की पहचान भिठा के भंडरा उरांव (70) पिता स्व कर्मा उरांव के रूप में हुई। पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक भंडरा उरांव देर शाम खेत गया था। उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। घर नहीं आने को लेकर परिजन तलाशी में जुट गये। सुबह उस वक्त हड़कंप मच गयी, जब लोगों ने कुएं में भंडरा की लाश देखी।

### मिठाई दुकानों से सैंपल कलेक्ट कर जांच को भेजा प्रयोगशाला

**गुमला।** सदर एसडीओ राजीव कुमार ने दीपावली को देख जिले के विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया और सैंपलिंग की। इस दौरान उन्होंने मिठाई दुकानों से खोवा पेड़ा, मिल्क केक, कलाकंद, बुंदी लड्डू, पनीर जैसी कई मिठाइयों के नमूने कलेक्ट किये। जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा। एसडीओ सह खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने निरीक्षण क्रम में विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने और मिठाई में मिलावट नहीं करने की हिदायत दी।

# अभियान पुलिस उपाधीक्षक ने राज्यपाल के आगमन की तैयारी का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के बदरी गांव में आयोजित कार्तिक उरांव जतरा सह खेलकूद कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के 17 नवंबर के आगमन की तैयारी को लेकर सोमवार को अभियान पुलिस उपाधीक्षक मनीष कुमार, सार्जेंट मेजर अभिमन्यु यादव व थाना प्रभारी अमित चौधरी बदरी गांव पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस क्रम में अभियान पुलिस उपाधीक्षक मनीष कुमार व सार्जेंट मेजर अभिमन्यु यादव ने कार्यक्रम स्थल व अन्य कई रूट का जायजा लिया।



सुरक्षा व्यस्था को लेकर थाना प्रभारी को निर्देश देते अभियान पुलिस उपाधीक्षक।

**कार्यक्रम स्थल के रूट की भी चर्चा :** साथ ही आयोजक समिति को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं घाघरा मुख्य पथ से बदरी कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रूट की भी विस्तृत जानकारी ली और रुट लाइन भी देखा। ताकि सुरक्षा के मद्देनजर पूरी मुकम्मल व्यवस्था हो सके। इसके पूर्व गुमला लोहरदगा बॉर्डर स्थल का भी निरीक्षण किया गया। बता दे कि आगामी 17 नवंबर को बदरी में होने वाले कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता समापन समारोह कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन समेत सांसद राज्यसभा सांसद व कई नेता शामिल होंगे। जिसे लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है। मौके पर उपस्थित लोगों में कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व जिला परिषद सदस्य तिम्बू उराव, सौरव कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अवैध कोयला लदा चार ट्रक जब्त, ड्राइवर-खलासी फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद पुलिस कप्तान की लाख कोशिशें के बावजूद भी कोयलांचल में कोयले का काला व्यापार रोकने का नाम नहीं ले रहा है। बरोरा थाना पुलिस ने बेहराकुदार स्थित पेट्रोल पंप के निकट कोयले से लदा हुआ 4 ट्रक को जप्त किया है। बताते चले कि ट्रक संख्या सुजी 04 एमडी 7784 तथा बीआर 53जी 9403 एवम ओडी 08के 1673 तथा एक अन्य को पकड़ा। वहीं ट्रक का चालक और उप चालक भागने में सफल रहा। बरोरा पुलिस ने बाघमारा से दिनदहाड़े अवैध कोयला लोड कर आ रहे चार ट्रक को रविवार को बेहराकुदर पेट्रोल पंप के समीप से पकड़कर थाना लाई। चारो ट्रक के चालक व खलासी पुलिस को देखकर हुए फरार। पुलिस ने वाहन मालिक सहित छह नामजद व अन्य अज्ञात पर किया मामला दर्ज। रविवार के दिन गुप्त सूचना के आधार पर बरोरा थाना प्रभारी नंदुपाल ने दिनदहाड़े बाघमारा थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लोड चार ट्रक को बेहराकुदर पेट्रोल पंप के समीप घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाई। बरोरा थानेदार नंदुपाल पाल ने चार ट्रको पर लोड किए गए कोयला कि जांच पड़ताल के बाद मिथुन सिंह गोरा बेहराकुदर बस्ती जिला धनबाद, मिथुन सिंह काला बेहराकुदर जिला, अनुज सिंह लेढीडूमर जिला धनबाद, रंधिर सिंह बेहराकुदर जिला धनबाद चारो बरोरा थाना क्षेत्र के रहने वाले व पिंटू महथा केसरगढ बस्ती थाना बाघमारा और मुन्ना यादव पर मामला दर्ज किया गया है।

**अवैध ढंग से मंडी भेजा जा रहा था कोयला :** केसरगढ बस्ती निवासी सह ट्रांसपोर्टर के व्यवसायी पिंटू महथा के अवैध कोयला डिपो से ये चारो ट्रक दिनदहाड़े प्रती ट्रक पर लगभग 30 टन अवैध कोयला लोड कर कही और मंडी भेज रहे थे लेकिन समय रहते बरोरा पुलिस को गुप्त सूचना मिल गयी और बरोरा पुलिस अवैध कोयला लोड चार ट्रको को पकड़कर करवाई कर दी। पिछ्ले कुछ ही दिन पहले-पहल हुई जिला स्टॉक फोर्स कि बैठक अब रंग ला रही है।






# गेंदबाजी प्रयोग पर बोले रोहित शर्मा, हम देखना चाहते थे, क्या हासिल कर सकते हैं

एजेंसी



**बेंगलुरु।** नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को खेले गए विश्व कप के आखिरी लीग मैच में विराट कोहली ने 2014 और कप्तान रोहित शर्मा ने 2012 के बाद अपना पहला एकदिवसीय विकेट लिया। यह मैच भारत ने 160 रन से जीता और विश्व कप में लगातार अपने नौवें मैच में जीत दर्ज की। भारत मैच में पांच फ्रंटलाइन गेंदबाजी विकल्पों के साथ उतरा, लेकिन कप्तान रोहित सेमीफाइनल के मद्देनजर प्रयोग करने के मूड में थे। इसके कारण सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल सहित पार्ट-टाइमर्स द्वारा लगभग आठ ओवर फेंके गए।

रोहित ने मैच के बाद कहा, जब आपके पास पांच गेंदबाज होते हैं तो यह हमेशा हमारे दिमाग में रहता है। आप टीम के भीतर विकल्प बनाना चाहते हैं और मुझे लगता है कि अब हमारे पास वह विकल्प है। मैच में हमारे पास नौ विकल्प थे। यह महत्वपूर्ण है। यह वह मैच था जहां हम कुछ चीजों को आजमा सकते थे। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हम कुछ अलग करने की कोशिश करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि हम क्या हासिल कर सकते हैं।

भारत हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर के साथ पांचवें और छठे गेंदबाजी विकल्प के साथ आया था। चोट के कारण पांड्या बाहर हो गये। भारत अंतिम एकादश में आर. अश्विन या ठाकुर को लाने के बजाय छह विशेषज्ञ बल्लेबाजों और पांच फ्रंटलाइन गेंदबाजों के साथ उतरा। पार्ट टाइमर खिलाड़ियों के विकेट लेने और मध्यक्रम के बल्ले से शानदार प्रदर्शन के साथ, भारत ने नॉकआउट से पहले अपनी बेंच स्ट्रेंथ का प्रदर्शन किया है।

नीदरलैंड के खिलाफ जीत की नींव भारत के बल्लेबाजों ने रखी। शतकवीर राहुल और श्रेयस अय्यर ने चौथे विकेट के लिए 128 गेंदों पर 208 रन की साझेदारी की। अय्यर ने नाबाद 128 और राहुल ने 102 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 47.5 ओवरों में 210 रन पर सिमट गई। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने 2-2 व विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।

## विश्व कप सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

# टकर अपने 100वें वनडे में करेंगे अंपायरिंग

एजेंसी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के दौरान रॉड टकर अपने 100वें वनडे मैच में अंपायरिंग करेंगे।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई के बीच पहला सेमीफाइनल मैच वानखेड़े स्टेडियम में 15 नवंबर को खेला जाएगा। मैच में ऑस्ट्रेलिया के टकर और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे।

### मीफाइनल के लिए मैच अधिकारी

- स्रसेमीफाइनल एकः भारत बनाम न्यूजीलैंड, बुधवार 15 नवंबर, मुंबई।
- स्रमैदानी अंपायरः रिचर्ड इलिंगवर्थ और रॉड टकर।
- स्रतीसरा अंपायरः जोएल विल्सन।
- स्रचौथा अंपायरः एड्रियन होल्डस्टॉक।
- स्रमैच रेफरीः एंडी पायक्रॉफ्ट।
- स्रसेमीफाइनल दोः ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, गुरुवार 16 नवंबर, कोलकाता।
- स्रमैदानी अंपायरः रिचर्ड केटलबोरो और नितिन मेनन।
- स्रतीसरा अंपायरः क्रिस गैफनी।
- स्रचौथा अंपायरः माइकल गफ।
- स्रमैच रेफरीः जवागल श्रीनाथ।

टकर ने जनवरी 2009 में अपने पहले वनडे में अंपायरिंग की थी और उनके इस ऐतिहासिक मैच में तीसरे अंपायर जोएल विल्सन, चौथे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट शामिल होने वाले हैं।

रिचर्ड केटलबोरो भी इस टूनार्मेंट के दौरान बतौर अंपायर एकदिवसीय मैचों के शतक तक पहुंच गए हैं और कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच उनका 100वां एकदिवसीय मैच होगा।

## मोर्ने मोर्कल ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी कोच पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मोर्ने मोर्कल ने अनुबंध समाप्त होने से एक महीने पहले ही पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी कोच पद से इस्तीफा दे दिया है।

सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में, पीसीबी ने घोषणा की कि पाकिस्तान के औपचारिक रूप से एकदिवसीय विश्व कप से बाहर होने के बाद मोर्कल ने इस्तीफा दे दिया था, और उनके प्रतिस्थापन की घोषणा उचित समय पर की जाएगी।

मोर्कल को इस साल जून में कोचिंग स्टाफ में फेरबदल के तहत नियुक्त किया गया था। टीम के साथ मोर्कल का पहला काम जुलाई में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए श्रीलंका में था, जिसे पाकिस्तान ने 2-0 से जीता था। मोर्कल की भूमिका के संबंध में सबसे अच्छा समय अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला और एशिया कप के शुरूआती भाग में आया, जहां वह दुनिया के तीन सर्वश्रेष्ठ और सबसे फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाजों शाहीन अफरीदी, नसीम और हारिस के के प्रभारी थे। यह माना जा रहा था कि मोर्कल, पाकिस्तान के दिसंबर और जनवरी में तीन टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे तक अपने पद बने रहेंगे, लेकिन इससे पहले ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

# सेमीफाइनल पर द्रविड़ ने कहा, दबाव तो होगा पर टीम के दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आयेगा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत अब लगातार चौथी बार एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुका है, हालांकि पिछले दो संस्करणों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। सेमीफाइनल मुकाबले को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम को कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि दबाव तो होगा, लेकिन इससे टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा।

द्रविड़ ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा, हम मानते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण मैच है, यह एक नॉकआउट मैच है, हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि कुछ हद तक दबाव होगा लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने अब तक दबाव का जवाब दिया है वह हमें बहुत ढेर सारा आत्मविश्वास देगा और टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम जिस तरह से तैयारी करते हैं या सेमीफाइनल के लिए जिस तरह से योजना बना रहे हैं, उसमें हम कुछ भी बदलाव करेंगे। मैं वास्तव में आश्वस्त हूं कि समूह में जो उत्साह है, समूह में जो ऊर्जा है, समूह में जो आत्मविश्वास है, वह इस समय वास्तव में अच्छा है। हम बस इतना कर सकते हैं कि जो हमारे सामने है उसे खेलें, अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करें, वर्तमान क्षण में रहें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। आपके पास क्रिकेट का कोई भी मैच जीतने की कोई गारंटी नहीं है, आप वास्तव में अच्छी तैयारी कर सकते हैं, अच्छी योजना बना सकते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। मैं वास्तव में उम्मीद कर रहा हूं कि हम अगले कुछ दिनों में ऐसा ही करेंगे और उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेलेंगे।

# तैराकी प्रतियोगिता के साथ खेलो झारखंड सम्पन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में खेलगांव स्थित वीर बुधु भगत स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तैराकी प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के समापन में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड तैराकी संघ के अध्यक्ष बरखा सिन्हा, महासचिव उपेंद्र तिवारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शैलेंद्र कुमार तिवारी ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मो जावेद अंसारी ने किया। 29 खेलों में 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 में भाग लेंगे राज्य के दो हजार से अधिक खिलाड़ी पहुंचे थे।

तैराकी प्रतियोगिता के समापन के साथ ही खेलो झारखंड 2023-24 भी सम्पन्न हुआ। खेलो झारखंड कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय स्तर पर जहां 35,000 स्कूलों ने भाग लिया। वहीं राज्य के सभी प्रमंडलों में 40 लाख से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेने के प›ात जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से लगभग 15,000 बच्चों ने राज्य स्तर पर 29 विभिन्न खेलों में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर 14ए 17 एवं 19 आयुवर्ग में भाग लिया। कबड्डीए खो-खो एथेलेटिक्स जैसे खेलों में दो हजार से अधिक बच्चों ने राज्य स्तर पर भाग लिया। सभी वर्गों में चयनित बच्चों के लिये 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। विदिशा में आयोजित कुश्ती के अंडर 14 एवं 17 फ्री स्टाइल में दो रजत पदक राज्य के खिलाडियों ने अपने नाम किया है। वहीं, श्रीनगर में आयोजित अंडर 19 बालक फुटबॉल में लीग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। जहां पेनाल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। अंडर 14 राज्य जूडो टीम जम्मू में 15 से 19 नवंबर तक आयोजित प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए रामगढ़ कैंट से 12 नंबर को रवाना होगी। वहीं त्रिपुरा में होने वाले अंडर 17 योगासन के लिए जे सी ई आर सी कैंपस में कैंप चल रही है। टीम 19 नवंबर को रवाना होगी।

खेलो झारखंड कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षा सचिव के रवि कुमार एवं राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग एवं विभाग के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्यों ने को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इस वर्ष झारखंड राज्य टीम राष्ट्रीय स्कूली खेल में अब तक तक सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करेगी साथ ही पदक तालिका में भी अपना स्थान उपर रखने में कामयाब होगी।

### प्रशिक्षण शिविर के लिये पत्र जारी

राज्य शिक्षा परियोजना ने विभिन्न खेलों के लिये प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की तिथि घोषित की है। जिसमें 8 नवंबर से फुटबॉल और योगासनए 14 नवंबर से खो-खो, 20 नवंबर से टेनिस और बैडमिंटन, 22 नवंबर से एथेलेटिक्स एवं 01 दिसंबर से वॉलीबॉल का प्रशिक्षण शिविर होना है। अन्य खेलों के लिये प्रशिक्षण शिविर एसजीएफआई द्वारा नेशनल तिथि की पुष्टि करने के बाद आयोजित की जायेगी।

## झारखंड की एथलीट आशा किरण बारला को कोल इंडिया ने तीन साल के लिए किया स्पॉन्सर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**आशा ने अंडर 20 में 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया**

बता दें कि आशा किरण बारला बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की प्रशिक्षु हैं और उनकी बड़ी बहन फ्लोरेंस बारला भी अंतरराष्ट्रीय एथलीट हैं। गुमला जिले के कंडारा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव की रहने वाली आशा ने पिछले माह अंडर 20 में 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। फिलहाल वो पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी है।

**रांची।** झारखंड की गोल्डन गर्ल एथलीट आशा किरण बारला को कोल इंडिया लिमिटेड ने 3 साल के लिए स्पॉन्सर किया है। कोल इंडिया हर साल 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगा। इसमें कोल इंडिया की ब्रांडिंग से जुड़ा ड्रेस और किट प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। आशा अब अभ्यास और प्रतियोगिताओं (जहां आपत्ति न हो) के दौरान कोल इंडिया की ब्रांडिंग वाली किट पहनेंगी।

**सीसीएल के निदेशक कार्मिक से आशा ने की मुलाकात :** आशा किरण बारला को सहयोग करने का प्रस्ताव कुछ दिन पहले सीसीएल ने कोल इंडिया मुख्यालय को भेजा था। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने दीपावली से पहले इसकी मंजूरी दे दी। सोमवार को आशा किरण बारला ने अपने कोच आशु भाटिया के साथ सीसीएल के निदेशक कार्मिक एचएन मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें कोल इंडिया से मिली स्पॉन्सरशिप के संदर्भ में जानकारी दी गयी। इस दौरान खेल मैनेजर आदिल हुसैन समेत कई अफसर वहां मौजूद रहे।

### जोकोविच ने बनाया रिकॉर्ड

## आठवीं बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल की



**ट्यूरिन।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स में अपने शुरूआती मैच में होल्गर रून को हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार नंबर 1 रैंकिंग हासिल की।

जोकोविच 20 नवंबर से शुरू होने वाली एटीपी रैंकिंग में रिकॉर्ड 400वें सप्ताह शीर्ष पर रहेंगे। उन्होंने 2023 में शीर्ष स्थान पर 25 सप्ताह बिताए हैं।

जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग के इतिहास में साल के अंत में नंबर 1 स्थान हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के रूप में अपने रिकॉर्ड को और मजबूत किया है।

एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, दो साल पहले वह 34 साल की उम्र में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सीजन खत्म करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे और उन्होंने 36 साल की उम्र में इस उपलब्धि को दोहराकर अपने ही रिकॉर्ड को बेहतर किया है।

जोकोविच ने खेल में अपनी उल्लेखनीय निरंतरता और प्रभुत्व का प्रदर्शन करते हुए पिछले 13 सीजन में से आठ में यह सम्मान हासिल किया है।

जोकोविच ने इस वर्ष सीजन के चार प्रमुख खिताबों में से तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन, रोलैंड गैरोस और यूएस ओपन जीता है।

24 बार के प्रमुख चैंपियन, जोकोविच ने अपने करियर में चौथी बार (2011, 2015 और 2021 में भी) एक साल में तीन ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने सिनसिनाटी और पेरिस में जीत हासिल कर अपने संग्रह में दो और एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफियां शामिल कीं हैं।

# नेपाल के खिलाफ महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज के लिए भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम घोषित

एजेंसी



**बेंगलुरु।** क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से सोमवार को नेपाल के खिलाफ पहली महिला द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह श्रृंखला 11 दिसंबर से शुरू होगी।

नेपाल के खिलाफ खेली जाने वाली द्विपक्षीय सीरीज को फेडफिना का समर्थन प्राप्त है। भारत 11-15 दिसंबर तक मुंबई में 5 टी20 मैच खेलेगा।

भारतीय महिला टीम ने हाल ही में आईबीएसए विश्व खेलों में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

सिमरनजीत कौर (राजस्थान) बी2, सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश) बी2, गीता महतो (झारखंड) बी3, और काव्या एनआर (कर्नाटक) बी3 पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है।

सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी किवदासनवर ने कहा, सीएबीआई को भारत में फेडफिना द्वारा समर्थित पहली महिला अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। महिला क्रिकेट सिर्फ 5 साल पुराना है लेकिन दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इसने जो बदलाव लाया है वह जबरदस्त है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि नेत्रहीनों के लिए क्रिकेट दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने और उनमें बदलाव लाने का एक सकारात्मक साधन है।"

भारत, जिसने पहले अप्रैल में नेपाल का दौरा किया था और सीरीज में 1-3 से हार का सामना किया था, स्थिति बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। वुमेन इन ब्लू को 11 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2023 तक मुंबई में 5 टी20 मैच खेलने हैं। श्रृंखला से पहले, महिला टीम 20 नवंबर, 2023 से बेलापुर, महाराष्ट्र में शुरू होने वाले 22 दिवसीय गहन क्रिकेट कोचिंग शिविर से गुजरेगी।

टीम के कप्तान और उप-कप्तान की आधिकारिक घोषणा 28 नवंबर को मुंबई में की जाएगी। नेपाल टीम के 10 दिसंबर को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

## नवंबर के अंत में फिर से शुरू होगी इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग

**जेरूसलम।** इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग, जिसे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण 7 अक्टूबर को निलंबित कर दिया गया था, 25 नवंबर को फिर से शुरू होगी। इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग एडमिनिस्ट्रेशन (बीएसएल) द्वारा रविवार को इस निर्णय की घोषणा की गई, जिसमें कहा गया कि खेल टीमों के घरेलू मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे,जब तक कि इजरायल के होम फ्रंट कमांड के अद्यतन निदेशों के कारण यह असंभव न हो। सुरक्षा स्थिति के कारण, बीएसएल ने यह भी निर्णय लिया कि पूरे सीजन में विदेशी खिलाड़ियों के स्थानांतरण की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। बता दें कि युद्ध के कारण कई विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी इजरायली टीमों को छोड़ दिया है।

## चीन की फुटबॉल टीम दूसरी बार फीफा विश्व कप में भाग लेने के लिए एशियाई क्वालीफायर में करेगी प्रतिस्पर्धा

**शेनझेन।** चीन की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा विश्वकप को दूसरी बार शामिल होने के प्रयासों के तहत एशियाई क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेगी। चीन की फुटबॉल टीम अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले आगामी फीफा फुटबॉल विश्व कप में दूसरी बार भाग लेने को ध्यान में रखते हुए क्वालीफायर मुकाबले से पहले शेनझेन में अपने अंतिम प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। चीन की टीम गुरुवार 16 नवंबर को एशियाई क्वालीफायर में थाईलैंड से मुकाबला करेगी।

# आइसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए अरविंदा डी सिल्वा, डायना एडुल्जी और सहवाग

एजेंसी




**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अरविंदा डी सिल्वा, डायना एडुल्जी और वीरेंद्र सहवाग को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है।

मौजूदा हॉल ऑफ फेमर्स, मीडिया प्रतिनिधियों और एफआईसीए और आईसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच आयोजित एक मतदान प्रक्रिया के बाद,इन तीन दिग्गज खिलाड़ियों को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम खेल के लंबे इतिहास में महानतम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों का सम्मान करता है। डी सिल्वा 110वें, एडुल्जी 111वें और सहवाग 112वें खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईसीसी हॉल फेम में शामिल किया गया है।

डी सिल्वा ने श्रीलंका के लिए 19 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है, विशेष रूप से 1996 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में उन्होंने अपनी टीम के खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डी सिल्वा ने श्रीलंका के लिए 93 टेस्ट मैच खेले हैं और 42.97 की औसत से 6,361 रन बनाए हैं। उनके नाम इस प्रारुप में 29 विकेट भी दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने देश के लिए 308 वनडे खेले हैं और 34.90 की औसत से 9,284 रन बनाए हैं और 106 विकेट लिए हैं।

वहीं, सहवाग ने 2011 में भारत के लिए विश्व कप जीतने के अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने भारत के लिए 14 साल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 17,000 से अधिक रन बनाए हैं।

सहवाग ने भारत के लिए 104 टेस्ट मैच खेले हैं और 49.34 की औसत से 8,586 रन बनाए हैं और 40 विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने देश के लिए 251 वनडे मैच खेले हैं और 35.05 की औसत से 8,273 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं।

डायना ने भारत के लिए 20 टेस्ट खेले हैं और 404 रन बनाए हैं, साथ ही उनके नाम 63 विकेट भी है। इसके अलावा उन्होंने देश के लिए 34 वनडे खेले हैं और 211 रन बनाए हैं, साथ ही 46 विकेट भी लिए हैं।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हम आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले दिग्गजों के नवीनतम समूह के रूप में अरविंदा, डायना और वीरेंद्र की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह संस्थान अंतरराष्ट्रीय मंच पर अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के माध्यम से खेल के व्यापक और जीवंत इतिहास का जश्न मनाता रहता है। इन तीन हस्तियों ने अपने तरीके से खेल में क्रांति ला दी है, और प्रशंसकों को हाल की स्मृति में कुछ सबसे अविस्मरणीय क्षण प्रदान किए हैं। वहीं, वीरेंद्र सहवाग ने कहा, मुझे इस सम्मान के साथ शामिल करने के लिए मैं आईसीसी और जूरी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

स्पीड न्यूज

## चक्रधरपुर और सोनुवा में ऊर्जा मेला आज

**चक्रधरपुर।** 14 नवंबर मंगलवार को चक्रधरपुर एवं सोनुवा में ऊर्जा मेला का आयोजन होगा। चक्रधरपुर के प्राथमिक विद्यालय सिलफोड़ी और सोनुवा के सोनापोस पंचायत भवन में ऊर्जा मेला का आयोजन होगा। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता भामा पद टुडू ने दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस ऊर्जा मेला में आकर लाभ उठाएं। बताया कि ऊर्जा मेला में बिजली बिल जमा करना या खराब मीटर बदलने, बिजली बिल गड़बड़ी में सुधार, खराब ट्रांसफार्मर बदलने अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ऊर्जा मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

## मजदूर नेता व पूर्व सांसद बासुदेव आचार्य के निधन पर सीटू ने किया शोक व्यक्त

**कोडरमा।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य, ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष और सीटू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड बासुदेव आचार्य के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। सीटू के झारखंड राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि बासुदेव आचार्य पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे और हैदराबाद में इलाज के दौरान सोमवार को अपराह्न 12.30 बजे उनका निधन हो गया। कामरेड आचार्य पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा संसदीय क्षेत्र से 9 बार लोकसभा के सांसद रहे थे तथा संसद में पार्टी ग्रुप के नेता के तौर पर उनकी संसदीय दक्षता के सभी कायल थे।

## छठ घाटों की साफ-सफाई जोरों पर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न घाटों, तालाबों अन्य घाटों की साफ–सफाई जोर–शोर से की जा रही है। इसके तहत पुरनानगर के टोला खटोलिया स्थित बक्सी आहर के छठ घाट एवं नावाडीह घाट की सफाई ग्रामीणों के द्वारा की गई। सफाई कार्य में मुखलाल वर्मा, रंजीत राणा, अनिल वर्मा, चंद्रिका वर्मा, पवन वर्मा, प्रकाश वर्मा, झारखंडी वर्मा, दीपक यादव, जोहार महतो, किशोर वर्मा, पप्पू यादव, अजय राणा, विक्की यादव, नीतीश राणा, प्रवीन वर्मा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## उद्यान मित्र ने स्ट्रोबेरी पौधा का किया वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत नावाडीह स्थित पंचायत भवन के समीप 12 नवंबर को महिला मंडल समूह के बीच स्टोबेरी का पौाा वितरण किया गया। इस दौरान गौतम कुमार तिवारी ग्रीन गार्डन राँची ने बताया कि इस पौधा को लगाकर महिला मंडल समूह की बहनें अपनी अच्छी कमाई कर सकते हैं, वही उन्होंने लगाने की विाि भी बताया। मौके पर उद्यान मित्र कालेश्वर यादव के द्वारा महिला समूह को कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। मौके पर कुसुम देवी, कंचन कुमारी, देवानती देवी, हेमंती देवी, रूबी देवी, गुड़िया देवी, नशीमा खातून, शाहीना खातून, गुलनाज प्रवीन, ललिता देवी, नीलिमा देवी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## शहर की ट्रैफिक व्यवस्था मे बदलाव

**गया।** छठ महापर्व को देखते हुए गया शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बदल गई है। 19 नवंबर अपराह्न 12 बजे से लेकर 20 नवंबर दोपहर 12 बजे तक गया शहर में आने वाले सभी बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। नो एंट्री के अवधि में पटना से आने वाले सभी बड़े वाहन 19 नवंबर को पटना पथ में कंडी नवादा के पास रुकेगी। डोभी से आने वाले सभी वाहन मगध विश्वविद्यालय थाना के पहले रुकेगी। चेरकी की ओर से आने वाले सभी वाहन चेरकी थाना के पहले रुकेगी। नवादा की ओर से आने वाले सभी वाहन मानपुर मेहता पेट्रोल पंप के समीप रुकेगी। वही खिजरसराय से गया आने वाले सभी बडे वाहन बुनियादगंज थाना के समीप रुकेगी। 19 और 20 नवंबर को गया शहर के जीबी रोड में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित है। चांद चौरा पूर्वी गेट से सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। बंगाली आश्रम से विष्णुपद मार्ग में सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित है।

# भभुआ के रामपुर में तालाब में डूबने से एक ही परिवार के पांच बच्चों की मौत, मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भभुआ।** बड़ी खबर कैमूर से आ रही है जहां रामपुर प्रखंड के धवपोखर गांव में तालाब में डूबने से पांच बच्चे की मौत हो गई है। घटना के बाद से ही गांव में मातम का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव के ही तालाब में पांच बच्चे की मौत हुई है, लेकिन अभी इस मामले का पता नहीं हो पाया है कि बच्चे कैसे तालाब में गए जहां डूबने से इनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये सभी बच्चे एक ही परिवार के थे। हालांकि, इसी परिवार के तीन अन्य बच्चे भी साथ में स्नान करने गए थे, लेकिन संयोगवश वे सुरक्षित बच गए। मृतकों में तीन सगी बहन एक चचेरी बहन व एक फुफेरा भाई शामिल है। लोगों ने आशंका जताते हुए कहा कि बच्चे खेलने के लिए वहां पहुंचे थे और इसी दौरान यह घटना घटी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहंची और गांव के लोगों ने मिलकर सभी शवों को बाहर निकाला। मृतकों में शिक्षक सुशील राम की तीन पुत्री शामिल हैं। इनमें अनु प्रिया 12 वर्ष, अंशु प्रिया दस वर्ष व मधु कुमारी आठ वर्ष शामिल है, जबकि उनके छोटे भाई सुनील राम की एक पुत्री अपुर्वा कुमारी चार वर्ष व सुशील व सुनील की बहन रिंकू देवी का पुत्र अमन कुमार चार वर्ष की भी डूबने से मौत हो गई। वहीं, सुनील राम का पुत्र आयुष दस वर्ष व पुत्री आयुषी आठ वर्ष व सुशील राम का एक पुत्र अंकित कुमार 11 वर्ष बच गए. मृतकों में अमन कुमार रोहतास जिले के मुफिस्सल थाना क्षेत्र अंतर्गत धनखाड़ा गांव निवासी जोखू राम का पुत्र है। जबकि अन्य धवपोखर गांव के ही हैं। बहरहाल, मामला पुलिस के संज्ञान में है और इसकी छानबीन की जा रही है कि आखिर पांच बच्चे एक साथ कैसे डूब गए?





## सीएम नीतीश का व्यवहार नवसामंतवाद लोहिया को पढ़ें और कुछ सीखें: भाजपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी पर आपत्तिजनक बयान देने के बाद बिहार की राजनीति में इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। मांझी दलित समाज का अपमान बताकर खुद को आहत बताते हुए लगातार नीतीश कुमार पर हमला बोल रहे हैं। वहीं, भाजपा भी इस मुद्दे पर सीएम नीतीश पर लगातार निशाना साध रही है। इस क्रम में भाजपा के दलित नेताओं ने मोर्चा संभाल रखा है। इसी कड़ी में बीजेपी के दलित नेताओं ने सीएम नीतीश के जीतन राम मांझी से किए गए व्यवहार को नवसामंतवाद कहा है। पटना में आयोजित बीजेपी प्रवक्ताओं की प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश और प्रवक्ता योगेंद्र पासवान ने कहा कि बीते एक हफ्ते से बड़ा ही दुखद समय बीता है और हम बिहारी होने से शर्मसार हैं। मुख्यमंत्री द्वारा लगातार विधान सभा में भाषाई मयार्दाओं को तोड़ा जा रहा है। जो खुद को लोहिया के अनुयायी बताते हैं उन्होंने महिलाओं के ऊपर अशोभनीय टिप्पणी की जो बेहद दुःखद है। भाजपा प्रवक्ताओं ने सीएम नीतीश को सलाह दी कि आप लोहिया को पढ़ने का भी काम कीजिए। भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा कि जीतन राम मांझी के लिए सभी मयार्दाओं को तोड़ा गया। ये नवसामंतवाद के नए चेहरे हैं। किस तरह से रामविलास पासवान को अपमानित करने का काम किया था? भाजपा नेताओं ने कहा, नीतीश कुमार आपकी मजबूरी थी जीतन राम को मुख्यमंत्री बनाना। नव सामंतवादियों से बचना होगा। किस अहम और वहम में हैं उसे जानना जरूरी है। बीजेपी प्रवक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रोन्नति में आरक्षण बिल को निरस्त करने वाले नीतीश कुमार हैं। बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बारे में अपमानजनक तरीके से बात की थी। इसके साथ ही दलित नेता के साथ तू-तड़ाक वाली भाषा का इस्तेमाल किए जाने को लेकर बिहार की राजनीति गर्म हो गई। इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी तेलंगाना की एक चुनावी सभा में अपने संबोधन में सीएम नीतीश के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई और उनपर दिवंगत राम विलास पासवान के अपमान का भी आरोप लगाया था।

## पीवीटीजी राशन कार्डधारियों के मध्य राशन वितरण की समीक्षा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** राशन वितरण की समीक्षा के क्रम में ज्ञात हुआ था कि जुलाई, अगस्त एवं अक्टूबर 2023 के माह में सभी कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण हो चुका है, जबकि सितंबर माह में कतिपय लाभुकों को खाद्यान्न का वितरण किया जाना शेष था। इस विषय के संबंध में मुख्यमंत्री से प्राप्त निर्देश के आलोक में आज दिनांक 13.11.2023 को सुंदरपहाड़ी प्रखण्ड के पीवीटीजी बहुल पंचायतों के सभी ग्रामों में विशेष कैंप लगाकर जिले के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत शेष कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न वितरण का कार्य कराया गया। इसके लिए कार्डधारियों को देय खाद्यान्न के निर्धारित वजन (35 किलो) के सीलबंद पैकेट आवश्यक संख्या में विशेष कैंपों में उपलब्ध करा लिए गए थे। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गोड्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सुंदरपहाड़ी एवं पंचायती राज के जनप्रतिनिधि आदि भी उपस्थित थे।

## एसडीओ ने पूजा स्थानों में जाकर मुआयना किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा एसडीओ ने नगर क्षेत्र के हर पूजा संस्थानों में घूम घूम कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। लोगों को क्रमबद्ध तरीके से दर्शन का निर्देश दिया। पूजा संस्थान सदस्यों को सुरक्षा और शांति केलिए निर्देश दिए गए। रौतरा,बड़ी दुर्गा मंदिर ,कारगिल चौक स्थित दुर्गा मंदिर में जाकर शांति व्यवस्था का अवलोकन किया। उनके साथ पुलिस बल के भी जवान साथ थे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 21 नवंबर को आयेंगी अपने गृह क्षेत्र बदामपहाड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 21 नवंबर को अपने गृह क्षेत्र बदामपहाड़ के दौरे पर आयेंगी। वे यहां चक्रधरपुर रेल मंडल के बदामपहाड़ और रायरंगपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किये जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगी।

इसके साथ ही बदामपहाड़ रेलवे स्टेशन से शुरू होने वाले दो नये साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन का उद्घाटन करेंगी। ये दोनों ट्रेन बादामपहाड़ से शालीमार और बादामपहाड़ से राउरकेला तक चलेगी। इसके साथ ही बादामपहाड़ से जमशेदपुर तक चलनेवाले एक मेमू ट्रेन का परिचालन का उद्घाटन भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों होगा। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय द्वारा तैयारी की जा रही है। दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम और चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम मंगलवार को तैयारियों का जायजा लेने बदामपहाड़ और रायरंगपुर का दौरा करेंगे।

**सुबह 09.25 बजे बदामपहाड़ पहुचेंगी राष्ट्रपति :** चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम गजराज सिंह चरण ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर अभी आधिकारिक रूप से जो सूचना मिली है, उसके अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 21 नवंबर को सुबह करीब 09.25 बजे बदामपहाड़ पहुचेंगी और तीन नये ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। इसके साथ ही बदामपहाड़ और रायरंगपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किये जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगी। कार्यक्रम में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव, ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, राज्यपाल रघुवर दास के अलावा अन्य एक-दो केंद्रीय मंत्रियों के शामिल होंगे।

# उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसा है चक्रधरपुर का महादेव नायक, परिजन है चिंतित

### चेलाबेड़ा गांव का रहने वाला है 22 वर्षीय महादेव नायक, गांव वाले कर रहे सलामती की कामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में दीपावली के दिन सुबह 4 बजे एक निमार्णाधीन टनल धंस जाने से करीब 40 मजदूर फंस गए। यह टनल ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनाई जा रही है। फंसे हुए मजदूरों में चक्रधरपुर के चेलाबेड़ा गांव का 22 वर्षीय महादेव नायक भी है। इसी प्रोजेक्ट में चेलाबेड़ा गांव के तीन और युवक चिंकी नायक, राम बारला और वेंकट नायक भी मजदूरी कर रहे हैं। महादेव नाइट शिफ्ट में ड्यूटी कर रहा था। जबकि चेलाबेड़ा के अन्य युवकों की दिन में ड्यूटी थी। महादेव के पिता घासीराम नायक बीएसएनएल के सेवानिवृत कर्मी हैं। जबकि मां सोनका नायक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। महादेव के बड़े भाई बोना नायक ने बताया कि रविवार की शाम करीब पांच बजे उसे वहां काम कर रहे गांव के युवकों से घटना की जानकारी मिली। सोमवार की सुबह उत्तराखंड के अधिकारियों ने बोनो को महादेव से वाकी टाकी से हुई बातचीत की रिकार्डिंग भेजी, जिसमें महादेव सकुशल होने एवं चिंता नहीं करने की बात कह रहा है। महादेव की रिकार्डिंग सुनने के बाद महादेव के स्वजनों ने राहत की सांस ली। हालांकि उनकी चिंता अब भी बनी हुई है। बड़े भाई बोनो नायक ने कहा कि जब तक वह सुरक्षित बाहर नहीं आ जाता तब तक चिंता बनी रहेगी। स्वजन एवं गांव वाले उसकी सलामती की कामना कर रहे हैं। महादेव के परिवार में मां-पिता के अलावा एक बड़ा भाई और तीन छोटी बहन है। सभी अविवाहित हैं। महादेव के बड़े भाई बोनो नायक ने बताया कि करीब दो साल से अधिक समय से महादेव समेत गांव के कई गांव मजदूरी करने उत्तराखंड गए थे। अन्य युवक दूसरे प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। जबकि महादेव के साथ गांव के चिंकी नायक, राम बारला और वेंकट नायक एक ही प्रोजेक्ट में कार्यरत हैं। बोनो नायक ने बताया कि करीब तीन महीने पहले महादेव गांव था। पिता के सेवानिवृत होने के बाद परिवार की स्थिति ठीक नहीं थी। मेहनती होने के कारण महादेव मजदूरी करने दूसरे प्रदेश में चला गया।



## जमीन विवाद में कई राउंड फायरिंग, बीच-बचाव करने में उपसरपंच को मारी गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोपालगंज।** पुरानी रंजिश के दौरान दो गुट्टों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। फायरिंग के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे उपसरपंच को गोली लगी है, जिन्हे भोरे रेफरल अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना भोरे थाना क्षेत्र के दिघवा गांव की है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। भोरे थाना की पुलिस के मुताबिक, उपसरपंच की जांघों में गोली लगी है, जिनकी स्थिति नॉर्मल है। जख्मी उपसरपंच का नाम मार्केण्डेय मिश्रा है। बताया जाता है कि भोरे थाना क्षेत्र के दिघवा गांव में नन्हकू मिश्रा और बिठुन मिश्रा के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था, जिसको लेकर आज शाम में एक बार फिर से मारपीट हो गई और दोनों पक्ष के बीच रायफल से गोली चलने लगी। कई राउंड गोली चलने से इलाके दहशत फैल गई। वहीं, सूचना मिलने पर दोनों पक्ष को समझाने पहुंचे उप सरपंच मार्केण्डेय मिश्रा को पैर में गोली लग गई, जिससे मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। आस-पास के लोग लोगों की मदद से इलाज के लिए आनन-फानन में भोरे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, घटना के बाद फायरिंग करनेवाले दोनों पक्ष के लोग फरार हो गए।

# दुष्कर्म के बाद आठ साल की मासूम की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय से शर्मसार करने वाली खबर आई है। यहां दरिंदों ने 8 साल की मासूम का रेप कर उसकी दर्दनाक हत्या कर दी। आरोपियों ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब बच्ची सुबह-सुबह केले के पत्ते काटने गई थी। आरोपी उसे घसीटकर कहीं और ले गए और फिर उसके साथ दरिंदगी की। इस हत्या के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया। घरवालों और अन्य लोगों ने मामले को लेकर जमकर हंगामा किया। बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में कोहराम मच गया है. घटना को लेकर बच्ची के मामा ने बताया कि मासूम बच्ची अपने ननिहाल में थी। 13 नवंबर को सुबह करीब साढ़े बजे वह केले का पत्ता काटने के लिए बागान गई थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी तो मैं उसे तलाश करने गया। काफी देर तक ढूंढने के बाद भी जब वह नहीं मिली तो मैं वापस घर आ गया। इसके बाद मेरी बहन यानी बच्ची की मां उसे तलाश करने बागान की तरफ गई। थोड़ी देर बाद वह भी लौट आई। इसके बाद परिवार के कुछ लोग एक साथ उसे ढूंढने गए तो थोड़ी दूर उसकी लाश मिली। उसे देखकर हमारे होश उड़ गए। युवती के मामा ने बताया कि मासूम बच्ची की निर्मम तरीके से गला दबाकर हत्या की गई। उसके चेहरे पर, गले में खून के दाग हैं। हमारी मासूम बच्ची के साथ पहले गलत किया उसके बाद उसकी जान ले ली। बच्ची की लाश देख घरवाले बेसुध हो गए। उन्होंने अन्य लोगों के साथ मिलकर हंगामा मचा दिया। वहीं, इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी चौंक गई। मुफस्सिल थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। टीम के साथ बेगूसराय के सदर डीएसपी अमित कुमार ने भी घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने वहां नाराज लोगों को समझाइश देकर शांत किया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। फोरेंसिक साइंस लैब की टीम को भी बुलाया गया है। मेडिकल टीम का गठन कर बच्ची का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। इस रेप के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## विधायक ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास

**कोडरमा।** विधायक डा. नीरा यादव सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड एक छोटकीबागी में 24 लाख 99 हजार 800 रुपये की लागत से बनने वाली नाली निर्माण योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जनहित के योजनाओं के क्रियान्वयन का सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा, उन्होंने कहा कि कोडरमा के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है, नाली निर्माण होने से स्थानीय लोगों को कई समस्याओं से निजात मिलेगा। मौके पर नगर पंचायत कर्मी गोपाल सिंह, रामदेव साव, संजीव यादव, राजेश यादव, दीपक सिंह, नवल किशोर सिंह, जयप्रकाश राम, दुर्गा साव, रविन्द्र यादव, चंदन सिंह आदि मौजूद थे।

## पेज 1 का शेष

### झारखंडी श्रमिकों की मदद...

टीम में जैप आइटी के सीइओ भुवनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद एवं ज्वाइंट लेबर कमिश्नर प्रदीप रॉबर्ट लकड़ा शामिल हैं। उन्हें मदद के साथ-साथ घटना स्थल पर भ्रमण कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है। सीएम हेमंत सोरेन ने सभी श्रमिकों की कुशलता की कामना की है।

### सीएम कल देंगे अबुआ आवास...

सूत्रों के अनुसार करोड़ों रुपये की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जायेगा। इसके अलावा करोड़ों रुपये की परिसंपत्ति वितरित की जायेगी। मौके पर अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी शुभारंभ होगा। करोड़ों की योजनाओं की सौगात दी जायेगी। झारखंड निर्यात नीति, झारखंड एमएसएमई नीति, झारखंड स्टार्टअप नीति और झारखंड आईटी डाटा और बीपीओ प्रमोशन नीति लॉन्च की जायेगी। इस अवसर पर रोजगार मेला-सह नियुक्ति पत्र वितरण, खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार राशि का वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुक छात्राओं के बीच डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया जायेगा। राज्य स्थापना दिवस पर अबुआ बीर दिशोम योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा कूप योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अन्य फ्लैगशिप योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभ दिया जाना है। इसके लिये मिले आवेदनों का निष्पादन हर हाल में होगा। गौरतलब है कि झारखंड अलग राज्य 15 नवंबर 2000 को हुआ था। 23 वर्ष के झारखंड में विकास की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी रही है। इसलिये, आम जनता हेमंत सरकार पर टकटकी लगा कर देख रही है।

# कोल्हान विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल को सौपा मांग पत्र

### कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा में कुलपति, प्रति कुलपति, कुल सचिव, वित्त अधिकारी एवं रजिस्टार की स्थाई नियुक्ति की रखी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** सांसद गीता कोड़ा ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल से भेंट कर कोल्हान विश्वविध्यालय में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग के समर्थन में पत्र सौंपा।

सांसद ने वर्तमान समय में बढ़ती शिक्षा गुणवंता कि जरूरतों को पूरा करने और छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा के क्षेत्र में विकसित कार्यक्रमों की मांग की एवं इस संबंध में सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के तहत स्थित कोल्हान विश्वविद्यालय के महत्वपूर्णता पर चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि कोल्हान विश्वविद्यालय के 54 डिग्री कॉलेज में 80000 विद्यार्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं कोल्हान विश्वविद्यालय में कुलपति, प्रति कुलपति, कुल सचिव, वित्त अधिकारी एवं रजिस्टर के पदों पर रिक्तियां के कारण छात्रों और कर्मचारियों को कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और नेतृत्व की आवश्यकता के लिए राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने निवेदन करते हुए संबंधित पदों पर नियुक्ति के लिए समर्थ उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करने की मांग रखी।



स्पीड न्यूज

### भारत एक दिसंबर को ब्राजील को सौंपेगा जी-20 बैटन

**नयी दिल्ली।** जी-20 के एक हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना की ओर से आयोजित जी-20 थिंक क्विज का समापन 23 दिसंबर को होगा। इसी दिन इंडिया गेट पर ग्रैंड फिनाले के साथ ही भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने का औपचारिक समापन होगा। इसके बाद एक दिसंबर को नयी दिल्ली के इंडिया गेट पर ब्राजील को जी-20 बैटन सौंप दी जायेगी।

### माकपा नेता वासुदेव आचार्य का निधन

**कोलकाता।** वरिष्ठ माकपा नेता एवं पूर्व सांसद वासुदेव आचार्य (81 वर्ष) का सोमवार की दोपहर निधन हो गया। वह लंबे समय से उम्रजनित रोगों से पीड़ित थे और पिछले कुछ दिनों से हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वासुदेव आचार्य पुरुलिया जिला अंतर्गत आद्रा के रहने वाले थे।

### नेपाल सरकार ने लगाया टिकटॉक पर प्रतिबंध

**काठमांडू।** नेपाल में चाइनीज एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोशल मीडिया में सबसे अधिक लोकप्रिय प्लेटफॉर्म टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के फैसले के साथ ही इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। सोमवार की सुबह प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी।

### आयकर का तेलंगाना के मंत्री के ठिकानों पर छापा

**हैदराबाद/नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को हैदराबाद में 15 ठिकानों पर छापेमारी की है। आयकर विभाग की टीम हैदराबाद में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने तेलंगाना की मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के रिश्तेदारों के यहां छापा मारा है।

### लाल चंदन उगाने वालों को मिलेगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली।** लाल चंदन उगाने वाले और व्यापार करने वालों को राहत मिलने के साथ अब बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में सीआइटीइएस की स्थायी समिति की बैठक में वन्यजीव और पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण के प्रयासों से भारत को महत्वपूर्ण व्यापार की समीक्षा से हटा दिया गया है। भारत 2004 से लाल चंदन के लिए महत्वपूर्ण व्यापार (आरएसटी) प्रक्रिया की समीक्षा के अधीन था। इसके तहत वैध तरीके से लाल चंदन के व्यापार को भी भारी समीक्षा से गुजरना पड़ता था।

### इमरान पर जेल में ही चलेगा मुकदमा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की कार्यवाहक संघीय कैबिनेट ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ जेल में मुकदमा चलाने को मंजूरी दे दी।

# खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी पर पहुंची

## अक्टूबर में चार माह के निचले स्तर आयी, सितंबर में 5.02 फीसदी थी



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। खाने-पीने का सामान सस्ता होने से अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर घटकर चार महीने के निचले स्तर 4.87 फीसदी पर आ गयी है। इससे पिछले महीने सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.02 फीसदी थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) पर आधारित खुदरा महंगाई 4.87 फीसदी रही। इससे पिछले महीने सितंबर में ये तीन महीने के निचले स्तर 5.02 फीसदी रही थी, जबकि जून में खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी दर्ज की गयी थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अक्टूबर महीने की समीक्षा बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति यानी महंगाई दर 5.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 6.7 फीसदी के मुकाबले कम है। सरकार ने आरबीआइ को खुदरा महंगाई दर दो फीसदी घट-बढ़ के साथ 4 फीसदी पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

### जीइएम पोर्टल से चालू वित्त वर्ष में अब तक खरीद दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीइएम) पोर्टल से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का आंकड़ा मील का पत्थर साबित हुआ है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीद बढ़ने से जीइएम पर खरीद दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गयी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया में लिखा है कि जीइएम के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के सिर्फ आठ महीने में ई-मार्केटप्लेस मंच से खरीद का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये रहा था। मंत्रालय के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष यह आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था, जबकि चालू वित्त वर्ष में यह आंकड़ा तीन लाख करोड़ रुपये के पार निकल सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए जीइएम पोर्टल को नौ अगस्त, 2016 को लांच किया गया था।

# झारखंड समेत पांच राज्यों की 39 कोयला खदानों की नीलामी 15 को

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कोयला मंत्रालय 15 नवंबर, 2023 को वाणिज्यिक कोयला खदानों के लिए 8वें दौर की नीलामी शुरू करने की तैयारी कर रहा है। यह कोयला क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण छलांग होगी, जो कोयले के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। आगामी नीलामी में पांच राज्यों की 39 खदानों की नीलामी होगी। इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की खदान शामिल हैं। इनमें सातवें दौर के दूसरे प्रयास के तहत 4 कोयला खदानों की नीलामी भी शामिल है। प्रधानमंत्री द्वारा वाणिज्यिक खनन की पहली सफल नीलामी 18 मई, 2020 को शुरू की गयी थी। तब से अब तक कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक कोयला खनन नीलामी के सात दौर आयोजित किये। इस दौरान 91 खदानों की नीलामी की गयी है, जिनकी अधिकतम क्षमता 221 मिलियन टन प्रति वर्ष है।

### 2030 तक 1577 मिलियन टन कोयला उत्पादन की योजना

**नयी दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2027 तक 1404 और वर्ष 2030 तक 1577 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने की योजना बनायी है। कोयला मंत्रालय ने एक जारी बयान में कहा है कि वर्तमान में कोयले का उत्पादन स्तर लगभग एक बिलियन टन प्रति वर्ष है। चालू वर्ष के लिए घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्र को लगभग 821 मीट्रिक टन कोयला आपूर्ति किया गया। बयान में कहा गया है कि 2030 तक देश में जोड़ी जाने वाली अतिरिक्त 80 गीगावॉट थर्मल क्षमता की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त 400 मीट्रिक टन कोयले की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। कोयला मंत्रालय ताप विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

### राकेश मिश्रा का छठ गीत 'पहिला छठ' रिलीज के साथ हुआ वायरल



**लोक आस्था** के महापर्व छठ को महज कुछ दिन बाकी है, लेकिन उससे पहले ही छठ पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। इसी बीच, भोजपुरी के स्टार राकेश मिश्रा का गाना पहिला छठ रिलीज हो गया है, जो अब वायरल भी हो रहा है। यह बेहद ही मधुर गीत है, जो छठ व्रतियों को खूब पसंद आने वाला है। इस छठ गीत में राकेश मिश्रा की सुरीली आवाज भक्ति के भाव को और भी पुख्ता करती नजर आ रही है। बिहार और यूपी में छठ पूजा को बड़े श्रद्धा भाव से मनाया जाता है, जिसमें भोजपुरी लोक संगीत की भी भूमिका अहम होती है। इसको देखते हुए राकेश मिश्रा ने अपना यह छठ गीत रिलीज कर दिया है, जो लोगों को बेहद भा रहा है। राकेश मिश्रा ने इस छठ गीत को लेकर कहा कि इसका थीम उन महिलाओं के लिए है, जो पहली बार छठ का व्रत कर रही हैं।

### विश्वभर में दिवाली की धूम, बाइडन ने दी बधाई

**वाशिंगटन/लंदन।** दीपों के पर्व दीपावली की रविवार को देश और दुनिया भर में में धूम रही। दीपावली त्योहार का जश्न पूरी दुनिया में लोग मना रहे हैं। इसी क्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका और दुनिया भर के लोगों को पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी है। वहीं, भारतीय मूल के गुगल के सीइओ सुंदर पिचाई ने भी दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी। बाइडन ने कहा कि कई पीढ़ियों से दक्षिण एशियाई अमेरिकियों ने दीवाली की परंपराओं को हमारे राष्ट्र के ताने-बाने में बुना है, जो अज्ञानता, घृणा और विभाजन के अंधकार पर ज्ञान, प्रेम और एकता के प्रकाश का संदेश देता है। कहा कि यह संदेश अमेरिका को पिछले कुछ सालों के दौरान मजबूत होकर उभरने में मदद की है।

# कैमरन ब्रिटेन के नये विदेश मंत्री और क्लेवरली गृह मंत्री होंगे



**लंदन (हि.स.)।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन अब नये विदेश मंत्री होंगे। गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को हटाये जाने के बाद मंत्रिमंडल में हुए ताजा फेरबदल में डेविड कैमरन अब विदेश मंत्री के रूप में अग्रिम पंक्ति की राजनीति में एक आश्चर्यजनक वापसी कर रहे हैं। सुएला ब्रेवरमैन की बर्खास्तगी के बाद जेम्स क्लेवरली को गृह मंत्री बनाया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसकी शुरुआत सोमवार की सुबह सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री के पद से बर्खास्त किये जाने के साथ हुई। कई दिनों से उन्हें बर्खास्त करने के लिए काफी दबाव बनाया गया था। आखिरकार प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त कर दिया। इसके बाद डाउनिंग स्ट्रीट ने जेम्स क्लेवरली को विदेश मंत्री से हटाकर गृह मंत्रालय में सुएला ब्रेवरमैन की जगह नियुक्त किये जाने की पुष्टि की है।

दरअसल, सुएला ब्रेवरमैन ने हमास-इजराइल युद्ध शुरू होने बाद लंदन में होने वाले प्रदर्शनों से सख्ती से नहीं निपटने का आरोप लगाते हुए मेट्रोपालिटन सिटी पुलिस पर निशाना साधा था। सुएला ब्रेवरमैन ने एक अखबार में लिखे लेख में कहा था कि फिलिस्तीन समर्थक भीड़ कानून तोड़ती रही और लंदन का पुलिस बल इसकी अनदेखी करता रहा। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम का आह्वान करने वाले प्रदर्शनकारियों को नफरत फैलाने वाला भी बताया था।

### जयशंकर ने कैमरन को दी नियुक्ति पर बधाई

**लंदन।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के नवनियुक्त विदेश मंत्री डेविड कैमरन से यहां सोमवार को मुलाकात की और उनसे द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर विस्तृत चर्चा की। जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आवास एवं कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' पर रविवार को सुनक के साथ चाय पर चर्चा की थी। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज दोपहर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन से उनके कार्यकाल के पहले दिन मुलाकात कर खुशी हुई। उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी। दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने कैमरन के साथ पश्चिम एशिया में स्थिति, रूस-यूक्रेन संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

### दिल्ली-एनसीआर की हवा में पटाखों ने घोला जहर

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में पांच दिन पहले गुरुवार को हुई बरसात से सुधरी हवा सोमवार की सुबह फिर और ज्यादा खराब हो गयी। दीपावली की खुशी में डूबे अधिसंख्य लोगों ने पटाखों पर लगे सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध की परवाह नहीं की। रात को पटाखे छुड़ाकर आसमान को धुआं-धुआं कर दम फुला दिया दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी हुई है। आज सुबह आनंद विहार में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 296, आरके पुरम में 290, पंजाबी बाग में 280 और आइटीओ में 263 रहा।

# बुढ़ापे में माता-पिता की देखभाल बच्चों की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी : हाइकोर्ट

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाइकोर्ट ने कहा कि बुजुर्ग माता-पिता के अंतिम दिनों में उनकी देखभाल की कानूनी, धार्मिक और नैतिक जिम्मेदारी बच्चों की है। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश पीबी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की खंडपीठ ने एक पिता के प्रति उनकी बेटी और दामाद के व्यवहार को देखते हुए, आदेश दिया कि माता-पिता द्वारा संपत्ति उपहार में देने पर यह देनदारी बढ़ जायेगी।

बेटी और दामाद ने पिता से उपहार के रूप में संपत्ति प्राप्त करने के बाद पिता के साथ मारपीट की और उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। साथ ही, हाइकोर्ट की डिवीजन बेंच ने तुमकुर जोन के माता-पिता कल्याण और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के तहत ट्रिब्यूनल के डिवीजनल अधिकारी के आदेश को बरकरार रखा। इस आदेश में पिता से उपहार विलेख के रूप में बेटी द्वारा संपत्ति के अधिग्रहण को अमान्य कर दिया था और उच्च न्यायालय की एकल सदस्यीय पीठ के फैसले ने इसे बरकरार रखा। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा कि माता-पिता की देखभाल करना बच्चों की जिम्मेदारी है, न कि कोई दान का मामला, बुढ़ापे में अपने माता-पिता की देखभाल करना बच्चों की कानूनी जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि हजारों वर्षों से इस देश के शास्त्र यही उपदेश देते आये हैं कि 'रक्षन्ति स्थविरे पुत्रः।' कोर्ट ने कहा कि इसका मतलब है कि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल करते हैं, जो अपने जीवन के आखिरी दिनों में हैं। वर्तमान मामले में बेटी ने उपहार के रूप में संपत्ति प्राप्त करने के बाद अपने माता-पिता की देखभाल नहीं की और उनके साथ मारपीट की। उन्हें घर से बाहर निकाल दिया, जो बहुत दर्दनाक है।

### दीपावली पर 3.75 लाख करोड़ का व्यापार : कैट

**नयी दिल्ली।** दीपावली के त्योहार पर देशभर के बाजारों में 3.75 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का रिकॉर्ड व्यापार हुआ है। इस वर्ष ग्राहकों ने भारतीय सामानों की जमकर खरीदारी की। मोदी सरकार की मुहिम 'वोकल फॉर लोकल' का असर इस फेस्टिव शॉपिंग पर दिखायी दे रहा है। इस बार चीन को दीपावली पर्व पर करीब एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार का बड़ा नुकसान हुआ है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में यह बात कही।

# 10 करोड़ से अधिक परिवारों को देंगे राम जन्मभूमि का निमंत्रण : आलोक

### राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बुलाया जायेगा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आह्वान पर अयोध्या में आगामी जनवरी में होने वाले राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त हम 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देंगे। अयोध्या में इस दिन हिंदुत्व की सभी छटाओं के लगभग 4000 प्रमुख संत, विहिप के प्रमुख पदाधिकारी और देश का वरिष्ठ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक नेतृत्व शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि हम भगवान राम के 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली मनाते हैं, किन्तु आगामी 22 जनवरी को तो वह दूसरी दीपावली होगी, जब राम 500 वर्षों के बाद भारत की स्वतंत्रता की अमृत वेला में अपने जन्म-स्थान पर लौटेंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि विश्व का समस्त हिंदू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रत्यक्ष शामिल हो। सब राम भक्तों को तो उसी दिन अयोध्या नहीं बुलाया जा सकता। इसलिए हमारा आह्वान है कि विश्व भर के हिंदू अपने शहर, गांव के मंदिर को ही अयोध्या मानकर वहां एकत्र हों। वहां की परंपरानुसार पूजा-पाठ, आराधना व अनुष्ठान करें।

विहिप कार्याध्यक्ष ने दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि गत पांच नवंबर को राम मंदिर में पूजित अक्षत (पीले चावल) कलश संगठन की दृष्टि से बने 45 प्रांतों में भेजे जा चुके हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास के आह्वान पर इस अक्षत निमंत्रण को लेकर विहिप के कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों से मिलकर एक जनवरी से 15 जनवरी के बीच देश के नगर ग्रामों में हिंदू परिवारों तक जायेंगे। ऐसा ही कार्यक्रम विदेशों में रहने वाले हिंदुओं के लिए भी आयोजित किया गया है। प्रत्येक परिवार को हम इस निमंत्रण के साथ भगवान और उनके मंदिर का पूजा में रखने लायक एक चित्र और अन्य आवश्यक जानकारियां भी देंगे। हमारा अभी तक का आंकलन है कि यह आयोजन विश्व भर में पांच लाख से अधिक मंदिरों में अवश्य होगा और करोड़ों-करोड़ हिंदू इसमें सहभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार हम समाज के पास कुछ मांगने नहीं जा रहे। इसलिए इस कार्य में जुटी टोलियां या कार्यकर्ता कोई भी भेंट, दान या अन्य सामग्री स्वीकार नहीं करेंगे।

## वैश्विक दबाव से लुढ़का घरेलू शेयर बाजार निवेशकों को 40 हजार करोड़ का नुकसान

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** दीपावली के अगले दिन ही वैश्विक दबाव से घरेलू शेयर बाजार गिरावट का शिकार हो गया। सोमवार को कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई। पहले घंटे के कारोबार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी की। इसके बाद बाजार पर बिकवाली का दबाव काफी अधिक हो गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार पूरे दिन संभल नहीं सका। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 325.58 अंक की कमजोरी के साथ 64,933.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर हुई लिवाली और बिकवाली के बाद निफ्टी ने 82 अंक की गिरावट के साथ 19,443.55 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आयी गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गयी।

## स्वामी प्रसाद ने अब मां लक्ष्मी को ले दिया विवादित बयान

### यूपी भाजपा के अध्यक्ष ने कहा, मानसिक रूप से दिवालिया हो गये मौर्य

**लखनऊ (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सनातन धर्म और भगवान श्रीराम के बाद अब माता लक्ष्मी को लेकर विवादित बयान दिया है। उनके इस बयान को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य मानसिक रूप से दिवालिया हो गये हैं।

सनातन धर्म पर अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चित रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने दीपावली के अवसर पर माता लक्ष्मी को लेकर सवाल खड़ा किया। सोशल मीडिया एक्स पर किए अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दुनिया में पैदा होने वाले सभी बच्चे, दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख के साथ पैदा होते हैं, तो मां लक्ष्मी के चार हाथ कैसे? पूर्व में भी स्वामी प्रसाद मौर्य सनातन धर्म पर कई विवादित बयान दे चुके हैं। उनके खिलाफ एफआइआर भी दर्ज हुई है। स्वामी प्रसाद के ताजा बयान पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि स्वामी प्रसाद मौर्य तो मानसिक रूप से दिवालिया हो गये हैं। वास्तव में उनके बयानों में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की ही सोच है।

# अमेरिका ने किये पूर्वी सीरिया में ईरान समर्थित समूहों के दो ठिकानों पर हवाई हमले



**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी सीरिया में ईरान समर्थित समूहों के दो स्थानों पर हवाई हमले किये। पेंटागन और अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इसमें एक ट्रेनिंग लोकेशन और एक हथियार सुविधा केंद्र शामिल है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गयी है।

अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि हमलों में अबुकामा और मायादीन के पास के ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनका इस्तेमाल ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के साथ-साथ ईरान समर्थित मिलिशिया ने किया था। ऑस्टिन ने कहा, राष्ट्रपति के पास अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा से बढ़कर कोई प्राथमिकता नहीं है और उन्होंने यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपनी, अपने कर्मियों और अपने हितों की हमेशा रक्षा करेगा। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इराक में इस्लामिक प्रतिरोध की छत्रछाया में सक्रिय आतंकवादी समूहों ने 17 अक्टूबर से अब तक इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के आवास केंद्रों पर लगभग 50 हमले किये हैं। इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों पर बढ़ते हमलों की संख्या के मद्देनजर अमेरिका ने आतंकवादियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है। यह हमला दो हफ्ते में तीसरी बार किया गया है।

### रूस की सीरिया के इदलिब में एयर स्ट्राइक, 34 मारे गये

**दमिश्क।** रूस के सुरक्षाबलों ने सीरिया के इदलिब गवर्नरेट में एयर स्ट्राइक की है। इस हमले में 34 लड़ाकों के मारे जाने और 60 से ज्यादा के घायल होने की सूचना है। मीडिया रिपोर्ट्स में रूस के रियर एडमिरल वादिम कुलित के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। रूस के रियर एडमिरल वादिम कुलित ने कहा है कि रूसी एयरोस्पेस फोर्सेस ने इदलिब प्रांत में सीरिया के सैनिकों के साथ गोलाबारी में शामिल अवैध सशस्त्र ग्रुप्स के ठिकानों पर हवाई हमले किये हैं। पिछले 24 घंटों में सात बार हमले किये गये। एक अन्य रिपोर्ट में सीरिया की सेना ने इदलिब और अलेप्पो प्रांतों में सरकार के कब्जे वाले क्षेत्रों पर हमलों के लिए विद्रोहियों को दोषी ठहराया है। विद्रोहियों के बारे में सीरिया कहता रहा है कि वे इस्लामी जिहादी हैं। सीरिया के विपक्षी नेताओं का कहना है कि मॉस्को और सीरियाई सरकार दोनों गाजा संघर्ष का फायदा उठाकर इदबिल में हमले तेज कर रहे हैं।

### गाजा में अल शिफा और अल कुद्स अस्पताल के आसपास घमासान

**तेल अवीव/यरुशलम।** गाजा में छिड़े युद्ध के 38वें दिन सोमवार को भी घमासान मचा हुआ है। इजराइल के सुरक्षाबलों ने फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के गढ़ों को ध्वस्त करते हुए उत्तरी गाजा के दो प्रमुख अस्पतालों अल शिफा और अल कुद्स के आसपास शिकंजा कस दिया है। इन अस्पतालों में हमास के आतंकवादी छुपे हुए हैं। साथ ही इनके नीचे हमास की अभेद्य समझी जाने वाली सुरंगें हैं। इनमें हमास ने हथियार और गोला बारूद का भंडारण किया है। इन अस्पतालों के आसपास इजराइल के सुरक्षाबलों से हमास के आतंकवादियों की रुक-रुक कर लड़ाई चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इजराइल सुरक्षाबलों ने हमास की कमर तोड़ने के लिए जोरदार बमबारी की है। इसके बाद अल शिफा और अल कुद्स अस्पताल रविवार को नये मरीजों के लिए बंद कर दिये गये।

### बाइडन की पोती की सुरक्षा में चूक, सीक्रेट सर्विस एजेंट ने की फायरिंग

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन की पोती की सुरक्षा कर रहे गुप्त सेवा एजेंटों ने रविवार की रात देश की राजधानी वाशिंगटन डीसी के जॉर्जटाउन में एक अज्ञात गुप्त सेवा वाहन को तोड़ने की कोशिश के बाद तीन लोगों पर फायरिंग की। यह जानकारी सोमवार को एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने दी। अधिकारी ने कहा कि नाओमी बाइडन की सुरक्षा के लिए नियुक्त एजेंट ने रविवार देर रात जॉर्जटाउन पड़ोस में उनके साथ थे, जब उन्होंने तीन लोगों को खड़ी और खाली पड़ी एसयूवी की खिड़की को तोड़ते देखा। सीक्रेट सर्विस के एक एजेंट ने एक बयान में कहा कि एजेंटों में से एक ने गोलियां चलायीं, लेकिन इसकी चपेट में कोई नहीं आया। तीन लोगों को एक लाल कार में भागते देखा गया था। सीक्रेट सर्विस ने कहा कि उसने मेट्रोपॉलिटन पुलिस को उसे तलाश करने को कहा है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !